सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 29 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 175, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

कंपनियों की पूंजी 88678 करोड़ रुपये बढ़ी

शेयर बाजार में सीमित बढ़त के बीच शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 88,678.10 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। } 10

मेड इन इंडिया सिर्फ लेबल नहीं, गुणवत्ता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि मेड इन इंडिया केवल किसी उत्पाद पर अंकित लेबल नहीं, बल्कि यह गुणवत्ता के प्रति भारत की प्रतिष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। } 10

पीएम मोदी को मिला सेशेल्स का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

यह किसी विदेशी राष्ट्र से उन्हें मिला 34वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है

एजेंसी

विक्टोरिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और लघु द्वीपीय विकासशील देशों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में उनके योगदान के लिए रविवार को सेशेल्स ने गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन की मानद उपाधि से सम्मानित किया। यह किसी विदेशी राष्ट्र से उन्हें मिला 34वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने यहां मोदी को यह सम्मान प्रदान किया।

सेशेल्स की ओर से दिया जाने वाला यह अपनी तरह का पहला सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मान के लिए सेशेल्स का धन्यवाद किया और इसे उन देशों को समर्पित किया जो जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मान प्राप्त करने के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन सम्मान से सम्मानित करने के लिए सेशेल्स की जनता, सरकार और राष्ट्रपति हर्मिनी का हृदय से आभारी हूं। उन्होंने कहा, मैं विनम्रतापूर्वक इस सम्मान को स्वीकार करता हूं और इसे उन सभी देशों को समर्पित करता हूं जो जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना कर रहे हैं तथा पर्यावरण संरक्षण को आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी मानते हैं। यह एक गंभीर चुनौती है, ...शेष पृष्ठ 10 पर

समुद्र से आकाश तक भारत बन रहा लगातार आत्मनिर्भर : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में निर्मित सी-295 विमान की पहली उड़ान और सतह पर हमला करने वाली लंबी दूरी की स्वदेशी क्रूज मिसाइल (एलआरएलएसीएम) के सफल परीक्षण का उल्लेख करते हुए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में देश की कई उपलब्धियों को रविवार को रेखांकित किया। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि देश ने जून में विमानन क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि सी-295 विमान भारत में बनाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, ऐसे 40 विमान यहीं भारत में बनाए जा रहे हैं और इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तथा वैमानिकी क्षेत्र को नयी मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। भारत में निर्मित पहले सी-295 सैन्य परिवहन विमान ने 10 जून को सफलतापूर्वक अपनी पहली उड़ान पूरी की थी। भारतीय वायुसेना लगभग 21,935 करोड़ रुपये की लागत से 56 सी-295 परिवहन विमान खरीद रही है। इनमें से 40 विमानों को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड द्वारा एयरबस के ...शेष पृष्ठ 10 पर

मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

जुलाई नवीन माह का आरंभ ही नहीं, अपितु लाखों बच्चों के सपनों को विद्यालय तक पहुंचाने के नए संकल्प का समय है। **उत्तर प्रदेश में 01 जुलाई से 'स्कूल चलो अभियान' का दूसरा चरण शुरू हो रहा है।** 15 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य कक्षा 1 से 12वीं तक शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना, ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ना तथा नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश अभियान को गति देना है।

जीवन की सबसे अनमोल संपत्ति की जब भी चर्चा होती है, तो मानस पटल पर केवल विद्या का नाम आता है। ज्ञान के पंख ही बच्चों को आकाश की ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। विद्यालय वह पवित्र स्थान है, जहां से छात्र-छात्राओं के ज्ञान, संस्कार और जीवन-धर्म के साथ ही चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण की यात्रा आरंभ होती है। **यही सनातन परंपरा भी है।** प्राचीन गुरुकुलों में विद्यार्थी गुरु के सान्निध्य में रहकर वेद, उपनिषद, शास्त्र, विज्ञान, शिल्प, धनुर्वेद, कृषि, नीति और जीवन-मूल्यों के सांचे में ढलते थे। आज के विद्यालय उसी गुरुकुल परंपरा के आधुनिक स्वरूप हैं, जहां पुस्तकीय और प्रायोगिक ज्ञान के साथ-साथ अनुशासन और राष्ट्रनिर्माण की भावना का विकास होता है।

जब कोई बच्चा पहली बार विद्यालय की चौखट पार करता है, तब उसके साथ पूरा परिवार, गांव और समाज आगे बढ़ता है। प्रत्येक बेटी एवं बेटे की शिक्षा और भविष्य तथा हर परिवार की प्रगति का सर्वाधिक सशक्त आधार विद्यालय ही है। हमारी सरकार ने इसी मंशा से **'प्रोजेक्ट अलंकार'** शुरू किया था, जिसके अंतर्गत प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है तथा आधारभूत संरचना के उन्नयन के साथ ही गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया गया है। **शिक्षा का प्रकाश पूरे प्रदेश को आलोकित करे, इसलिए हमारी सरकार 'ऑपरेशन कायाकल्प', 'मिशन प्रेरणा', 'कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना' एवं 'मिशन निपुण' जैसे अभियान चला रही है,** ताकि हर स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़े। स्वस्थ मस्तिष्क के लिए स्वस्थ शरीर की आवश्यकता होती है। इसलिए स्कूलों में विविधतापूर्ण गर्म पका-पकाया रुचिकर भोजन की व्यवस्था की गई है।

प्रिय गुरुजनों, कुछ बातें मैं आपसे भी करना चाहता हूं। आप सुनिश्चित करें कि बच्चे स्कूल को दैनिक रूटीन का हिस्सा मात्र न समझें, बल्कि विद्यालय जाने में रुचि दिखाएं। खेल-कूद आदि गतिविधियां इसके लिए बेहतर माध्यम हो सकती हैं।

अभिभावक अपने बच्चों का मूल्यांकन उनके नंबरों से नहीं, बल्कि उनके हौसले और लगन से करें। स्कूलों में उनकी नियमित उपस्थिति आपको ही सुनिश्चित करनी होगी। 3 से 6 वर्ष के बच्चों को **'बाल वाटिका'** भेज सकते हैं।

प्रदेशवासियों, 'स्कूल चलो अभियान' को केवल सरकारी कार्यक्रम न रहने दें। इसे जनांदोलन बनाएं। यदि हमारे आसपास कोई ऐसा बच्चा हो, जो अभी तक विद्यालय नहीं पहुंच पाया, उसे स्कूल तक पहुंचाना भी हमारा कर्तव्य है। उत्तर प्रदेश का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा, जब प्रत्येक बच्चा शिक्षा से अभिसिंचित होगा। **विद्या सर्वत्र पूज्यते।**



आपका
योगी आदित्यनाथ

सा विद्या या विमुक्तये

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

संक्षेप

लखनऊ में तैनात सिपाही बर्खास्त

लखनऊ। लखनऊ पुलिस आयुक्तालय (कमिश्नरेट) में तैनात एक पुलिस आरक्षी को सोशल मीडिया मंच के दुरुपयोग, विभागीय अनुशासनहीनता और नियमों का लगातार उल्लंघन करने का दोषी पाए जाने पर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई विभागीय जांच के बाद की गई है। लखनऊ के पुलिस आयुक्त की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि दोषी पाए जाने पर आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। बयान के मुताबिक सात मई को गठित जांच समिति ने प्रकरण की निष्पक्ष जांच करके संबंधित पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए ...शेष पृष्ठ 10 पर

फ्रांस में बड़ा विमान हादसा, 11 की मौत

नैंसी (फ्रांस)। उत्तर-पूर्वी फ्रांस में रविवार को स्काइडाइविंग में इस्तेमाल होने वाला एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे इसमें सवार सभी 11 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। मर्थ-ए-मोसेल क्षेत्र के अधिकारी यवेस सेगुई ने दुर्घटनास्थल के पास पत्रकारों को बताया कि विमान स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 11 बजे नैंसी शहर के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

सऊदी में हेलीकॉप्टर हादसा, 14 की मौत

दुबई। सऊदी अरब में रविवार को एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यह हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह करीब छह बजे हुआ और मारे गए सभी लोग सऊदी नागरिक थे। दुर्घटना की वजह के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी गई। यह हेलीकॉप्टर दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको का थ। इस कंपनी में अधिकांश हिस्सेदारी सऊदी अरब की है।

मोहर्रम पर कोई दंगा नहीं : योगी

अयोध्या पर बोलने से पहले अपना इतिहास देखें अखिलेश

विशेष संवाददाता

हाथरस। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर कड़ा प्रहार किया है। सीएम ने कहा कि अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात करने वालों को पहले अपना इतिहास देखना चाहिए। जिस समाजवादी पार्टी की सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, राम जन्मभूमि आंदोलन का विरोध किया, कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजनों पर रोक लगाई और कांवड़ यात्रा तक प्रतिबंधित कर दी, वह आज अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हाथरस, सिकंदराराऊ व सादाबाद विधानसभा क्षेत्र में 548 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 143 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। वहीं लाभार्थियों को आवास की चाभी, स्मार्ट फोन, युवा उद्यमी योजना के तहत चेक वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉल के पास एक नन्ही बच्ची को चम्मच से दूध पिलाया, गोद में लेकर दुलार किया। सीएम योगी ने कहा अखिलेश यादव का बयान पढ़कर आश्चर्य हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार बनने पर अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, अरे, आप क्या धार्मिक नगरी बनाएंगे। पहले अपना इतिहास देखिए। आपकी ही समाजवादी पार्टी की सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलाई थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज अयोध्या त्रेता युग की स्मृतियों को साकार करती दिखाई दे रही है। रामभक्तों के परिश्रम और पुरुषार्थ ...शेष पृष्ठ 10 पर

फायर एनओसी की समय पूर्व जारी करें नोटिस

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अग्नि सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी मेडिकल कॉलेजों, चिकित्सा संस्थानों, जिला स्तरीय महिला एवं पुरुष चिकित्सालयों तथा होटलों में फायर एनओसी की स्थिति का तत्काल सत्यापन कराया जाए। जिन संस्थानों की फायर एनओसी की वैधता समाप्त होने वाली है अथवा जिनके पास अब तक वैध फायर एनओसी उपलब्ध नहीं है, उन्हें तत्काल नोटिस जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। सभी जिलाधिकारी अपने-अपने जनपद में संबंधित विभागों के साथ बैठक कर फायर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन ...शेष पृष्ठ 10 पर

चढ़ावा चोरी के 8 आरोपियों के घर छापा

अयोध्या (उप्र)। अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन के मामले में गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों के आवासों पर रविवार को पुलिस ने एक साथ छापेमारी की। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई मामले की जांच के सिलसिले में की गई। उन्होंने बताया कि स्थानीय मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस दलों ने लव कुश मिश्रा, अविनाश शुक्ला और रामाशंकर यादव समेत सभी आरोपियों के घरों की तलाशी ली। सूत्रों के मुताबिक, तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी मनीष यादव के घर से आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज बरामद किए। इसके लिए पुलिस ने उसके परिजनों से बंद मकान खुलवाया। अन्य आरोपियों के घरों की भी तलाशी ली गई, ...शेष पृष्ठ 10 पर

रुड़की में युवाओं से रूबरू हुए धामी

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुड़की में आयोजित 'युवा शक्ति संवाद' कार्यक्रम में युवाओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि उत्तराखंड का भविष्य युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और संकल्प से तय होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक युवा को ऐसा वातावरण उपलब्ध कराना है, जहां उसकी प्रतिभा को उचित अवसर मिले और वह अपने सपनों को साकार कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्टार्टअप, कौशल विकास, डिजिटल इंडिया और नवाचार आधारित अनेक योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की गई हैं। इन पहलों से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे केवल नौकरी तलाशने ...शेष पृष्ठ 10 पर

सड़क निर्माण में लापरवाही पर नपेंगे इंजीनियर, ठेकेदार

आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आगरा मंडल में हो रहे विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था और लोक निर्माण विभाग की प्रस्तावित कार्ययोजना की गहन समीक्षा की। मंडलायुक्त सभागार में आयोजित इस उच्च स्तरीय बैठक में सीएम ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी बर्दाशत नहीं की जाएगी। इन कार्यों की गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। निर्देश दिया कि ग्रामीण रास्तों पर भारी वाहनों के चलने पर तुरंत रोक लगाई जाए। इन सड़कों को क्षति पहंचाने वाले वाहनों के मालिकों से हजार्ना वसूला जाए।

दर्ज होगी एफआई आर

उन्होंने कहा कि आगरा अब एक मेट्रो शहर है, इसलिए यहां पानी, सड़क, सीवर और सौंदर्यीकरण जैसी मूलभूत सुविधाएं उसी स्तर की होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन, अमृत योजना, सीवर लाइन या अन्य किसी भी प्रोजेक्ट के लिए सड़कों की खुदाई के बाद उसके पुनर्निर्माण कार्य पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क और अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। यदि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कमी पाई जाती है, तो संबंधित कार्यदायी संस्था के इंजीनियर और ठेकेदार की सीधे जवाबदेही तय की जाएगी। ऐसे लोगों पर एफआईआर दर्ज कराकर उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की जाए। बैठक में लोक निर्माण विभाग की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। आगरा मंडल के सभी जनप्रतिनिधियों से मिले प्रस्तावों को 'ई-विश्वकर्मा-2.0' पोर्टल पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

विराज सागर दास ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, बैडमिन्टन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, उ.प्र. बैडमिन्टन एसोसिएशन के अध्यक्ष व यूपी ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने लखनऊ के कैंट स्थित सदर बाजार में संजय कुमार वैश्य के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रसारित मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर भाजपा की कैंट मंडल–4 की अध्यक्षा श्रीमती रूपा देवी व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

विशेष खबर लू से विद्यार्थियों की सुरक्षा में अहम भूमिका निभायेंगे अध्यापक, बच्चों को बतायेंगे हीटवेव के लक्षण

भीषण गर्मी में बच्चों के लिए सरकार ने जारी की एडवाइजरी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग ने भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों में विद्यार्थियों को गर्मी से संबंधित बीमारियों से बचाव और उनके प्रति जागरूक करने के लिए एक विस्तृत दिग्दर्शिका जारी की है।

बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा के निर्देश पर तैयार इस दिग्दर्शिका का उद्देश्य शिक्षकों को लू लगने के लक्षणों की पहचान, लू से बचाव, प्राथमिक उपचार तथा विद्यार्थियों की प्रभावी सुरक्षा के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और व्यावहारिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि दिग्दर्शिका में स्पष्ट किया गया है कि भीषण गर्मी और लू से विद्यार्थियों की सुरक्षा में शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके तहत शिक्षक प्रार्थना सभा, कक्षा शिक्षण, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और विद्यालय की दैनिक दिनचर्या के माध्यम से विद्यार्थियों को भीषण गर्मी और लू से बचाव के उपायों की जानकारी देंगे। दिग्दर्शिका के अनुसार, शिक्षकों को बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, तेज धूप से बचने, हल्के और सूती कपड़े पहनने, पानी से भरपूर फलों का सेवन करने तथा लू लगने के शुरुआती लक्षणों की पहचान के प्रति जागरूक करना होगा। साथ ही विद्यार्थियों को यह भी सिखाया जाएगा कि यदि किसी सहपाठी की तबीयत बिगड़ती है तो वे तुरंत शिक्षक को इसकी सूचना दें। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने सभी विद्यालयों में हीट एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं जिसके लिए प्रत्येक विद्यालय में एक स्वास्थ्य नोडल शिक्षक नामित किया जाएगा और संबंधित गतिविधियों का समन्वय करेगा। इसके अलावा शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे तथा विद्यालय परिसर में प्रमुख स्थानों पर भीषण गर्मी से बचाव संबंधी संदेश और आपातकालीन संपर्क नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे। दिग्दर्शिका के अनुसार, प्रत्येक विद्यालय में प्राथमिक उपचार किट, ओआरएस, डिजिटल थर्मामीटर तथा 108 एंबुलेंस सहित आवश्यक चिकित्सा संपर्क व्यवस्था उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि प्रार्थना सभा, खेलकूद, शारीरिक शिक्षा और अन्य बाहरी गतिविधियां सुबह 10 बजे से पहले आयोजित की जाएं। वहीं, गर्मी के ऑरेंज या ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

पहले दंगे व कर्फ्यू की पहचान था यूपी : सीएम

अब विकास से वंचित नहीं रहेगा हाथरस, तेजी से विकसित हो रहा औद्योगिक क्षेत्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/ हाथरस। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हाथरस में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज वही समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ खड़ी होकर मुलायम सिंह यादव की विरासत का भी अपमान कर रही है। कांग्रेस ने बाबा साहब आंबेडकर के सपनों को तोड़ने का काम किया और समाजवादी पार्टी उसी कांग्रेस के साथ खड़ी होकर उसके पापों में भागीदार बन रही है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने हमेशा वही काम किए जो समाज और राष्ट्रहित के प्रतिकूल रहे। उन्होंने जनता से ऐसे दलों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि प्रदेश का विकास, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और आस्था के केंद्रों का सम्मान केवल डबल इंजन सरकार में ही संभव हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास केवल वहीं संभव है, जहां सुरक्षा और कानून व्यवस्था का मजबूत वातावरण हो। तीनों विधानसभा क्षेत्रों को लगभग 548 करोड़ रुपये की परियोजनाएं उपहार स्वरूप मिली हैं, जिसके लिए सभी क्षेत्रवासियों को बधाई देता हूं। सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही विकास की आशा और आकांक्षाएं पूरी होती हैं। जहां दंगे, उपद्रव और बार-बार कर्फ्यू लगता हो, वहां विकास और उज्ज्वल भविष्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की यही स्थिति थी। कौन-सा ऐसा जिला था, जहां दंगे नहीं हुए। मथुरा के जवाहरबाग की घटना, कोसीकलां के दंगे, मेरठ, अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर के दंगे प्रदेश की पहचान बन गए थे। हर दूसरे-तीसरे महीने कर्फ्यू लगता था, व्यापार ठप हो जाता था, नौजवानों को रोजगार से हाथ धोना पड़ता था और प्रदेश की छवि पूरे देश में खराब होती थी। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। अब उत्तर प्रदेश में न दंगे होते हैं, न कर्फ्यू लगता है और न ही गुंडागर्दी बर्दाश्त की जाती है।

मोहर्रम के दौरान प्रदेशभर में करीब 12 हजार जुलूस निकले, लेकिन कहीं भी दंगा, उपद्रव या कर्फ्यू जैसी स्थिति नहीं बनी। उन्होंने कहा कि पहले मोहर्रम के दौरान तलवारबाजी होती थी, ताजिए के नाम पर गरीबों की झोपड़ियां और छज्जे हटवा दिए जाते थे तथा हाईटेंशन लाइनें तक हटानी पड़ती थीं। सरकार ने व्यवस्था बनाई कि ताजियों की ऊंचाई सीमित रखी जाए, ताकि किसी गरीब का नुकसान न हो और कोई हादसा भी न हो। इसका सकारात्मक परिणाम पूरे प्रदेश ने देखा। जब कानून व्यवस्था मजबूत होती है, तभी विकास की गति तेज होती है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगी विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र को नई पहचान दिलाने का काम किया जा रहा है। हाथरस अब विकास से वंचित नहीं रहेगा। यहां औद्योगिक क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। मथुरा-बरेली फोरलेन से जुड़ने के कारण निवेश बढ़ रहा है और उद्योग स्थापित हो रहे हैं, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

सीएम योगी ने कहा कि हाथरस के आलू उत्पादक किसानों को भी बड़ी राहत मिलने वाली है। यहां प्रोसेसिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे किसानों को कोल्ड स्टोरेज पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और उनकी लागत कम होगी। किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। इसी दिशा में कोसी (मथुरा) में भी प्रोसेसिंग सेंटर स्थापित किया गया है, जबकि आगरा में इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर तथा वाराणसी में इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना को मंजूरी दी गई है। इससे किसानों को अच्छी गुणवत्ता के बीज उपलब्ध होंगे और कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लिए काम कर रही है। योजनाओं का लाभ जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के आधार पर नहीं, बल्कि पात्रता के आधार पर दिया जा रहा है। गरीबों को मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर, हर घर शौचालय और उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। इतना ही नहीं, होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर भी दिए जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि अच्छी सरकारें विकास के साथ गरीबों का कल्याण, युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सम्मान और व्यापारियों को सुरक्षा देती हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए भी सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। एक वोट का निर्णय प्रदेश का भविष्य बदल सकता है। जब जनता कमल का बटन दबाकर भाजपा और एनडीए के प्रत्याशियों को जिताती है तो बदले में व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बेटियों की सुरक्षा मजबूत होती है और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। आज उत्तर प्रदेश का नौजवान जब दूसरे राज्यों में जाता है तो उसे अपनी पहचान छिपानी नहीं पड़ती। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश के युवा अपनी पहचान बताने से बचते थे, क्योंकि पिछली सरकारों ने प्रदेश की छवि खराब कर दी थी। हर जिले में माफियाओं का कब्जा था। वे गरीबों का शोषण करते थे, सरकारी जमीनों पर कब्जा करते थे, विकास योजनाओं का पैसा हड़प लेते थे और व्यापारियों, किसानों तथा बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने रहते थे।

डबल इंजन सरकार ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त, दंगा मुक्त, कर्फ्यू मुक्त और उपद्रव मुक्त प्रदेश के रूप में देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

यूपी में रोजगार और आजीविका को नयी गति देगी वीबी-जी राम जी योजना : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

- **उत्तर प्रदेश में 1 जुलाई 2026 से शुरू होगी वी.बी.जी. राम जी योजना**
- **2 जुलाई को राज्यभर में जन सम्मेलन एवं 10,000 कार्यों का होगा शुभारंभ**

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम मे ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के स्थान पर वी.बी.जी. राम जी (विकसित भारत - रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन - ग्रामीण) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारी पूरी कर ली है। योजना 1 जुलाई 2026 से पूरे देश सहित उत्तर प्रदेश में भी लागू हो जाएगी। श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन मे ग्राम्य विकास विभाग की ओर से सभी जनपद, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा से संबंधित साइन बोर्ड, सूचनापट्टिकाओं आदि को अपडेट कर विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना, उत्तर प्रदेश नाम अंकित करने के निर्देश दे दिये हैं।

2 जुलाई को राज्यव्यापी जन सम्मेलन लॉन्च इवेंट कार्यक्रम निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरूप होगा। 2 जुलाई को तिरुपति, आंध्र प्रदेश में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्तर पर योजना का शुभारंभ होगा। इसके अनुरूप उत्तर प्रदेश में भी प्रत्येक विकास खण्ड की 02 ग्राम पंचायतों में जन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जन सम्मेलन में योजना के अंतर्गत कार्यों का शुभारंभ करना, निर्वाचित जन प्रतिनिधियों, श्रमिकों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं स्थानीय समुदाय के साथ जन सम्मेलन आयोजित होगा। प्रस्तावित कार्यों एवं विकसित ग्राम पंचायत योजना का प्रदर्शन किया जाएगा। विकसित भारत- जी राम जी योजना की मुख्य विशेषताओं, लाभों एवं 125 दिनों के रोजगार गारंटी पर प्रचार सामग्री (पोस्टर, बैनर, स्टैंडी) का प्रदर्शन करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रदेश में कुल 10,000 कार्य 2 जुलाई को शुरू किए जाएंगे। सर्वाधिक कार्य शुरू करने वाले जनपदों में आजमगढ़ (342), जौनपुर (337), गाजीपुर (326), सीतापुर (319) आदि शामिल हैं।

नियमित ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं, स्पेशल ट्रेनों में सीटें खाली

विशेष संवाददाता (vol)

- **यात्री बोले की अपनी सीट तक पहुंचना हुआ मुश्किल**

लखनऊ। गर्मियों की छुट्टियां खत्म हो गईं। अब परिवार लेकर काम पर लौटने वालों को ट्रेनों में सीट के लिए जंग लड़नी पड़ रही है। आरक्षण कराने के बावजूद लोगों को अपनी सीट तक पहुंचने के लिए मारामारी करनी पड़ रही है। दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस की एस-4 बोगी में यात्रा कर रहे एमडी दानिश रजा ने भीड़ के कारण हो रही परेशानियों कोर एक्स पर रेलवे से बयां किया है।

बताया कि बोगी में क्षमता से तीन गुना अधिक भरे यात्रियों के कारणअपनी सीट तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। इसी ट्रेन के एस-1 के यात्री प्रदीप सिंह ने भी भीड़ के कारण सीट से हिल नहीं पाने तक की बात कही। ऐसी भीड़ के कारण बच्चों और महिलाओं सहित बुजुर्गों को भी परेशानी हो रही। शौचालय तक जाना मुश्किल हो रहा। बिहार संपर्क क्रांति के यात्री अजय ठाकुर ने एक्स पर बताया कि पेंट्री वालों ने गैलरी और शौचालय ब्लाक कर रखा है। यात्री कान्हा ने बिहार से दिल्ली जा रही ट्रेन की थर्ड एसी कोच बी-4 में भी कुछ ऐसे ही हालात की बात कही। गर्मी की छुट्टियां बिता कर लौट रही भीड़ से नियमित ट्रेनों में ही सीटों को लेकर मारामारी हो रही है। भीड़ को देखते हुए चलाई गई समर स्पेशल ट्रेनों में सीटें खाली चल रही हैं लेकिन अत्याधिक विलंब से चल रही इन ट्रेनों में लोग आरक्षण कराने से बच रहे। रेलवे के अनुसार 05101 गोरखपुर-नई दिल्ली स्पेशल, 05301 मऊ-अम्बाला कैंट, 04315 गोरखपुर-योग नगरी ऋषिकेश, छपरा-पठानकोट, 05057 गोरखपुर-दिल्ली, 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में जुलाई में कुछ कुछ सीटें खाली हैं।

पंचायत योजनाओं में न हो देरी : राजभर

लखनऊ। पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने रविवार को पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को बरसात से पहले सभी खराब हैंडपंपों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अमृत सरोवर, जल जीवन मिशन, डिजिटल लाइब्रेरी, स्वच्छता अभियान और अन्य पंचायत योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने पर जोर दिया। मंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों, ग्रामीण सड़कों की मरम्मत, सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता, हैंडपंपों की जियो-टैगिंग, परिवार रजिस्टर के डिजिटलीकरण तथा ग्राम सचिवालयों में आधार सेवा केंद्र स्थापित करने की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए।

50 गांवों को जोड़कर विकसित होगा हाईटेक हाथरस अर्बन सेंटर

औद्योगिक मैन्युफैक्क्ररिंग हब बनेगा, 'मास्टर प्लान 2041' पर काम शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

- **10 हजार एकड़ में बसेगा हाईटेक शहर, नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से भी होगा कनेक्ट**
- **'हींग और गुलाल' समेत स्थानीय एमएसएमई उद्योगों को मिलेगा वैश्विक मंच**

ग्रेटर नोएडा/हाथरस। योगी सरकार में उत्तर प्रदेश के एक और जिले व उसके कई गांवों को हाईटेक शहर बनाने की तैयारी चल रही है। यह जल्द ही इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्क्ररिंग हब बनने के साथ लाखों रोजगार पैदा करने वाला डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की गति को और तेज करते हुए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने एक बेहद महत्वाकांक्षी ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। यमुना एक्सप्रेसवे के फेज-2 विकास के तहत 'महायोजना/मास्टर प्लान 2041' के अंतर्गत 'हाथरस अर्बन सेंटर' को एक हाई-टेक औद्योगिक और आवासीय सैटेलाइट टाउन के रूप में डिजाइन किया जा रहा है।

यीडा की ओर से विकसित किए जा रहे चार मुख्य अर्बन नोड्स (अलीगढ़, मथुरा, आगरा और हाथरस) में से हाथरस को विशेष तौर पर एक प्रमुख इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्क्ररिंग हब के रूप में चुना गया है। इस मेगा प्रोजेक्ट के लिए हाथरस और सासनी तहसील के कुल 50 से अधिक गांवों को अधिसूचित किया गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 4 हजार हेक्टेयर (करीब 10 हजार एकड़) होगा। इस अत्याधुनिक शहर के नियोजन के लिए कंसल्टेंट कंपनी 'आरवी इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स लिमिटेड' को नियुक्त किया गया है, जो जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) तकनीक पर आधारित नक्शे से इसका सुनियोजित विकास सुनिश्चित कर रही है। मास्टर प्लान 2041 के तहत इस अर्बन सेंटर को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है। पहला औद्योगिक जोन, इस विशाल भूभाग का मुख्य ध्यान फैक्ट्रियों और भारी विनिर्माण इकाइयों पर केंद्रित होगा।

दूसरा आवासीय क्षेत्र, यहां काम करने वाले लोगों के लिए आधुनिक सोसाइटी, फ्लैट्स और किफायती आवास विकसित किए जाएंगे। तीसरा कमर्शियल और लॉजिस्टिक्स हब जो व्यापारिक गतिविधियों के लिए मॉल, कमर्शियल टावर, होटल्स और विशाल वेयरहाउस के लिए विशेष स्थान आरक्षित हैं। चौथा ग्रीन बेल्ट, जहां पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए कुल योजना क्षेत्र का 15 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पूरी तहत हरित और खुले क्षेत्र के रूप में संरक्षित रहेगा। प्रस्तावित हाथरस अर्बन सेंटर की भौगोलिक स्थिति इसकी सबसे बड़ी ताकत है। यह नया शहर सीधे नोएडा (जेवर) अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के कैचमेंट एरिया में आता है, जिसके लिए यीडा एक एक्सप्रेस-रोड नेटवर्क विकसित कर रहा है। इसके साथ ही यह क्षेत्र यमुना एक्सप्रेसवे के काफी करीब है और नेशनल हाईवे-93 (आगरा-अलीगढ़), बरेली-मथुरा हाईवे तथा स्टेट हाईवे-33 से बेहतर रूप से जुड़ा हुआ है। इसे आगरा के एक 'सैटेलाइट टाउन' के रूप में देखा जा रहा है, जिससे ताजनगरी का औद्योगिक दबाव भी कम होगा।

हाथरस में वर्तमान में सक्रिय 10 हजार से अधिक पंजीकृत एमएसएमई इकाइयों को इस सेंटर में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान किया जाएगा। एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओडी) के तहत हाथरस की विश्वप्रसिद्ध हींग और गुलाल उद्योग को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पैकेजिंग और एक्सपोर्ट हब की सुविधाएं मिलेंगी। वहीं कृषि और फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र को भी फायदा होगा, जिसके तहत ब्रज क्षेत्र की कृषि प्रधानता को देखते हुए यहां बड़े कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स और डेयरी प्लांट्स को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही रेडीमेड गारमेंट्स (होजरी), ग्लास बीड्स (कांच के मोती), पीतल के आभूषण (पायल), मशीन टूल्स और इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों के लिए विशेष ब्लॉक बनाए जाएंगे। अगले चरण में एडवांस्ड मैन्युफैक्क्ररिंग जैसे मेडिकल-सर्जिकल उपकरण और पावर ग्रिड मशीनरी बनाने वाली वैश्विक कंपनियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

प्राधिकरण के अनुसार इस महायोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से शुरू कर दी गई है। इस परियोजना के धरातल पर उतरने से न केवल क्षेत्र की आर्थिक तस्वीर बदलेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए लाखों की संख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा।

केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने लोहिया परिवार से की शिष्टाचार भेंट

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने रविवार को विशिष्ट जनसंपर्क अभियान के तहत लखनऊ में प्रखर समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया के परिजनों से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों का कुशल-क्षेम जाना और डॉ. लोहिया के योगदान को स्मरण किया।

इस अवसर पर रमेशचंद्र लोहिया, शोभा रानी लोहिया, पृथ्वीराज लोहिया, हर्षवर्धन लोहिया, राज्यवर्धन लोहिया, नारायन लोहिया, उदयप्रताप लोहिया एवं नीलू लोहिया सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष देश के विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए ऐतिहासिक रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल, मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। साथ ही बुनियादी ढांचे के विकास और महिलाओं, युवाओं तथा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों ने देश की प्रगति को नई दिशा दी है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक डॉ. नीरज बोरा और एमएलसी पवन सिंह चौहान सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

महिलाओं को एक सूत्र में बांधने की मिली जिम्मेदारी: सरोज कुशवाहा

लखनऊ। प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा का दायित्व ग्रहण करने के बाद रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 135 वें संस्करण को पूर्वी मंडल 3 विवेकानंद पुरी वार्ड के बूथ संख्या 312 पर मंडल अध्यक्ष रीना चौरसिया के सहयोग से पूर्वी विधानसभा के विधायक ओपी श्रीवास्तव के साथ सुना गया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा का महिला मोर्चा की बहनों ने स्वागत किया। सरोज कुशवाहा ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व में उन्हें महिलाओं को एक सूत्र में बांधने की जो यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है, उसे वह शत प्रतिशत निष्ठा के साथ पूर्ण करेंगी।

'आपका विधायक, आपके द्वार' अभियान में जनसमस्याओं का हुआ पंजीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का जनसंपर्क अभियान 'आपका विधायक, आपके द्वार' 173वें सप्ताह में भी जारी रहा। शांतिनगर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों से सीधे संवाद कर 31 जनसमस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त किए गए, जिन्हें समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। कार्यक्रम में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 35 लोगों ने लाभ लिया। 35 वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। साथ ही 187वें बॉयज यूथ क्लब और 122वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन कर खेल सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल देकर सम्मानित किया गया तथा तारा शक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से

जरूरतमंदों को भोजन भी वितरित किया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि अभियान का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान उनके घर तक पहुंचकर करना है, जिससे लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

32673 मेगावाट डिमांड की बिजली आपूर्ति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- **यूपी ने देशभर में अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़े**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की बेहतरीन बिजली व्यवस्था लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। भीषण गर्मी, बढ़ती बिजली मांग और प्राकृतिक बाधाओं के बावजूद उप्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति कर रहा है। इसे योगी सरकार की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

वही मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और यूपीपीसीएल के कुशल प्रबंधन से यूपी देश में सर्वाधिक बिजली आपूर्ति करने वाले राज्यों में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। विशेष बात यह है कि उत्तर प्रदेश लगातार अपने ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए बिजली आपूर्ति के नए मानक स्थापित कर रहा है। 19 जून से उत्तर प्रदेश लगातार डिमांड बिजली आपूर्ति में देश का नंबर-1 राज्य बना हुआ है। उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र, गुजरात जैसे बड़े औद्योगिक राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। साथ ही तमिलनाडु, कर्नाटक, पंजाब और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों से भी आगे निकलकर अपनी क्षमता साबित की है। इस तरह बिजली मांग के मामले में यूपी ने देश के कई बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

■ 24 जून को रिकॉर्ड 32,673 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई : अगर डिमांड बिजली आपूर्ति पर नजर डालें तो 27 जून को उत्तर प्रदेश में 31949 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई। इसी तरह 26 जून को 31,839 मेगावाट और 25 जून को 31,852 मेगावाट की आपूर्ति दर्ज की गई थी। इतना ही नहीं, 24 जून को उत्तर प्रदेश ने नया इतिहास रचते हुए रात करीब 9:51 बजे 32,673 मेगावाट की रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति की थी। यह अब तक की सर्वाधिक पीक डिमांड आपूर्ति थी। इसके पहले 23 जून की रात 10:26 बजे 32,405 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई थी।

इसी तरह 22 जून को 31,841 मेगावाट, 21 जून को 32,348 मेगावाट, 20 जून को 31,549 मेगावाट और 19 जून को 30,968 मेगावाट बिजली आपूर्ति दर्ज की गई।

■ महानगर से लेकर गांव तक मिल रही लगातार बिजली : योगी सरकार में प्रदेश के शहरों से लेकर गांव तक निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही है। लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर और वाराणसी जैसे महानगरों में लगातार 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी 22 से 24 घंटे तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इससे आम जनता को बड़ी राहत मिली है। इस तरह जो प्रदेश 2017 से पहले बिजली कटौती और खराब आपूर्ति व्यवस्था के लिए चर्चा में रहता था, वही आज रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति और मजबूत ऊर्जा प्रबंधन के लिए देशभर में मिसाल बन गया है।

■ उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए यूपीपीसीएल कृत संकल्पित : उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बताया कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में लगे हुए कार्मिक दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं। उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा ही है। यूपीपीसीएल उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए कृत संकल्पित है। निदेशक वितरण ज्ञानेंद्र धर द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने जिस तरह रिकॉर्ड स्तर पर डिमांड बिजली आपूर्ति की है, वह हमारी मजबूत विद्युत अवसंरचना, बेहतर प्रबंधन और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी और रिकॉर्ड स्तर की बिजली मांग के बावजूद शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर से अधिक बिजली आपूर्ति की जा रही है।

सीएम योगी आज पीलीभीत- मुरादाबाद दौरे पर, विकास परियोजनाओं की देंगे

विशेष संवाददाता (vol)

- **पीलीभीत में 569 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण/शिलान्यास एवं पट्टा विवरण**
- **मुरादाबाद मंडल में चल रहे विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की करेंगे समीक्षा**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को पीलीभीत और मुरादाबाद के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री पहले पीलीभीत पहुंचेंगे, जहां बीसलपुर में पीलीभीत के बरखेड़ा एवं बीसलपुर विधानसभा क्षेत्रों के 569 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास एवं पट्टा विवरण करेंगे। यहां वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

पीलीभीत के बाद मुख्यमंत्री मुरादाबाद पहुंचेंगे, जहां वह सर्किट हाउस में आयोजित मुरादाबाद मंडल में लोक निर्माण विभाग के पुराने कार्यों की समीक्षा और नए कार्यों की कार्ययोजना के संबंध में बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री मुरादाबाद के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा भी करेंगे। इसके बाद मुरादाबाद सदर, मुरादाबाद देहात व कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्रों तथा नगर निगम मुरादाबाद एवं मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के विकास कार्यों का लोकार्पण/ शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे। यहां दानवीर भामाशाह जयंती एवं व्यापारी कल्याण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन होगा। साथ ही मुख्यमंत्री गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री मुरादाबाद के सर्किट हाउस में ही रात्रि विश्राम करेंगे।

नौजवानों को भर्तियों की उम्र सीमा में राहत मिले : अखिलेश

भाजपा सरकार नौकरियों में संगठित रूप से कर रही है घोटाला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार नौकरियों में संगठित रूप से घोटाला कर रही है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाये गये संविधान के अनुसार हक और सम्मान नहीं दे रही है। भाजपा सरकार ने 22 भर्ती परीक्षाओं में मनमाने तरीके से आरक्षण की लूट की है। 69 हजार शिक्षक भर्ती 2019 में आबीसी को 27 फीसदी की जगह 3.8 फीसदी, एससी को 21 फीसदी की जगह 16.2 फीसदी और एसटी को 2 फीसदी की जगह शून्य आरक्षण मिला है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने पीडीए आडिट अंक-1 पीडीए आरक्षण घोटाला बुकलेट में 22 भर्ती परीक्षाओं में आरक्षित सीटों की लूट का आंकड़ा जारी किया, लेकिन भाजपा सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया। मुख्यमंत्री जी के जिले में सैकड़ों प्राइमरी स्कूल बंद हो गये हैं। उसका भी कोई जवाब नहीं है। समाजवादी पार्टी ने अयोध्या में हो रहे भ्रष्टाचार और गोरखधंधा की रिपोर्ट जारी की थी लेकिन भाजपा ने एक का भी जवाब नहीं दिया।

रविवार को प्रयागराज में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार पेपर लीक हो रहे है। महाराष्ट्र में कल भी टीईटी का पेपर लीक हो गया। यूपी भाजपा सरकार में कई भर्ती परीक्षाएं लीक हो चुकी है। 2017 में दरोगा भर्ती परीक्षा, जूनियर इंजीनियरिंग भर्ती यूपीपीसीएल 2018, ग्राम विकास पंचायत भर्ती 2018, नलकूप चालक भर्ती 2018, यूपी टीईटी परीक्षा 2021, दो बार यूपीपीएससी, हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा, इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2020, 2022, 2025, सिपाही भर्ती, आरओ एआरओ, यूजीसी नेट 2024, एसएसएसी जीडी 2026, लेखपाल भर्ती 2026 की परीक्षाएं लीक हो चुकी है। दरोगा भर्ती परीक्षा 6साल तक लटकी रही, परिणाम हाई कोर्ट से रद्द हुआ।

श्री यादव ने कहा कि नौजवानों को भर्तियों की उम्र सीमा में राहत मिलनी चाहिए। समाजवादी सरकार आने पर पेपर लीक और अन्य वजहो से जिन युवाओं की उम्र सीमा निकल गयी है, उन्हें तीन वर्षों की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। छात्रों को अपने जिले या नजदीकी परीक्षा केन्द्र देने की व्यवस्था होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि जो नेशन फर्स्ट की बात करते थे उनके लिए डोनेशन फर्स्ट है। इनकी निगाहें नेशन पर नहीं डोनेशन पर है। अयोध्या प्रभु श्रीराम के मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना बेहद चिंता जनक है। लखनऊ में कोचिंग अग्निकांड की घटना पर अखिलेश यादव ने कहा कि अगर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होते तो इतने बच्चों की जान नहीं जाती है। अगर सरकार से कोई सवाल करता है तो उसको सरकारी संस्थाओं से परेशान किया जाता है।

श्री यादव ने कहा कि यूपी में कई फेक एनकाउण्टर हुए है, जिन पर सवाल खड़े हुए है। फर्जी एनकाउण्टर को लेकर पुलिस के पास जवाब नहीं है। फर्जी एनकाउण्टर में जब पुलिस फंसती है तो भाजपा के लोग साथ नहीं खड़े होते हैं।

संक्षेप

सर्पदंश से अधेड़ की मौत, मचा कोहराम

प्रतापगढ़। सर्पदंश से अधेड़ की मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के पूरे कलंदर निवासी बृजपाल वर्मा (51) पुत्र नकछेद वर्मा को शनिवार की देर रात करीब तीन बजे सोते समय बिस्तर पर सांप ने डस लिया। परिजन इलाज के लिए उसे लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रविवार की सुबह वहां इलाज के दौरान बृजपाल की मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तब कोहराम मच गया। पुलिस ने सूचना पर शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवाया।

बांसी तहसील में जनसुनवाई को मिली रफ्तार

बांसी, सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील में उपजिलाधिकारी शशांक शेखर राय जनसुनवाई के माध्यम से फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुरूप आमजन को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए लगातार सुनवाई की जा रही है। वहीं तहसीलदार पीयूष कुमार श्रीवास्तव भी राजस्व एवं प्रशासनिक मामलों के प्रभावी निस्तारण में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उपजिलाधिकारी के निर्देशन में नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव एवं महमूद अली द्वारा अवैध कब्जों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए आधा दर्जन भू-माफियाओं के कब्जे पर बुलडोजर से हटाए गए हैं। इस कार्रवाई से करोड़ों रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर राजस्व हित सुरक्षित किए गए हैं।

चोरी की दो मोटर साइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

इटावा। पुलिस ने 14 घंटे में मैरिज होम से मोटर साइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 2 मोटरसाइकिल बरामद, 6 चाबियां बरामद। क्षेत्राधिकारी भरथना रामदवन मौर्य के नेतृत्व में थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। 27 जून दीपक कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम पीसापुरा थाना ऊसराहार द्वारा थाना ऊसराहार पर तहरीरी सूचना दी कि आर.के. मैरिज होम किशनी रोड ऊसराहार से उनकी तथा उनके रिश्तेदार की दो मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई हैं। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ऊसराहार पर मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों रविवार को थाना ऊसराहार पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि मैरिज होम से मोटरसाइकिल चोरी करने वाला अभियुक्त चोरी की मोटरसाइकिल लेकर ऊसराहार की ओर से पालन अड्डा की ओर आ रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी की गई तथा ग्राम भरतपुर खुर्द ऊसराहार-विधूना रोड के पास से चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष ऊसराहार बलराज सिंह भाटी, उ.नि. धीरेन्द्र कुमार रहे। पुलिस ने राहुल कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम बड़ेपुर थाना किशनी जनपद मैनपुरी को गिरफ्तार किया।

डीएम ने अपनी बच्ची को दवा पिलाकर अभियान शुरू किया

श्रावस्ती। जनपद में रविवार से विशेष पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत सीएचसी भिनगा से हुई। डीएमअन्नपूर्णा गर्ग ने अपनी नन्ही बच्ची को पोलियो की दो बूंद पिलाकर और फीता काटकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों को मिलकर अभियान को पूरी गंभीरता से सफल बनाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाई जाए। इस अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से सभी टीमों का प्रशिक्षण और माइक्रोप्लान तैयार कर लिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि इस बार जनपद के करीब 2.98 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के लिए स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और अन्य विभागों की टीमें पूरी तरह तैयार हैं। विशेष ध्यान ईंट-भट्ठों, निर्माण स्थलों और घुमंतू परिवारों के बच्चों पर दिया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा दवा पीने से न छूटे। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. के.के. वर्मा ने बताया कि अभियान के पहले दिन 525 फिक्स्ड बूथ बनाए गए हैं। इसके अलावा 371 घर-घर जाने वाली टीमें, 16 ट्रांजिट टीमें तथा 5 मोबाइल टीमें भी लगाई गई हैं, जो छूटे हुए बच्चों तक पहुंचकर उन्हें पोलियो की दवा पिलाएंगी। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

ट्यूबवेल से लौट रहे युवक को मारी गोली, रंजिश में हमला

गोसाईगंज, सुल्तानपुर। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कारीबहर गांव में रविवार शाम ट्यूबवेल से पैदल घर लौट रहे युवक को पुरानी रंजिश के चलते बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी। गोली युवक की पीठ में कमर के पास लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

कारीबहर निवासी आजाद वर्मा पुत्र जमुना प्रसाद रविवार शाम करीब 5:45 बजे गांव के बाहर स्थित अपने ट्यूबवेल से घर लौट रहे थे। गांव की पक्की सड़क के पास पहले से घात लगाए बाइक सवार हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही आजाद सड़क पर गिर पड़े। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिजनों ने उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहां हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह और थानाध्यक्ष अखण्डदेव मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों से घटना की जानकारी ली और आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक वृज नारायण सिंह ने बताया कि परिजनों ने पुरानी रंजिश के चलते सत्यम पाण्डेय सहित अन्य लोगों पर गोली मारने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

नौनिहालों को पिलायी गयी खुराक, अभियान का शुभारंभ

प्रतापगढ़। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रविवार को पल्स पोलियो अभियान को लेकर एहतियातन नौनिहालों को खुराक पिलायी गयी। अभियान का शुभारम्भ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व अधीक्षक डॉ. अरविन्द गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। अधीक्षक डॉ. अरविन्द गुप्ता ने बताया कि एक वर्ष से पांच वर्ष के बच्चों को विकलांगता से बचाव के लिए पोलियो खुराक का अभियान शुरू हुआ है। इस मौके पर डॉ. सुधाकर श्रीवास्तव, डॉ. सत्यपाल चैबे, डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. शावक सिंह, एनएम अर्चना दुबे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती कलावती, पवन मिश्रा आदि रहे।

ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। ट्रक की टक्कर से महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची। तब परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के कटरा मातादीन पुरवारा निवासी राम अंजोर सिंह पुत्र गयाप्रसाद सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उनकी बहू निशा (35) पत्नी जय प्रकाश सिंह रविवार को भतीजे देवेन्द्र प्रताप सिंह के साथ बाइक से अपनी बहन के घर लखराव जा रही थी। वहां से लौटते समय सुबह करीब साढ़े दस बजे चैक के समीप घुइसरनाथ रोड पर तेज गति से आ रही ट्रक ने निशा को जोरदार टक्कर मार दिया। मौके पर ही निशा की मौत हो गयी। मृतका के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। मौत की सूचना घर पहुंची तब ससुराली जन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। इधर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है ट्रक व चालक को कब्जे में लिया गया है। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

बीमारी के चलते युवा व्यापारी की मौत, बाजार में शोक

प्रतापगढ़। स्थानीय बाजार खास निवासी युवा व्यवसायी संतोष कौशल गोलू (45) का बीमारी के चलते रविवार को रायबरेली के एम्स में मौत हो गयी। युवा व्यापारी की मौत की खबर मिलते ही बाजार में शोक छा गया। गोलू वरिष्ठ व्यापारी जगदीश कौशल के छोटे भाई भी थे। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सभासद आशीष कौशल, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, डा. ओमप्रकाश जायसवाल, अंजनी कौशल, जयकौशल, ओंकारनाथ वैश्य, श्यामजी संवरिया, आशू कौशल, डा. रमाशंकर शुक्ल, धीरेन्द्रमणि शुक्ला आदि ने गोलू के निधन पर संवेदना प्रकट की है।

करंट लगने से किसान की मौत

गिलौला (श्रावस्ती)। गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम ददौली में रविवार शाम बिजली के अर्थिंग तार की चपेट में आने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, ददौली गांव निवासी ओमप्रकाश (50) पुत्र त्रिलोकी रविवार शाम अपने किसी निजी कार्य से खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में बिजली के खंभे से लटक रहा अर्थिंग का तार उनके संपर्क में आ गया। तेज करंट लगने से वह मौके पर ही गिर पड़े और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही गिलौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिनगा भेज दिया। हादसा शाम करीब पांच बजे का बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली के खंभों से अर्थिंग के तार लटक रहे हैं, जिससे लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की लापरवाही की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग की है।

वन कर्मियों पर जानलेवा हमला तीन आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने और धमकी देने के मामले में भिनगा कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो पुरुष आरोपियों और एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और एक अवैध चाकू भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर भरत पासवान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

वन दरोगा विकास कुमार शुक्ला ने बताया कि 27 जून को वन विभाग की टीम अण्टा-ककरदरी मार्ग पर गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मो. कासिम, सज्जन अली और मो. कासिम की पत्नी ने वन कर्मियों के साथ गाली-गलौज की और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई। विरोध करने पर तीनों ने वन कर्मियों के साथ मारपीट की। आरोप है कि मो. कासिम ने वन दरोगा की गर्दन पर चाकू से जानलेवा हमला करने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी भी दी।

इस संबंध में भिनगा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान मामले में आयुध अधिनियम की धारा भी बढ़ाई गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहले सज्जन अली और मो. कासिम की पत्नी को जंगल मार्ग से गिरफ्तार किया। इसके बाद 28 जून को मो. कासिम को रजपुर जंगल जाने वाले नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। मो. कासिम के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (यूपी46 AR9449) और एक अवैध चाकू बरामद किया गया। सज्जन अली पुत्र शब्बीर अली, निवासी रामनगर सेमरा, थाना नवाबगंज, जनपद बहराइच। मो. कासिम की पत्नी, निवासी रामपुर जब्दी, थाना मल्हीपुर, जनपद श्रावस्ती मो. कासिम पुत्र गफ्फार, निवासी रामपुर जब्दी, थाना मल्हीपुर, जनपद श्रावस्ती। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है।

सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर सख्ती

श्रावस्ती। पुलिस विभाग में अनुशासन, कर्मचारी कल्याण और सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग को लेकर रविवार को पुलिस कार्यालय के सभागार में महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। पुलिस उपमहानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा श्री अशोक कुमार शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह ने की।

गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने वेतन विसंगति, अवकाश, महंगाई भत्ता (डीए) तथा अन्य सेवा संबंधी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की वैध समस्याओं का समयबद्ध समाधान विभाग की प्राथमिकता है, जिससे उनमें असंतोष की भावना न पनपे और विभागीय अनुशासन भी मजबूत बना रहे।

बैठक में सोशल मीडिया के दुरुपयोग को लेकर भी कड़ा संदेश दिया गया। स्पष्ट किया गया कि कोई भी पुलिसकर्मी यदि अव्यवसायिक वीडियो, अश्लील चैट, अभद्र व्यवहार अथवा विभाग की छवि धूमिल करने वाली कोई भी सामग्री सोशल मीडिया पर प्रसारित करता है तो उसके विरुद्ध सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को सोशल मीडिया नीति का पूर्णतः पालन करने के निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह ने सभी थाना प्रभारियों एवं यूनिट अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कर्मचारी कल्याण और विभागीय अनुशासन दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं तथा इन्हें समान महत्व दिया जाना चाहिए। गोष्ठी में प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार, समस्त शाखा प्रभारी, थाना प्रभारी, प्रभारी निरीक्षक तथा पुलिस लाइन और पुलिस कार्यालय में तैनात लगभग 100 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस कर्मियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

भाजपाइयों ने सुना प्रधानमंत्री का संदेश

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को रविवार को भाजपा महानगर के सभी 419 बूथों पर सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना तथा उसमें व्यक्त सामाजिक सरोकार, जनभागीदारी, नवाचार और राष्ट्रहित से जुड़े संदेशों पर चर्चा की।

सहादतगंज में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि छ्मन की बातछ देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे प्रेरणादायी कार्यों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करती है और नागरिकों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराती है। करिअप्पा मंडल के बूथ नं 46 में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संवाद समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने और सकारात्मक पहल को प्रोत्साहित करने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम सुनने के बाद कहा कि मन की बात केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि नागरिकों को विकास, आत्मनिर्भरता, स्वदेशी व जनसहभागिता के लिए प्रेरित करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के साथ-साथ विकसित भारत के संकल्प को भी मजबूती देता है। विद्याकुंड वार्ड में पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा पीएम के विचार समाज को नई दिशा देने वाले हैं और नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्य, अरविंद सिंह, रवि शर्मा, शिवम शुक्ला, प्रवीण दूबे, बालकृष्ण वैश्य, मुकेश तिवारी, रवि सोनकर, कपिल देव वर्मा, हेमंत जायसवाल, शशि प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी अमित कुमार, जेपी श्रीवास्तव, पार्षद ज्ञान केसरवानी, सर्वेश सिंह, रीना द्विवेदी, गरिमा मौर्या, प्रदीप यादव, स्वप्निल समेत पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बूथों पर मौजूद रहे।

महिला थाना प्र.नि. भाग्यवती पांडेय की सराहनीय पहल, 12 बिखरते परिवारों में फिर लौटी खुशियां

सिद्धार्थनगर। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन के कुशल नेतृत्व कहें या महिला थाना प्र0नि0 भाग्यवती पांडेय की कार्य क्षमता, एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में दायित्वों के प्रति क्रियाशील महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत रविवार को उत्कृष्ट कार्य करते हुए 12 दंपतियों के पारिवारिक विवादों का सफल समाधान कर उन्हें पुनः एक साथ विदा किया। महिला थाना स्थित मिशन शक्ति केंद्र में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने अपनी संवेदनशील कार्यशैली, धैर्यपूर्ण काउंसलिंग और सकारात्मक संवाद के माध्यम से टूटने की कगार पर पहुंचे 12 परिवारों को फिर से एकजुट कर दिया। उनकी इस पहल से कई परिवारों में रिश्तों की डोर दोबारा मजबूत हुई और घरों में खुशियां लौट आई। इस सराहनीय कार्य में महिला मुख्य आरक्षी रीना रावत, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, महिला आरक्षी शिखा खरवार एवं महिला आरक्षी प्रगति ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिला थाना की इस मानवीय पहल की जनपद में व्यापक सराहना हो रही है, वहीं प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय की कार्यकुशलता और प्रभावी काउंसलिंग की लोगों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

वांछित भेजे गये जेल

प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने एससीएसटी के केस में कोर्ट के दो वांछितों को रविवार को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। थाने के दरोगा दीपक कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। हदिराही निवासी विजय उर्फ दिग्विजय पुत्र रामअंजोर तथा इसी गांव के राकेश कुमार वर्मा पुत्र हरी लाल को पुलिस ने घर के समीप से हिरासत में ले लिया। दोपहर बाद आरोपियों को जेल भेज दिया।

अवैध शराब बरामद, दो थानों में केस दर्ज

प्रतापगढ़। आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा औचक छापेमारी कर आरोपियों के पास से बीस लीटर अवैध शराब तथा दो कुंटल लहन बरामद की गयी है। सांगीपुर थाना के तारापुर व भगतपुर तथा लालगंज के सरैंया गांव में आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में संयुक्त छापेमारी में बरामद हुयी लहन को मौके पर ही प्रवर्तन टीम ने नष्ट कराया। वहीं तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लालगंज एवं सांगीपुर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

राम मंदिर के लिए एक करोड़ देने वाले समाजसेवी को दान घपले पर दुख

प्रतापगढ़। जिला मुख्यालय शहर के निवासी राम भक्त समाजसेवी को राम मंदिर निर्माण के लिए 2018 में एक करोड़ रुपये दान देने के बाद गबन की खबरों से गहरा दुख पहुंचा है। समाजसेवी सियाराम उमर वैश्य का कहना है कि उन्होंने राम के भव्य मंदिर निर्माण के लिए अपनी जमीन बेचकर 2018 में एक करोड़ रुपये का दान किया था। उन्होंने रुपया यह समझ कर दिया था कि यह राम के काम आएगा। यह सुनकर दुख हुआ कि दान में घपला किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को ईश्वर कभी माफ नहीं करेगा।

राम मंदिर की गरिमा से खिलवाड़ असहनीय दोषियों पर कार्रवाई हो : तेज नारायण पांडे

अयोध्या। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने राम मंदिर में दान व्यवस्था में सामने आई अनियमितताओं पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि-खुद मालियों ने बेच दी गुलशन की आबरू, ऐसा तो कारोबार किसी ने नहीं किया। चुभने लगे जो खार, तो शिकवा सभी को है, बोते समय किसी ने विचार नहीं किया। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी के पावन मंदिर में 140 करोड़ भारतीयों की आस्था एवं विश्वास के साथ जिस प्रकार का खिलवाड़ हुआ है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। पूर्व मंत्री ने कहा कि देश के सभी परम पूज्य शंकराचार्यगण, अयोध्या धाम के पूज्य संत-महात्माओं एवं धर्माचार्यों से विनम्र निवेदन करता हूँ कि वे इस गंभीर विषय पर आगे आकर अपनी आवाज बुलंद करें तथा ऐसी ठोस व्यवस्था सुनिश्चित कराएँ कि भविष्य में प्रभु श्रीराम जी के पावन मंदिर में इस प्रकार की कोई घटना दोबारा न हो। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी का मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास और सनातन संस्कृति का सर्वोच्च प्रतीक है। आस्था के इस पवित्र केंद्र के साथ किसी भी प्रकार की लूट, डकैती या अनियमितता किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकती। ऐसे कृत्यों में संलिप्त दोषियों को मंदिर व्यवस्था से तत्काल बाहर किया जाए तथा संपूर्ण व्यवस्था को पारदर्शी, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाया जाए, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं का विश्वास सदैव अक्षुण्ण बना रहे।

उसका बाजार में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का भव्य स्वागत

उसका सिद्धार्थनगर। जिले में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह के प्रथम आगमन पर रविवार को सिद्धार्थनगर जनपद के उसका बाजार कस्बे में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। पूरे कस्बे में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान चेयरमैन प्रतिनिधि हेमंत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हेमंत जायसवाल ने कहा कि प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह का नेतृत्व, संगठन के प्रति समर्पण और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की कार्यशैली भाजपा को लगातार मजबूती प्रदान कर रही है। उनके मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण की भावना का संचार होता है।

पूर्व नपं. अध्यक्ष हेमंत जायसवाल बोले- संगठन को मिलेगा नया विस्तार

उन्होंने कहा कि रमेश सिंह का उसका बाजार आगमन क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक है और इससे संगठन को नई दिशा एवं गति मिलेगी। अपने संबोधन में प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी से संगठन की नीतियों और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश आर्या, पवन पाण्डेय, महेंद्र सिंह, छोटू, रजत जायसवाल, सूरज मोदनवाल, विनोद वर्मा, सिद्धार्थ सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया तथा कार्यकर्ताओं ने उनके सम्मान में जोरदार नारे लगाए। पूरे कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

सीओ आशुतोष मिश्र को दी गयी विदाई

प्रतापगढ़। सीओ सिटी पद पर स्थानान्तरित हुए पुलिस उपाधीक्षक आशुतोष मिश्रा को रविवार को सीओ कार्यालय में विदाई कार्यक्रम के तहत सम्मानित किया गया। वहीं नये सीओ राजीव द्विवेदी ने दोपहर बाद यहां कार्यभार संभाल लिया। विदाई कार्यक्रम का संयोजन लालगंज प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने किया। अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल, निरंजन पाण्डेय, संदीप मिश्रा, सभासद पन्ने लाल पाल आदि ने स्थानान्तरित सीओ आशुतोष को स्मृतिचिन्ह व बुके प्रदान कर सम्मानित किया। सीओ आशुतोष ने एक वर्ष के स्थानीय कार्यकाल में क्षेत्रीय नागरिकों तथा विभागीय कर्मियों के सहयोग से प्रति आभार जताया।

संक्षेप

गंगा नदी में डूबने से युवक की मौत

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। दोस्तों के साथ शनिवार शाम को गंगा नहाने गया युवक नहाते समय गंगा में डूब गया। रविवार सुबह करीब 13 घंटे बाद सुबह उसका शव गंगा में ही उतराता हुआ मिला। थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार उन्नाव सदर कोतवाली के करीबन गांव निवासी विमलेश का 21 वर्षीय पुत्र श्रेयांश तिवारी अपने चार साथियों के शनिवार शाम को वह दबौली गाँव में फोन पे बॉक्स लगाकर दोस्तों के साथ सरैया घाट पर गंगा में नहाने चला गया। जहां वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस भी खोज में जुट गई। किंतु रात में अंधेरा होने के कारण श्रेयांश का कुछ पता नहीं चल सका। रविवार सुबह करीब सात बजे उसका शव घटना स्थल से करीब छह सौ मीटर की दूरी पर उतराता हुआ मिला। मृतक दो भाई बहनों में बड़ा और अविवाहित था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सुरेश तिवारी की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

घर के सामने मिट्टी डालने को लेकर हुआ विवाद

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला विशुन में घर के सामने मिट्टी डालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई, जिसमें एक महिला और उसकी पुत्री घायल हो गईं। घायलों ने थाना पहुंचकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम नगला विशुन निवासी साधना पत्नी राकेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर के सामने मिट्टी डलवा रही थीं। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। विरोध के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि पड़ोसियों ने साधना के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पति राकेश कुमार के साथ भी हाथापाई की गई। मारपीट में साधना और उनकी पुत्री निकेता के सिर में चोटें आईं। घटना के बाद परिजन दोनों घायलों को लेकर थाना जसवंतनगर पहुंचे और आरोपितों के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया है। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

स्वस्थ पर्यावरण के संकल्प के साथ चला सफाई अभियान

मथुरा। गोवर्धन गिरिराज महाराज की पावन परिक्रमा को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से सौख रोड स्थित बाबा कढेरा सिंह विद्या मंदिर द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान के तीसरे चरण के अंतर्गत शनिवार को 15वें रविवार की सफाई सेवा आयोजित की गई। अभियान के तहत परिक्रमा मार्ग के खंभा संख्या 365 से 385 तक विशेष सफाई की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सुरेश सिंह, प्रबंधक प्रहलाद सिंह, वीरपाल प्रधान, डॉ. अशोक, समन्वयक बिपिन सिंह, ओमप्रकाश एवं रामानंद ने किया। इस दौरान विद्यालय परिवार के शिक्षक, कर्मचारी एवं स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। चेयरमैन सुरेश सिंह बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना भी है।

सांसद रवि किशन ने पिलायी पोलियो की पहली खुराक

मातृ सेवा कार्यक्रम लॉन्च, गर्भवती महिलाओं के इलाज पर रहेगा फोकस

गोरखपुर। जिले में रविवार को पल्स पोलियो अभियान की औपचारिक शुरूआत सदर सांसद रवि किशन ने की। उन्होंने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया और अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को हर बार पोलियो ड्रॉप जरूर पिलाएं। सांसद ने कहा कि भारत भले ही पोलियो मुक्त हो चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों में वायरस की मौजूदगी को देखते हुए सतर्क रहना जरूरी है। नियमित टीकाकरण ही बच्चों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रख सकता है।

कार्यक्रम के दौरान जिले में शुरू किए गए नए नवाचार ह्ममातृ सेवा कार्यक्रमह्न की भी लॉन्चिंग की गई। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी और जरूरत पड़ने पर समय से उच्च चिकित्सा केंद्रों पर रेफर करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सांसद ने इसे मातृ मृत्यु दर कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में 1887 पोलियो बूथों पर रविवार को बच्चों को दवा पिलाई गई, जबकि 29 जून से 3 जुलाई तक टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो से बचाव की खुराक देंगी। अधिकारियों के अनुसार यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और बच्चों को आजीवन दिव्यांगता से बचाने में प्रभावी है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक व अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

टायर फटने से बकरियों से भरा लोडर पलटा

● पशु व्यापारी की मौत, 7 घायल

बकेवर, इटावा। राजस्थान के सीकर से बकरियां लादकर प्रयागराज जा रहा एक लोडर रविवार सुबह इटावा-कानपुर नेशनल हाईवे पर सुनवर्षा गांव के पास राधे-राधे पेट्रोल पंप के सामने टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एटा निवासी एक पशु व्यापारी समेत दस बकरों के बच्चे की भी मौत हो गई, जबकि चालक समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोडर में करीब एक सैकड़ा बकरी के बच्चे लदे थे।

एटा के नरैनी थाना क्षेत्र के गांव नगला अजीत निवासी रिंकू (36) पुत्र राधेश्याम अपने रिश्तेदारों व अन्य व्यापारियों के साथ राजस्थान के सीकर जिला से बकरियों के सौ बच्चे लेकर लोडर से प्रयागराज जा रहे थे। रविवार सुबह बकेवर थाना क्षेत्र में सुनवर्षा गांव के सामने अचानक लोडर का अगला टायर फट गया। तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने रिंकू को मृत घोषित कर दिया। हादसे में राकेश (45), अनिल (35) निवासी नगला अजीत, मोनू (19), राजेश (25) निवासी विकास नगर, पीएसी एटा समेत चालक सोमेश (20) निवासी फिरोजाबाद और उसका साथी श्याम (19) निवासी जटपुरा, थाना किशनी, मैनपुरी घायल हुए हैं। सभी का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना में लोडर में लदे करीब आधा दर्जन बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गईं। बकेवर पुलिस ने स्वजन को घटना की सूचना देने के साथ क्रेन की मदद से पलटे लोडर को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। घायल राजेश ने बताया मृतक रिंकू उसके मामा का लड़का था। पिछले करीब दस साल से इस व्यापार से जुड़े थे। मृतक रिंकू के दो बच्चे है 8 साल की बेटी सौम्या, पांच साल का बेटा कृष्ण है। हादसे के बाद रिंकू की पत्नी नीरज और मां सुमन देवी का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक 3 भाई दो बहनों में सबसे बड़ा था। पिता भी पशुओं का व्यापार करते है।

ढोला सम्राट दीप्ति शास्त्री की कथा में झूमे भक्त, शिवपाल सिंह भी हुए शामिल

जसवंतनगर, इटावा। ग्राम भटपुरा बिहारी में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह समारोह में भक्ति की बयार बही। कथा के दौरान ह्नढोला सम्राटह्न की उपाधि से प्रसिद्ध कथावाचक दीप्ती शास्त्री ने ढोलक की मनमोहक थापों के बीच श्रीकृष्ण लीला और कंस वध का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा पंडाल में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जैसे ही दीप्ती शास्त्री ने अपनी ओजस्वी वाणी और ढोला शैली में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और कंस वध का वर्णन शुरू किया, पूरा पंडाल जय श्री कृष्ण और कंस वध की जयश के जयकारों से गूंज उठा। भक्त कथा रस में डूबकर नाचने-गाने लगे। सपा महासचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव भी कथा श्रवण के लिए पहुंचे। आयोजन समिति के अजय यादव, सत्यवीर, लज्जाराम यादव और विशाल यादव ने फूल-मालाओं से विधायक का स्वागत-सत्कार किया। शिवपाल यादव ने व्यासपीठ का आशीर्वाद लिया और कुछ देर कथा का रसपान किया। समारोह को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सभी सदस्य व्यवस्था में जुटे रहे।

पुलिस ने दो माह बाद मुकदमा दर्ज किया

बकेवर, इटावा। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गिरेन्द से मजदूरी को घर से पानी लेकर गये पिता पुत्री को पाँच नामजद आरोपित लोगो ने गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडो से मार पीट कर 25सौ रुपए छीन लिये पुलिस ने घटना से दो माह से अधिक समय बाद पाँच लोगो के विरुद्ध मामला दर्ज किया। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गिरेन्द निवासी श्रुष्टि चैहान ने लवेदी थाने मे शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 24 अप्रैल की शाम उसके पिता विनोद सिंह चैहान घर से पानी लेकर मजदूरों को खेतो पर देने गये हुए थे। काफी समय हो जाने पर जब पिता घर वापस नही लौटे तो पुत्री उन्हे तलाशते हुए खेतो पर पहुँची तो नामजद आरोपित लोग उनकी लाठी डंडो से मार पीट कर रहे थे। पिता को पिटता देख पुत्री उन्हे बचाने लगी कि इसी दौरान गोलू ने उसके बाल पकड़ लिये और आलोक उसका गला दबाने लगा अन्य लोग उसकी लाठी डंडो से मारपीट करने लगे ।मार पीट के दौरान पिता के 25 सौ रुपए छीन लिये और गाली-गलौज करते हुए कहा कि कल फिर आऊंगा। पुलिस ने पीडित के शिकायती पत्र पर अमन उर्फ गोलू, आलोक उर्फ चेला, पप्पू तोमर, राजेश कुमार, हर्ष कुमार निवासीगण ग्राम टिलियन थाना लवेदी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

अयोध्या धाम के लिए आजीवन निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ

पाटन, उन्नाव। भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने सिद्धपीठ माता चंद्रिका देवी मंदिर प्रांगण से श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन हेतु आजीवन निशुल्क बस सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने राजा राव राम बक्श सिंह की प्रतिमा के निकट बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस के विभिन्न कस्बों जगतपुर, ऊंचगांव, भगवंतनगर, मनिकापुर और सुमेरपुर से गुजरने पर क्षेत्रवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस सेवा के तहत श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में निशुल्क भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम में बैशवारा कल्याण समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह अवधूत, महामंत्री हरिओम सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रधान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने इस पहल को धार्मिक आस्था, जनसेवा और सामाजिक समर्पण की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम बताया।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धापूर्वक मनायी गयी पुण्यतिथि

● परिजनों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके स्नेह, संस्कार और आदर्शों को किया याद

गगहा, गोरखपुर। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव सुधाकर तिवारी की माता स्वर्गीय श्रीमती गिरिजा देवी की प्रथम पुण्यतिथि रविवार को श्रद्धा, आस्था एवं वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर आचार्य रामनरेश पाण्डेय, आचार्य अतुल दूबे एवं आचार्य आनन्द जी महाराज ने विधि-विधानपूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न कराया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्व. गिरिजा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि स्व. गिरिजा देवी अपने मृदुल स्वभाव, सादगी, धार्मिक प्रवृत्ति एवं स्नेहमयी व्यक्तित्व के कारण परिवार और समाज में अत्यंत सम्मानित थीं। उन्होंने अपने पूरे जीवन में परिवार को प्रेम, संस्कार और सेवा का संदेश दिया। उनके निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है, किंतु उनके आदर्श, संस्कार और आशीर्वाद आज भी परिवार का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

इस अवसर पर सुधाकर तिवारी ने भावुक होकर कहा कि मां का स्नेह और आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उनकी स्मृतियां सदैव परिवार के हृदय में जीवित रहेंगी और उनके बताए आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रथम पुण्यतिथि पर घनश्याम तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, रत्नाकर तिवारी, योगेश तिवारी, वैभव तिवारी, अभिषेक शुक्ला, अनमोल तिवारी, राम नगीना त्रिपाठी, रमेश तिवारी, ज्वाला तिवारी, शिवकुमार ओझा, आनन्द शुक्ल, विपुल त्रिपाठी, अभिनन्दन शुक्ल, डा दूर्गा प्रसाद धर दूबे, विजय नारायण दूबे, अखिलेश दूबे,विनीत पाण्डेय,गणेश मणि त्रिपाठी, अंजली त्रिपाठी, निशा तिवारी, शोभा तिवारी, श्रेया त्रिपाठी, शकुन्तला ओझा, संगीता शुक्ल एवं सुनीता त्रिपाठी, प्रिया पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में परिजनों और शुभचिंतकों ने उपस्थित होकर स्व. श्रीमती गिरिजा देवी को भावभीनीत्रण श्रद्धांजलि अर्पित की।

अग्निशमन जांच से पहले कोचिंग सेंटर बंद

इटावा। लखनऊ में कोचिंग सेंटर में हुए अग्निकांड के बाद इटावा में भी अग्निशमन विभाग ने कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभियान तेज कर दिया है। फायर विभाग की टीम जैसे ही निरीक्षण के लिए पहुंच रही है, कई कोचिंग संचालक अपने सेंटर बंद कर मौके पर गायब हो जा रहे है। शहर में बड़ी संख्या में कोचिंग सेंटर संचालित होने के बावजूद अग्निशमन विभाग के रिकार्ड में अभी तक मात्र सात कोचिंग सेंटर ही ऐसे है, जिनके पास फायर एनओसी मौजूद है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी आशीष माहौर ने बताया कि विभाग की टीम द्वारा शहर के 40 से 50 कोचिंग सेंटरों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। लेकिन अभियान के दौरान ज्यादातर कोचिंग सेंटर बंद मिले जो संस्थान खुले पाए गए उनमें कई जगह अग्नि सुरक्षा से जुड़े मानक अधूरे मिले है। ऐसे संचालकों को नोटिस जारी कर सात दिन के अंदर जवाब देने और कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए है। विभाग की जांच में सामने आया कि कई कोचिंग सेंटर बिना अग्नि सुरक्षा इंतजामों के ही संचालित हो रहे है।

731 बच्चों को पिलायी गयी दो बूंद जिंदगी की

इकदिल, इटावा। पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रविवार को नगर के 6 बूथों पर 5 वर्ष तक के 731 बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई गयी। नगर के आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला कायस्थान बूथ पर 120 बच्चों को, ज्ञान चंद्र जैन वैद्य इंटर कालेज बूथ पर 153, नगर पंचायत कार्यालय बूथ पर 116, मु. कुम्हारान बूथ पर 115, मौलाना स्कूल बूथ पर 101, प्राथमिक विद्यालय कथगवां बूथ पर 126 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गयी। इस प्रकार 6 बूथों पर 731 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गयी। आदर्श प्राथमिक विद्यालय इकदिल के पोलियो बूथ पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.शिवेंद्र यादव ने बच्चों को दवा पिलाकर बूथ का शुभारंभ किया। इस मौके पर समाजसेवी डॉ. सुशील सम्राट, रिचा तिवारी, रामा देवी आदि लोग मौजूद थे। सुपरवाईजर जितेंद्र कुमार ने बूथों पर जाकर निरीक्षण किया स इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के बूथों पर भी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गयी।

2739 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन

उन्नाव। भाजपा के राष्ट्रीय अभियानों की श्रृंखला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के सफल संपादन में उन्नाव जिला लगातार पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। मन की बात के आयोजन को देख रहे जिला महामंत्री मनीष जायसवाल के कुशल नेतृत्व में आज जनपद के समस्त 2,739 बूथों पर इस कार्यक्रम को अभूतपूर्व उत्साह के साथ सामूहिक रूप से सुना गया। भाजपा कार्यालय में स्थापित मॉनिटरिंग टीम द्वारा प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की गई। ऊदल फौजी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिला मंत्री जितेंद्र पटेल और कार्यालय मंत्री रमेश तिवारी,जिला सहकोषाध्यक्ष जसमीत अरोरा मंडल अध्यक्ष रमा गुप्ता भी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में देश के विकास,पारिवारिक सुरक्षा, सामाजिक सहभागिता तथा पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध परंपराओं जैसे विषयों पर प्रेरक विचार साझा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा नागालैंड में 5 से 11 वर्ष की बच्चियों के लिए आयोजित बेबी फुटबॉल लीग का उल्लेख किए जाने को प्रेरणादायक बताते हुए कहा इस पहल ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया है। मॉनिटरिंग टीम के प्रमुख सोशल मीडिया संयोजक जैनेन्द्र शुक्ला के साथ उनकी टीम जिला कार्यालय पर उपस्थित रही।

जिलाधिकारी ने महिला अस्पताल में पोलियो दिवस का शुभारंभ किया

इटावा। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान पोलियो बूथ दिवस का शुभारंभ जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने जिला महिला चिकित्सालय से किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नौनिहाल बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया तथा जनपदवासियों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर एवं दिव्यांगता उत्पन्न करने वाली बीमारी से बचाव का एकमात्र प्रभावी उपाय समय पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना है। उन्होंने कहा कि भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पूर्व में पोलियो बूथों पर बच्चों की उपस्थिति कम रही है अथवा जहां जागरूकता का अभाव है, वहां विशेष अभियान चलाया जाए। ऐसे क्षेत्रों में धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों का सहयोग लेकर लोगों को जागरूक किया जाए, जिससे कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। कार्यक्रम में डॉ. सतेंद्र यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बांके बिहारी मंदिर में उमड़ा सैलाब गर्मी से किशोरी हुई बेहोश

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। वृंदावन नगर में वीकेंड के चलते रविवार को ठा. बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। अत्यधिक भीड़ और भीषण गर्मी के कारण मंदिर परिसर और आसपास की गलियों में व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गईं। इसी अव्यवस्था के बीच दर्शन करने आई कानपुर की एक 16 वर्षीय किशोरी भीड़ के दबाव और गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर पड़ी।

कानपुर नगर निवासी सुमन तिवारी रविवार को अपने परिवार के साथ ठा. बांके बिहारी जी के दर्शन करने वृंदावन पहुंची थीं। मंदिर परिसर में प्रवेश के दौरान उमड़ी भारी भीड़ और भीषण गर्मी के चलते उनकी 16 वर्षीय पुत्री आराधना तिवारी अचानक सीढ़ियों पर बेहोश होकर गिर गई। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए किशोरी को तुरंत भीड़ से बाहर निकाला और उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय भिजवाया। चिकित्सकों के अनुसार, समय पर इलाज मिलने से अब किशोरी की स्थिति में सुधार है। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार और अन्य श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रशासन की लचर व्यवस्थाओं पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। कानपुर से आईं श्रद्धालु सुमन तिवारी ने मंदिर प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षा और सुविधा के दावे पूरी तरह खोखले हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर में वीआईपी दर्शन आम श्रद्धालुओं पर हावी है, जिसके कारण घंटों लाइन में खड़े रहने वाले आम भक्तों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि संकरी गलियों में भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं। वीकेंड पर उमड़ने वाली संभावित भीड़ को लेकर मंदिर प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के पास कोई ठोस कार्ययोजना नजर नहीं आ रही है।

बलबीर सिंह का आजाद पार्टी से इस्तीफा

इटावा। आजाद समाज पार्टी कांशीराम के प्रदेश सचिव बलबीर सिंह जाटव ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं प्रदेश सचिव पद से अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेज दिया है। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा दिए गए सभी दायित्वों का उन्होंने पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन किया तथा अतिरिक्त प्रभारों का भी पूरी जिम्मेदारी से पालन किया। बलबीर सिंह जाटव ने इटावा स्थित बुद्ध विहार में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदेश सचिव के रूप में संगठन को मजबूत बनाने, पार्टी का विस्तार करने तथा बहुजन समाज के हितों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से उन्होंने उत्तर प्रदेश समिति के समक्ष कई महत्वपूर्ण संगठनात्मक सुझाव एवं मांगें रखीं। इनमें एससी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग से पाँच प्रवक्ताओं की नियुक्ति, लोकतांत्रिक तरीके से आईटी सेल की स्थापना, पार्टी की वेबसाइट बनाकर चुनावी तैयारी, विभिन्न आयोगों के लिए प्रदेश स्तरीय समितियों का गठन, दलित महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचारों की जांच हेतु विशेष समिति, एससी-एसटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समितियाँ, बैकलॉग भर्तियों के लिए राज्यपाल को ज्ञापन, पुराने साथियों को पुनः जोड़ने हेतु वरिष्ठ नेताओं की टीम तथा व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने जैसे सुझाव शामिल थे। उन्होंने कहा कि ये सभी मांगें किसी व्यक्तिगत हित के लिए नहीं, बल्कि संगठन को मजबूत बनाने और बहुजन समाज के हितों की रक्षा के उद्देश्य से रखी गई थीं। लेकिन इन विषयों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया और संगठनात्मक सुधार की दिशा में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ संगठन को संविधान एवं विचारधारा के अनुरूप संचालित नहीं कर रहे हैं, जिससे आहत होकर उन्होंने आत्मसम्मान एवं सिद्धांतों को सर्वोपरि रखते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं प्रदेश सचिव पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया।

सीएमओ ने किया पोलियो अभियान का निरीक्षण

गीडा, गोरखपुर। गोरखपुर जनपद में पल्स पोलियो अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के उद्देश्य से रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरौली के अंतर्गत आने वाले नगवा और खानीपुर पोलियो बूथों का सघन व औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने बूथों पर वैक्सीन की उपलब्धता, कोल्ड चेन के रखरखाव और आने वाले बच्चों की संख्या की बारीकी से समीक्षा की। इस सक्रियता का असर बूथों पर भी दिखा, जहाँ नगवा बूथ पर 74 और खानीपुर बूथ पर 104 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बूथ कवरेज को और अधिक बढ़ाने तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़े दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए हर एक बच्चे को खुराक पिलाना अनिवार्य है, इसलिए रविवार के इस मुख्य दिन का पूरा लाभ उठाते हुए शत-प्रतिशत बच्चों को बूथ तक लाया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में कवरेज कम है, वहाँ आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियाँ और स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर विशेष ध्यान दें ताकि कोई भी लक्षित बच्चा इस सुरक्षा चक्र से छूटने न पाए। सीएमओ के इस औचक निरीक्षण के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरौली के अधीक्षक डॉ. शिवानंद मिश्रा उपस्थित रहे। इसके साथ ही नगवा बूथ पर मुस्तैदी से तैनात आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री अंजली, प्रतिमा सिंह, माया वर्मा और राजकुमारी भी उपस्थित रहीं, जिनके कार्यों की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के अंत में अधीक्षक डॉ. शिवानंद मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सभी निदेर्शों का क्षेत्र में कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

किया गया भगवान श्री दीर्घ विष्णु का ज्येष्ठाभिषेक

मथुरा। उत्तर भारत के प्रमुख मथुरा पुरी बृजमंडल तीर्थ क्षेत्र के प्राचीन श्री दीर्घ विष्णु मंदिर में चतुर्भुज रूप में विराजमान श्री दीर्घ विष्णु भगवान एवं पद्मालयी महालक्ष्मी जी का आज ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा जलयात्रा ज्येष्ठाभिषेक महोत्सव पर प्रातः काल मंगला आरती पश्चात शीतल औषधि युक्त सुगंधित जल धारा से जलाभिषेक किया गया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा को ज्येष्ठा नक्षत्र में प्राकृतिक रूप से ग्रीष्म ऋतु का प्रकोप अत्यधिक रहता है, जिससे शीतलता प्रदान करने के लिए ठाकुर जी का शीतल औषधीय, सुगंधित जल से जलाभिषेक किया जाता है, जिसमें ऋतु अनुकूल, इत्यादि शामिल किए जाते है।

पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। सीएचसी में अधीक्षक ने बच्चे को पोलियो की दो बूँद पिला कर पल्स पोलियो एन आई डी अभियान का शुभारंभ किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर रविवार को पल्स पोलियो अभियान एन आई डी चलाया जा रहा है जिसके क्रम में क्षेत्र के 84 गाँवों में बूथ बना कुल 6921 बच्चों को पोलियो की दो बूँद दवा पिलाई गयी। अभियान के सफल संचालन के लिए डॉ मनोज कुमार, डॉ एस पी सिंह, डॉ रूपेश हलधर सहित चार सेक्टर सुपर वाइजर, आई ओ कौशल कुमार व 19 सुपर वाइजर बनाए गए। जो बच्चे बूथ पर दवा पीने से छूट गए हैं उन्हे सोमवार से घर घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

संक्षेप

बिजली समस्या को लेकर धरना दूसरे दिन भी जारी

तिकुनियां खीरी। बिजली विभाग की अघोषित कटौती, रोस्टिंग और लो बोल्टेज की समस्या से आजिज आकर ग्रामीण व किसान शनिवार से धरने पर डटे हुए हैं। धरने को कई संगठनों का समर्थन मिल गया है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने शनिवार को बिजली विभाग के खिलाफ अनिश्चित कालीन धरने का ऐलान कर दिया और पावर हाउस पर धरने पर बैठ गए। बिजली विभाग की अघोषित कटौती व रोस्टिंग को लेकर ग्रामीणों व किसानों का गुस्सा धरने के रूप में फूट पड़ा। इस धरने में नगर व्यापार मंडल कंछल गुट, भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी गुट और भारतीय सिख संगठन का भी समर्थन इस धरने को मिलने से यह धरना बड़ा रूप ले सकता है। टिकैत गुट के विधानसभा अध्यक्ष जयमल सिंह ने बताया कि विभाग के अधिकारियों ने स्वीकृत ट्रांसफार्मर लगाने के लिए तीन दिन का समय मांगा है, लेकिन हम लोग सोमवार को दो घंटे के लिए सभी फीडर बंद करेंगे और मंगलवार को आधा घंटे के लिए सड़क भी जाम करेंगे। अगर विभाग ने जो समय दिया है तब तक ट्रांसफार्मर नहीं आया तो फिर आंदोलन को बड़ा रूप दिया जायेगा।

सोनभद्र में मगरमच्छ के 35 बच्चे मिले फैली दहशत

सोनभद्र। जिले में घोरावल थाना क्षेत्र के सेमिया गांव में स्थित एक चेकडैम में रविवार शाम मगरमच्छ के 35 बच्चे मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सभी मगरमच्छों को सोन नदी में सुरक्षित छोड़ दिया है। वन क्षेत्राधिकारी जुगैल वन रेंज अवधेश कुमार सिंह ने रविवार को बताया की सेमिया गांव के छितरीपुरवा में एक चेक डैम है जिसमें इस समय कम मात्रा में पानी मौजूद है। रविवार शाम ग्रामीणों ने पानी में मगरमच्छ के दो छोटे-छोटे बच्चे देखें ग्रामीण जब पानी के पास गए तो और भी मगरमच्छ के बच्चे दिखाई दिए। ग्रामीणों ने घटना की सुचना वन विभाग व 100 डायल पुलिस को दिया। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वन विभाग के कर्मचारियों और पीआरबी पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कुल 35 मगरमच्छ के बच्चों को पकड़ कर बोरियों में भर लिया और पास में स्थित सोन नदी में छोड़ दिया। मौके पर मगरमच्छ के बच्चों को देखने वालों की भीड़ लगी रही।

ट्रक से टकराई कार पति-पत्नी की मौत छह घायल

मिर्जापुर। जिले के ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र में लहुरियादह गांव के पास रविवार तड़के वाराणसी-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े ट्रक से पीछे से कार टकरा जाने से पति-पत्नी की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो मासूम बच्चों सहित छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपाधीक्षक अमर बहादुर ने बताया कि मध्य प्रदेश के कटनी जिले के बरही थाना क्षेत्र के निवासी विकास ताम्रकार (35) अपनी पत्नी सोनम, पुत्र शिवांश (4), रुद्र (2) तथा अन्य परिजनों के साथ वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन कर कार से अपने घर लौट रहे थे। कार का चालक सतना जिले का निवासी हीरालाल था।

दो बूंद से पोलियो पर प्रहार, डीएम ने पिलायी जिंदगी की खुराक

जिला संवाददाता(vol)

- 7.33 लाख बच्चों को पूरे जिले में पिलाई जाएगी खुराक घर-घर जाएंगे कर्मचारी

लखीमपुर खीरी। दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार के संकल्प के साथ जिले में रविवार से पल्स पोलियो अभियान का बिगुल बज गया। अभियान का शुभारंभ डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता संग नगरीय स्वास्थ्य केंद्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) अर्जुनपुरवा में फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने मासूम बच्चों को अपने हाथों से पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभिभावकों से एक भी बच्चा छूटने न देने की अपील की।

डीएम ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी पर स्थायी जीत तभी संभव है, जब पांच वर्ष तक का हर बच्चा बिना चूक पोलियो की खुराक ले। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान के दौरान कोई भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाएंगे। डीएम ने बताया कि 28 जून से 6 जुलाई तक चलने वाले इस विशेष अभियान में जिले के 7 लाख 33 हजार 335 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अवश्य पोलियो की दो बूंद पिलाएं और पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करें। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए व्यापक जनजागरूकता चलाई जा रही है। सभी स्वास्थ्य टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि घर-घर पहुंचकर सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रह जाए।

कार्यक्रम में डीएम ने शिशु सृष्टि, हरिनंदन, दीपाली, मंशा, काव्यानी, नैना, अयांश, पीहू और लड्डू सहित कई बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी पासी, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रवि सिंह, एसएमओ विकास सिंह, यूनिसेफ से मुकेश चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की तीन छात्राओं ने एकेटीयू मेरिट में बनायी जगह

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सोनभद्र के विद्युत अभियंत्रण विभाग ने एकेटीयू की बी.टेक. परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। विभाग की तीन छात्राओं ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। छात्राओं की उपलब्धिरूसमृद्धि कुशवाहा, सीजीपीए 9.04 के साथ विश्वविद्यालय रैंक 1, आराधना तिवारी सीजीपीए 8.87 के साथ विश्वविद्यालय रैंक 7, गोमती प्रसाद साहू सीजीपीए 8.85 के साथ विश्वविद्यालय रैंक 9 इस उपलब्धि पर निदेशक प्रो. के. एस. वर्मा ने कहा कि यह महाविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण तथा विद्यार्थियों के सतत परिश्रम का परिणाम है। विद्युत अभियंत्रण विभागाध्यक्ष डॉ. विजय प्रताप सिंह ने इसे विभाग के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं की मेहनत, समर्पण एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन ने विभाग को विश्वविद्यालय स्तर पर नई पहचान दिलाई है।

डॉ. आर. के. पटेल, राम वैस सहित विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने छात्राओं को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विभागाध्यक्ष ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

कर्बला मैदान में पहुंचे ताजिए, अकीदतमंदों ने पेश की खिराज-ए-अकीदत

पिपरिया धानी, खीरी। वीओएल। थाना मोहम्मदी क्षेत्र की मूड़ानिजाम पुलिस चैकी अंतर्गत रामपुर मदारी (चठिया) उमरपुर में लगने वाले ऐतिहासिक ताजिया मेले में रविवार को अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज के गांवों से ताजियादार अपने-अपने ताजिए लेकर या हसन और या हुसैन की सदाओं के बीच कर्बला मैदान पहुंचे, जहां लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए खिराज-ए-अकीदत पेश की। शासन की गाइडलाइन के अनुसार इस वर्ष 10 से 12 फीट ऊंचे ताजिए बनाए गए हैं, जिन्हें 29 जून को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर ताजियों पर फूल चढ़ाए और अपनी मनौतियां मांगीं। कर्बला मैदान में दिनभर धार्मिक आस्था का माहौल बना रहा। अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार राय के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जा रही है, जबकि क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। सुरक्षा की दृष्टि से मेले को चार सेक्टरों में विभाजित किया गया है। मेला प्रभारी गौरव सिंह अपनी टीम के साथ पूरे मेला क्षेत्र में लगातार गश्त करते रहे। सुरक्षा व्यवस्था में कई थानों की पुलिस, पीएसी, फायर ब्रिगेड और मेडिकल टीम को भी तैनात किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। इस दौरान थाना प्रभारी मोहम्मदी उमेश चंद्र चैरसिया, हेड कांस्टेबल विजयभान, कांस्टेबल रोहित कुमार, कांस्टेबल सुधांशु चौधरी, मेला कमेटी के जावेद खान रिंकल, शमसुल खान, शराफत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

रुपये देने के बहाने बुलाकर पिस्टल दिखाने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगन्नाथपुर निवासी एक युवक ने कंपनी संचालकों पर रुपये देने के बहाने कार्यालय बुलाकर पिस्टल दिखाने, जान से मारने की धमकी देने, अभद्रता करने और जातिसूचक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्राम जगन्नाथपुर निवासी रितेश कुमार वर्मा पुत्र श्रीकृष्ण वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीएल फोर्स नामक कंपनी में कार्य करता था। आरोप है कि 24 जून की रात करीब आठ बजे कंपनी संचालक और उनके एक साथी ने रुपये देने के बहाने उसे कार्यालय बुलाया। पीड़ित का आरोप है कि कार्यालय पहुंचते ही उसे अंदर बुलाकर जान से मारने की धमकी दी गई और उसके सीने पर पिस्टल तान दी गई। किसी तरह वह वहां से निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। रितेश कुमार वर्मा का आरोप है कि इस दौरान उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया गया। आरोपियों ने अपने प्रभाव और उच्च अधिकारियों से संबंध होने की बात कहकर उसे डराने-धमकाने का भी प्रयास किया। पीड़ित ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

हरदयाल बने किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष

मोहम्मदी खीरी। तहसील क्षेत्र के गांव दयानत पुर निवासी किसान को किसान यूनियन का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों ने हर्ष बताया है। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने किसानों की समस्याओं को लेकर उनके समाधान के लिए जिले तक संघर्ष करना रहता है उनके कर्तव्य निष्ठा के लिए प्रदेश नेतृत्व ने दयानत पुर निवासी हरदयाल सिंह को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान नेताओं ने स्वरूप भेंट कर उन्हें सम्मानित किया है इस मौके पर बापू अजीत सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बलबीर सिंह मध्यांचल प्रभारी, हरभजन सिंहनिशांन सिंह, अमरदीप सिंह, रणधीर यादव, हैरी गिल, गुरविंदर सिंह, जसबीर सिंह, मुख्तयार सिंह, गुरजीत सिंह, पवन कुमार, बलजिंदर सिंह, सतनाम सिंह, जगतार सिंह, हरिंदर सिंह मनी आदि ने मिठाई खिलाकर एवं सरोपा पहनाकर खुशी मनाई।

बाइक पलटी, एक घायल

आजमगढ़। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर व्योहरा गांव के समीप सड़क पर बने ब्रेकर पर अचानक शनिवार की रात को बाइक अनियंत्रित होने पलट गई। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रसूलपुर व्योहरा गांव निवासी 20 वर्षीय संगम पुत्र शिवधन शनिवार की रात को किसी कार्य से गुजरपार गया था। काम निपटाकर वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। गांव के समीप सड़क पर बने ब्रेकर के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वह गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को सीएचसी ले गए। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हाल गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। संगम बाइक मरम्मत का कार्य करता है।

गर्मी के बीच बिजली की कटौती शुरू

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में भीषण गर्मी के चलते पारा 43 से पार कर गया ऐसे में पावर हाउस पर लगे सिस्टम हाफने लगे जिसके चलते विभाग के अधिकारियों को उपकरणों को बचाने के चलते फीडर के कुछ गांव की बिजली काट कर महज कुछ घंटे के लिए आपूर्ति दी जा रही है जिसके चलते किसानो की खेतीबाड़ी चौपट हो रही है। अंधाधुंध कटौती के चलते लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। गर्मियां शुरू होने से पहले आपूर्ति की तैयारियां अधिकारियों की उदासीनता के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है जिसके चलते डिमांड होने पर ट्रांसफार्मर हाफने लगे हैं।

प्रशासन का दवा 18 घंटे का हवा हवाई हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में महज 4 से 6 घंटे बिजली मिल पाना सुनिश्चित हो पा रहा है और शहरी क्षेत्र में 10 से 12 घंटा आपूर्ति मिल पा रही है। जिसके चलते लोगों को गर्मी में पूरी रात सड़क पर हाथ के पंखों के सहारे बिताना पड़ रहा है। अधिकारियों ने मामले में हाथ खड़े कर दिए हैं उनका कहना है या इंद्रदेव पर ही भरोसा किया जा सकता है बारिश से पहले बिजली व्यवस्था ठीक वहो पाना संभव नहीं बताया जा रहा है।

विदेश भेजने के नाम पर 6 लाख की ठगी के आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव मूडागालिब निवासी एक युवक को विदेश भेजने के नाम पंजाब प्रांत के एक व्यक्ति पर पर 6 लाख की ठगी कर लेने का आरोप लगाते हुए पुलिस को नामित आरोपी के खिलाफ शिकायत देने पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव मूडागालिब निवासी बृजेश गुप्ता ने शिकायती पत्र देकर बताया उसके पुत्र लक्ष्य गुप्ता का फोन से प्रीत सिंह निवासी जैन बिल्ला भनैयन खुर्द लुधियाना पंजाब से संपर्क होकर विदेश जाने के लिए बात हुई जिस पर उन्होंने पासपोर्ट लेकर लुधियाना बुलाकर 50 हजार की रकम नकद लेकर खाते पर 4 लाख 50 हजार उसके पिता ने खाते पर ट्रांसफर किया तीन दिन तक रोके रखा जिसके बाद 1 लाख की रकम खाते में और ट्रांसफर कराकर वीजा देने को लेकर हीला हवाली करने लगा और मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया पीड़ित पुत्र ने वापस लौटकर पूरा वाक्या अपने पिता को बताया पिता की शिकायत पर पुलिस ने नामित आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक में उठे नो एंट्री व यात्री शेड के मुद्दे

सोनभद्र। पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार की अध्यक्षता में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की रविवार को बैठक हुई। इसमें व्यापारियों ने शहर की यातायात व्यवस्था, यात्री सुविधाओं व खतौनी रजिस्टर गायब मामले पर अपनी बात रखी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि 1 जुलाई से सभी विद्यालय खुल रहे हैं। स्कूल सुबह 7 बजे से संचालित होते हैं, जबकि नगर में नो एंट्री का समय सुबह 8 बजे से है। पीक आवर में बच्चों की जल्दी व भारी वाहनों की

जल्दबाजी से दुर्घटना की आशंका रहती है। पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं। उन्होंने बढ़ौली चौराहा, डीएबी स्कूल, जयपुरिया स्कूल मोड़ व अन्य विद्यालयों के पास सिपाही तैनात करने या नो एंट्री का समय एक घंटा बढ़ाने की मांग की।

शर्मा ने बताया कि चुर्क मोड़ सर्किट हाउस तिराहा महत्वपूर्ण स्थान है। यहां रोज सैकड़ों यात्री, विद्यार्थी व ग्रामीण बस का इंतजार करते हैं, लेकिन बैठने या मौसम से बचाव की कोई व्यवस्था नहीं है। गर्मी, बारिश व सर्दी में महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों को परेशानी होती है। यह जनपद का मुख्य प्रवेश द्वार भी है, इसलिए यहां यात्री शेड व पुलिस पिकेट बनाई जाए। उन्होंने 22 फरवरी, 2018 को संदिग्ध परिस्थितियों में गायब खतौनी रजिस्टर का मुद्दा भी उठाया। 4 मार्च 2018 को प्राथमिकी के बाद भी 8 साल में न रजिस्टर मिला, न सर्वे लिस्ट प्रकाशित हुई। इससे जमीन विवाद बढ़ रहे हैं। दोषियों को सार्वजनिक करने की मांग की। बैठक में राजेश जायसवाल, राजू जायसवाल, नागेंद्र मोदनवाल, विनोद जायसवाल, अमित अग्रवाल, धीरेंद्र जायसवाल, हाजी सलीम हुसैन सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

हिंसक तेंदुआ पिंजड़े में कैद

धौरहरा खीरी। वन रेंज धौरहरा के अधीन ईसानगर बीट के एक गांव में 21 दिन पूर्व छः वर्षीय बालक का निवाला बनाने वाला हिसंक जीव आखिरकार वन विभाग के झांसे में आकर शनिवार रात पिछड़े में समा गया जिसमें क्षेत्र वासियों ने राहत की सांस ली। प्राप्त विवरण के अनुसार वन रेंज धौरहरा की ईसानगर बीट के गांव लालजी पुरवा निवासी छः वर्षीय शुभम अपने पिता के साथ खेत पर गया था तभी हिसंक तेंदुए का निवाला बन गया था। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ईसानगर खमरिया मार्ग को जाम कर दिया। मामले की सूचना पर विधायक विनोद शंकर, एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि, क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह सहित अधिकारियों की मान मनौव्वल के बाद ग्रामीण मानें थे। वन विभाग व ईसानगर पुलिस ने हिसंक पशु की लोकेशन को ट्रेस करके पिंजड़ा लगाया था।जो कि शनिवार रात वन विभाग के झांसे में आकर पिंजड़े में समा गया। बताया जाता है कि घटना के बाद से ग्रामीणों में भय होने के चलते घर से बाहर व खेतों तक जाने में परहेज करते थे।वन विभाग के अनुसार पकड़ा गया तेंदुआ का चिकित्सकीय परीक्षण रेंज आफिस में डाक्टर दया व राकेश वर्मा द्वारा किया गया जो कि पूर्ण रुप से स्वस्थ होने के साथ उम्र 6--7 वर्ष बताई जा रही। फिलहाल तेंदुए के पकड़े जाने से दर्जनों गांवों के लोगों को राहत मिली।

रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध परिस्थिति में युवक का मिला शव

मीरजापुर। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज डिवीजन अन्तर्गत दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर स्थित मीरजापुर रेलवे स्टेशन पर रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने से स्टेशन पर हड़कंप मच गया। प्लेटफार्म नंबर एक पर बने दीवार के पास मोटे केबल के बंडल के नीचे युवक का शव मिलने के बाद मौके पर हड़कंप मचा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार युवक का शव रात से ही पड़ा होना बताया जा रहा है। आश्चर्य कि बात है कि जीआरपी से लेकर आरपीएफ को इसकी भनक तक नहीं होने पाई है। कहने को तो रेलवे स्टेशन पर 24 घंटे पुलिस चक्रमण/गस्त करती है। फिर भी पुलिस को लाश होने की सूचना सुबह मिलती है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस शिनाख्त कराने में जुटी हुई है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि., लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 896/निविदा सूचना/2026 दिनांक- 24.06.2026

17ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (द्वितीय आमन्त्रण)

अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि., लखीमपुर-खीरी द्वारा महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से उ.प्र. लोक निर्माण विभाग के श्रेणी ए,बी,सी एवं डी में पंजीकृत निविदाताओं से ई-टेडरिंग के माध्यम से जनपद लखीमपुर-खीरी में पैच मरम्मत कार्य हेतु निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	निविदा की लागत (रू. लाख)	बिड सिक्योरिटी (रू. लाख)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित)(रू.)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	लखीमपुर-खीरी	जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत ब्लाक फूलबेहड में स्थित विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	20.00	2.00	Rs. 944.00	09 माह
2	”	जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत ब्लाक फूलबेहड में स्थित अन्य जिला मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य।	20.00	2.00	Rs. 944.00	09 माह
3	”	जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत ब्लाक नकहा में स्थित विभिन्न ग्रामीण मागो पर पैच मरम्मत का कार्य।	20.00	2.00	Rs. 944.00	09 माह
4	”	जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत ब्लाक रमियाबेहड में स्थित विभिन्न ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	20.00	2.00	Rs. 944.00	09 माह
5	”	जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत ब्लाक रमियाबेहड में स्थित राज्य मार्ग/अन्य जिला मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य।	20.00	2.00	Rs. 944.00	09 माह
6	”	जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत ब्लाक धौरहरा में स्थित अन्य जिला मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य।	20.00	2.00	Rs. 944.00	09 माह
7	”	जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत विधान सभा लखीमपुर में स्थित राज्य मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	20.00	2.00	Rs. 944.00	09 माह
8	”	जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत विधान सभा श्रीनगर में स्थित राज्य मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य।	20.00	2.00	Rs. 944.00	09 माह

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 02.07.2026 से दिनांक 09.07.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 09.07.2026 को समय मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 09.07.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(के.के. झा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1,लो.नि.वि., लखीमपुर-खीरी

UPID-253045 Date: 27.06.2026 Website : www.upgov.nic.in

गोला ने पलिया को हराकर जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वर्गीय राजेन्द्र गिरि स्मारक स्टेडियम में आयोजित बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के सेंट्रल जोन क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब मेजबान गोला टीम ने अपने नाम कर लिया। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में गोला ने पलिया को एकतरफा अंदाज में हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट के समापन पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

फाइनल मुकाबले में गोला टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पलिया की टीम गोला के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और निर्धारित ओवरों में केवल 61 रन ही बना पाई। जवाब में गोला के बल्लेबाजों ने तेज शुरूआत करते हुए महज आठवें ओवर में लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। पूरे टूर्नामेंट में गोला टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। टीम ने चार मुकाबलों में तीन जीत दर्ज करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गोला के खिलाड़ी दिव्य प्रताप सिंह को मैन ऑफ द मैच तथा पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उपविजेता पलिया टीम को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गयज्ञ मैच शुरू होने से पहले गोला चीनी मिल के यूनिट हेड राकेश यादव ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह में उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार वितरण समारोह में बरखेड़ा टीम के रामकृष्ण पटेल को बेस्ट बॉलर, खंभारखेड़ा के जितेंद्र पांडे को हैट्रिक बॉलर तथा मकसूदापुर के कैलाश कुमार को सेंचुरी अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में अंपायरिंग की जिम्मेदारी जीशान खान एवं मदन मोहन ने निभाई। इस अवसर पर यूनिट हेड राकेश यादव, एचआर हेड अजीत तिवारी, राहुल मिश्रा, जी.एन. सिंह, अखिलेश सिंह, विनय शंकर चैबे, चेतराम बघेल, डीके सचान, एनएस नायर, मनोज मिश्रा, शिव सिंह बजेठा, हरिश्चंद्र जोशी, तनवीर अहमद, अमरीक सिंह, अजय पांडे, गोपाल जायसवाल, शुभम शर्मा, सत्यम त्रिपाठी, गौरव मलिक, पवन कुमार, शैलेन्द्र शाह, गिरजा शंकर, योगेंद्र कुमार, अमित तिवारी, अभिषेक, शोभन औदिच्य सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

मस्जिद में विवाद के बाद बढ़ा तनाव

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र के ग्राम अल्लांगंज स्थित एक मस्जिद में हुए विवाद के बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया है। एक पक्ष ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर नामजद लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता करम तुल्ला, जो स्वयं को मस्जिद का सदर बताते हैं, ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मस्जिद से जुड़े एक विषय पर चर्चा के लिए लोगों को बुलाया गया था। आरोप है कि इसी दौरान दूसरे पक्ष के कुछ लोग मस्जिद परिसर में पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपितों ने मस्जिद के इमाम के प्रति भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर करम तुल्ला के पुत्र ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन उसके साथ मारपीट की गई। शिकायत में सराफत, सिराज, सरताज, अनीक, सलमान, साजिद, अख्तर समेत कई लोगों को नामजद किया गया है। पीड़ित पक्ष ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बलरामपुर

पत्रांकः- /ग्रा0अ0वि0/निविदा-प्रकाशन/बलरामपुर/2026-27 दिनांक

ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस (द्वितीयकाल)

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में ए,बी,सी एंव डी श्रेणी में पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्यो हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1- निविदादाता को सलाह दी जाती है कि कृपया नोट कर ले कि कान्टैज्क्ट के अवार्ड हेतु अर्ह के लिये बिडर्स के निर्देश के क्लाज-4 के अनुसार न्यूनतम् अर्हता रखता हो।

2- कार्य का विवरण।

क्र. सं.	विधान सभा का नाम	कार्य का नाम	कार्य की लागत (लाख में) जी.एस.टी. सहित	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिला धिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
		क्रिटिकल गैप्स योजनान्तर्गत							
1	बलरामपुर	बलरामपुर बचपन डे केयर सेन्टर का उन्नयन कार्य।	3.00	0.06	680.00	6 माह	ग्रा.अ.वि. विकास भवन बलरामपुर	ग्रा.अ.वि. परिमण्डल देवीपाटन गोण्डा	जिला धिकारी बलरामपुर

कार्य से संबन्धित निविदा प्रपत्र वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 02.07.2026 से 11.07.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी तकनीकी निविदाए दिनांक-11.07.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-बलरामपुर में खोली जायेगी।

वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से संबंधित समस्त विवरण, विस्तृत शर्ते तथा बीडिगं डॉक्यूमेन्टस आनलाइन देखे जा सकते है।

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बलरामपुर।

UPID-253066 Date: 27.06.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

एमए राजनीति विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा एक जुलाई को

सुल्तानपुर (वीओएल)। राणा प्रताप पीजी कॉलेज में एमए राजनीति विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा एक जुलाई को सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। यह जानकारी आंतरिक परीक्षक डॉ. मंजू ठाकुर ने दी। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से निर्धारित तिथि और समय पर महाविद्यालय पहुंचने की अपील की है। परीक्षार्थियों को अपने प्रवेश पत्र, रिसर्च प्रोजेक्ट, प्रैक्टिकल फाइल तथा अन्य आवश्यक सामग्री साथ लाना अनिवार्य होगा। महाविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा छूटने की स्थिति में इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित छात्र-छात्राओं की होगी।

डीएम ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ

रायबरेली। डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने जिला (महिला) अस्पताल परिसर के बूथ से पल्स पोलियों अभियान के अन्तर्गत बूथ डे के अवसर पर बच्चों को पोलियों की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद को पोलियों मुक्त रखने के लिए अभियान में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाएं, शत प्रतिशत बच्चों को पोलियों की खुराक से आच्छादित किया जाए। डीएम ने बताया कि जनपद में कुल 1672 बूथ बनाए गए हैं जहां पर 0 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जनपद के कुल 367432 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है, जो बच्चे रविवार को पोलियो की खुराक पीने से छूट जाएंगे उन्हें अगले 5 दिनों तक 1167 टीम द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तैयारियां पूर्ण करा ली जाए समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान करेंगे। सीएमओ डॉ० नवीन चंद्रा द्वारा अवगत कराया गया कि पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए 31 ट्रांजिट टीम, 38 मोबाइल टीम, 337 सुपर वाइजर को लगाया गया है।

नौगवातीर में हर घर जल योजना पूरी, घर-घर पहुंचा शुद्ध पेयजल

सुलतानपुर (वीओएल)। जल जीवन मिशन के तहत नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा कुड़वार ब्लॉक के ग्राम पंचायत नौगवातीर में संचालित हर घर जल योजना का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। करीब 326.79 लाख रुपये की लागत से तैयार इस योजना के माध्यम से अब गांव के 779 परिवारों को घर-घर नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के अंतर्गत 200 केएल क्षमता और 16 मीटर ऊंचाई की ओवरहेड टंकी का निर्माण कराया गया है। जलापूर्ति के लिए रोस्टर निर्धारित किया गया है, जिसके अनुसार प्रतिदिन सुबह सात बजे से दस बजे तक तथा शाम तीन बजे से छह बजे तक पानी की आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना के शुरू होने से वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान हो गया है। अब लोगों को हैंडपंपों और दूरस्थ जल स्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे समय की बचत होने के साथ स्वच्छ पेयजल मिलने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आने की उम्मीद है। ग्रामीण भवानी प्रसाद ने बताया कि पहले पानी के लिए काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब घर पर ही नल से पानी मिलने लगा है।

कितने सुरक्षित हैं जिले के स्कूल व कोचिंग संस्थान

पवन कुमार शर्मा

सुल्तानपुर। लखनऊ में हुए दर्दनाक कोचिंग हादसे के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में कोचिंग संस्थानों, बेसमेंट लाइब्रेरी, निजी नर्सिंग होम तथा अन्य सार्वजनिक संस्थानों की सुरक्षा जांच का अभियान चलाया जा रहा है। सुल्तानपुर में भी प्रशासन सक्रिय हुआ है और अब तक 196 में से 111 कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया जा चुका है। हालांकि इस कार्रवाई के बीच जिले की समूची शिक्षा व्यवस्था और बच्चों की सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण सवाल उठ रहे हैं। शैक्षिक सत्र 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार, सुल्तानपुर जिले में सभी बोर्डों को मिलाकर कक्षा 1 से 12 तक कुल 3,641 विद्यालय संचालित हैं। इनमें 2,064 सरकारी एवं परिषदीय विद्यालय, 1,007 निजी विद्यालय तथा 323 माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। इन विद्यालयों में कुल 5,20,564 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कक्षा 9 से 12 तक जिले में 356 विद्यालय संचालित हैं। इनमें 29 राजकीय, 58 सहायता प्राप्त (एडेड), 73 वित्तविहीन तथा 45 सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध विद्यालय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जिले में 196 कोचिंग संस्थान संचालित हैं, जिनमें से 111 की जांच प्रशासन द्वारा की जा चुकी है।

कार्रवाई अब क्यों? : जनता का सबसे बड़ा सवाल यही है कि जिन कोचिंग संस्थानों पर आज कार्रवाई हो रही है, वे वर्षों से संचालित हो रहे थे। यदि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो रहा था, तो संबंधित विभाग अब तक मौन क्यों थे? क्या प्रशासन को इन अनियमितताओं की जानकारी नहीं थी, या जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई?

● आखिर हादसों के बाद क्यों जागता है प्रशासन

क्या स्कूलों की भी होगी व्यापक जांच? : जिले के अनेक निजी विद्यालय ऐसे हैं, जहां अग्निशमन व्यवस्था, आपातकालीन निकास, भवन सुरक्षा और अन्य आवश्यक मानकों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। यदि कोचिंग संस्थानों की जांच जरूरी है, तो क्या 3,641 विद्यालयों का भी सुरक्षा ऑडिट कराया जाएगा? आखिर प्रतिदिन पांच लाख से अधिक छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है?

लोगों का सवाल : क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही सक्रिय होगा? क्या सभी विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों का नियमित सुरक्षा ऑडिट होगा? जिन अधिकारियों की अनुमति से संस्थान वर्षों तक संचालित होते रहे, उनकी जवाबदेही कब तय होगी? क्या जिले के सभी शिक्षण संस्थानों की वैधता और सुरक्षा संबंधी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी?

बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : विशेषज्ञों का मानना है कि केवल कुछ दिनों का निरीक्षण अभियान पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में नियमित सुरक्षा जांच, फायर सेफ्टी ऑडिट, भवन मानकों का अनुपालन और जवाबदेही की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जनता का सवाल : क्या प्रशासन केवल हादसों के बाद जागेगा, या बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता बनाते हुए समय रहते प्रभावी और स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करेगा?

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का त्याग हमेशा रहेगा स्मरणीय

● बंदियों के सुधार के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : महानिदेशक

रायबरेली। महानिदेशक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उत्तर प्रदेश, पी.सी. मीणा रविवार को जिला कारागार के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कारागार परिसर में नवनिर्मित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक का विधि-विधान से उद्घाटन किया। देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों और यहां आने वाले लोगों को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता रहेगा।

उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात महानिदेशक पी.सी. मीणा ने कारागार की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और समस्त बैरकों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, सुरक्षा मानकों और बंदियों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की। महानिदेशक ने बैरकों में जाकर बंदियों से सीधे बातचीत की। उन्होंने बंदियों से उनके मुकदमों और केस से संबंधित प्रगति की जानकारी ली। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन बंदियों को विधिक सहायता (लीगल एड) की आवश्यकता है, उन्हें समय पर सरकारी वकील व कानूनी मदद उपलब्ध कराई जाए ताकि किसी भी बंदी के मानवाधिकारों का हनन न हो।

रुद्राक्ष का पौधा रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कारागार परिसर को हरा-भरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के संकल्प के तहत महानिदेशक द्वारा जेल प्रांगण में अत्यंत पवित्र माने जाने वाले रुद्राक्ष के वृक्ष का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने वहां उपस्थित जेल अधिकारियों व कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और कारागार परिसर में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। महानिदेशक ने जेल प्रशासन को बैरकों की सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने और बंदियों के सुधार व पुनर्वास के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण एवं उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उपमहानिरीक्षक कारागार डॉ. रामधनी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, जेलर हिमांशु रौतेला, डॉ. सुनील अग्रवाल, डिप्टी जेलर जन्मेजय सिंह गौर, अंकित कुमार गौतम, सुमैया परवीन, धर्मपाल सहित कारागार के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मनरेगा कार्यों पर उठे सवाल, पोर्टल पर 39 मानव दिवस दर्ज, मौके पर नहीं मिला एक भी मजदूर

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों को लेकर प्रतापपुर कमैचा विकास खंड की ग्राम पंचायत पी.पी. कमैचा में बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। यहां तालाब खुदाई कार्य में पोर्टल पर 27 जून को 39 मानव दिवस का कार्य और ऑनलाइन हाजिरी दर्ज दिखाई गई, लेकिन मौके पर स्थिति इससे बिल्कुल अलग मिली। स्थल निरीक्षण के दौरान तालाब पर न तो कोई मजदूर कार्य करता मिला और न ही हाल में हुए किसी कार्य के स्पष्ट निशान दिखाई दिए। तालाब के भीतर घास उगी हुई मिली, जिससे यह प्रतीत नहीं हुआ कि वहां हाल के दिनों में मनरेगा के तहत कोई कार्य कराया गया हो। दूसरी ओर, एनएमएमएस पोर्टल पर उसी दिन चार मस्टर रोल के माध्यम से 39 मानव दिवस दर्ज होना कई सवाल खड़े कर रहा है। सबसे बड़ा प्रश्न ग्राम पंचायत सचिव और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ) की निगरानी व्यवस्था पर उठ रहा है। जब प्रत्येक कार्य का सत्यापन संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है, तो बिना मौके पर कार्य हुए ऑनलाइन उपस्थिति कैसे दर्ज हुई? ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं। यदि जांच में अनियमितता सामने आती है तो यह मामला केवल एक ग्राम पंचायत तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि मनरेगा की पूरी निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करेगा।

एआरटीओ का सघन चेकिंग अभियान, यातायात नियम तोड़ने वालों पर की कार्रवाई

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए शनिवार देर शाम बैंतीकला टोल प्लाजा पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व शैलेंद्र तिवारी ने किया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों के दस्तावेजों की गहन जांच की गई। बिना हेलमेट बाइक चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन करने और बिना वैध परमिट के व्यावसायिक वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार चालान किया गया। कई वाहन चालकों को मौके पर चेतावनी देकर भविष्य में नियमों का पालन करने की हिदायत भी दी गई। एआरटीओ शैलेंद्र तिवारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग को अनिवार्य बताते हुए कहा कि यह केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। शराब के नशे में वाहन चलाना स्वयं और दूसरों के लिए गंभीर खतरा है। अभियान के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने लोगों से सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने, गति सीमा का पालन करने और नाबालिगों को वाहन न चलाने देने की अपील की। पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम पूरे समय मौके पर मौजूद रही।

यूपी रोडवेज की 'धक्का मार सेवा'

रायबरेली। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करती एक तस्वीर रायबरेली से सामने आई है। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के हरचंदपुर चैराहे पर यूपी रोडवेज की एक बस अचानक बीच सड़क पर खराब हो गई। बस के बंद होने के बाद यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए खुद ही मोर्चा संभालना पड़ा। बताया जा रहा है कि चलती बस अचानक खराब हो गई, जिसके बाद चालक और परिचालक के साथ यात्रियों ने भी बस को आगे बढ़ाने के लिए धक्का लगाना शुरू कर दिया। इस दौरान किसी यात्री ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में यात्री रोडवेज बस को धक्का लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस घटना को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। यात्रियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी परिवहन सेवा में सफर करने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं और सुरक्षित यात्रा मिलनी चाहिए, लेकिन इस तरह की घटनाएं व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं।

विधायक ने 8.70 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

रायबरेली। सदर विधानसभा क्षेत्र के गोरा बाजार स्थित 25वीं वाहिनी पीएसी परिसर में भव्य श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा एवं शिखर पूजन समारोह का आयोजन श्रद्धा व भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पीएसी जवानों एवं श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। समारोह में पहुंचकर मुख्य अतिथि ने प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान आयोजित सुंदर भजन संध्या ने पूरे परिसर को भक्तिमय माहौल से भर दिया। श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लेते हुए प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाए। कार्यक्रम के दौरान पीएसी परिवार की ओर से अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर मिले स्नेह, सम्मान और स्मृति चिन्ह के लिए पीएसी परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। वहीं, राष्ट्र सेवा में तैनात जवानों की सुरक्षा, सुविधा और बेहतर कार्य परिस्थितियों को मजबूत करने के उद्देश्य से लगभग 8.70 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया। एसपी रवि कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में जिन प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई, उनमें ?172.14 लाख की लागत से बाउंड्री वॉल निर्माण एवं मरम्मत कार्य, ?151.42 लाख की लागत से 325 किलोलीटर क्षमता वाले ओवरहेड वाटर टैंक एवं सबमर्सिबल पंप की स्थापना व 410.36 लाख व 136.14 लाख से विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ीकरण और आधुनिक स्ट्रीट लाइटिंग कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर कहा गया कि राष्ट्र की सुरक्षा में समर्पित जवानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

अदिति सिंह ने लालूपुर चौहान आवास पर सुनीं जनसमस्याएं

रायबरेली। विधायक अदिति सिंह ने लालू पुर चौहान स्थित अपने निज आवास पर आयोजित ह्यजनता दर्शनह्य कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों से आत्मीय भेंट की। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को उन्होंने गंभीरतापूर्वक सुना। जनता दर्शन के दौरान सड़क, बिजली, पानी, आवास, अतिक्रमण, अवैध वसूली और अन्य स्थानीय समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। बड़ी संख्या में लोग अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर पहुंचे।

अदिति सिंह ने सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में पूर्ण संवेदनशीलता बरती जाए और किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने हर शिकायत का समयबद्ध, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने को कहा ताकि प्रत्येक शिकायतकर्ता को न्याय मिले। सदर विधायक ने कहा कि इस भीषण गर्मी में सभी नागरिक गर्मी से बचाव के उपाय करें। साथ ही सामाजिक समस्याओं से जूझने के लिए सदैव जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने दोहराया कि जनता की अपेक्षाएं और विश्वास उनके लिए सर्वोपरि हैं। रायबरेली सदर की जनता की सेवा, उनकी समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का समग्र विकास ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता एवं सतत संकल्प है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक हर हाल में पहुंचे।

46 पीएचसी पर आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित

सुलतानपुर (वीओएल)। जनपद के सभी 46 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को 259वां आरोग्य स्वास्थ्य मेला सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। स्वास्थ्य मेले का आयोजन जनपद के 57 चिकित्सकों और 273 पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मेले में कुल 1405 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। इनमें 633 पुरुष, 669 महिलाएं और 103 बच्चे शामिल रहे। चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य मेले के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ लोगों तक पहुंचाया गया। पात्र लाभार्थियों के लिए 18 गोल्डेन कार्ड बनाए गए, जिससे जरूरत पड़ने पर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इसके अलावा 17 आभा कार्ड भी तैयार किए गए, जो डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 51 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। स्वास्थ्य विभाग ने इसे जागरूकता और रोकथाम की दिशा में अहम पहल बताया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को घर के नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास लगातार जारी है।

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के सभी आरोपियों के घरों पर छापेमारी

अयोध्या। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के सभी आठ आरोपियों के घर रविवार को सुबह पुलिस ने एक साथ दबिश दी। टीमें एक साथ सभी के घर पहुंची। घरवालों से पूछताछ की। साथ ही पड़ोसियों से बातचीत करके जानकारी जुटाई। पुलिस टीम अनुकल्प मिश्रा, अवनीश शुक्ला, मनीष यादव, टिन्नू यादव समेत अन्य आरोपियों के आवासों पर पहुंची। घरों की तलाशी लेने के साथ मौजूद परिजनों के बयान दर्ज किए। जांच के दौरान स्थानीय लोगों को भी अपने बयान और साक्ष्य पुलिस के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के घरों के प्रवेश द्वार पर पुलिस बल तैनात रहा, ताकि जांच में किसी प्रकार का व्यवधान न हो और अनधिकृत लोगों का प्रवेश रोका जा सके। इस मामले में बृहस्पतिवार को एफआईआर दर्ज किया गया था। जबकि, शुक्रवार को सभी आठ आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। अब पुलिस साक्ष्य जुटाने और मामले की विवेचना को आगे बढ़ाने में जुटी है। इसी क्रम में कौशलपुरी फेस-एक में आरोपी अविनाश शुक्ला के किराये के मकान पर भी पुलिस ने कार्रवाई की। जांच के दौरान मकान के प्रवेश मार्ग पर ताला लगाकर क्षेत्र को पुलिस निगरानी में ले लिया गया। पुलिस मौके पर जांच-पड़ताल में जुटी है। मामले में अब तक सात आरोपियों से करीब 79 लाख रुपये की बरामदगी हो चुकी है। इनमें सबसे अधिक करीब 20 लाख रुपये अविनाश शुक्ला के पास से बरामद होने की बात सामने आई है। पुलिस सभी आरोपियों के आवासों पर साक्ष्य जुटाने और मामले की गहन जांच कर रही है। बताते चलें कि बीती छह जून को राम मंदिर की चढ़ावा धनराशि में से चोरी का मामला सामने आया था। बाद में मंदिर ट्रस्ट की सिफारिश पर प्रदेश सरकार ने एसआईटी गठित की। दो दिन पहले एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी। इसके बाद बृहस्पतिवार की शाम को मंदिर ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन ने गणना में शामिल कर्मियों अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडेय और रमाशंकर मिश्रा व पर्यवेक्षणीय कर्मी सुभाष श्रीवास्तव व महासचिव चंपत राय के चालक

● पुलिस ने घरवालों से की पूछतांछ, पड़ोसियों से भी ली जानकारी
● अविनाश शुक्ला के किराये के मकान लगाया ताला

रामशंकर उर्फ टिन्नू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रामजन्मभूमि थाने में दर्ज एफआईआर में कृष्ण मोहन ने बताया कि मंदिर में चढ़ावा धनराशि के गबन/चोरी के संबंध में एसआईटी गठित की गई थी। एसआईटी रिपोर्ट से यह तथ्य प्रकाश में आया है कि गणना प्रक्रिया में सेवारत कुछ कर्मियों ने भेंट/चढ़ावा धनराशि की चोरी की है। पर्यवेक्षणीय कार्य में लगे सुभाष श्रीवास्तव और बैंक पर्यवेक्षणीय कर्मी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू की भूमिका भी प्रथम दृष्टया है। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बिना सत्यापन रखे गये थे कर्मचारी

राम मंदिर प्रबंधन ने कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन नहीं कराया था। यह सीधे तौर पर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ है। बताया जाता है कि एसआईटी ने अपनी जांच में इस तथ्य को गंभीरता से लिया है। इसमें सुधार के निर्देश भी दिए गए हैं। राम मंदिर देश के सबसे संवेदनशील धार्मिक स्थलों में से एक है। इसकी सुरक्षा व्यवस्था बेहद अहम है। एसआईटी की जांच में यह बड़ी लापरवाही उजागर हुई। अधिकतर कर्मियों की भर्ती ट्रस्ट के पदाधिकारियों व उनके करीबियों की सिफारिश पर हुई थी। इसलिए कोई जांच-पड़ताल नहीं हुई और उन्हें वेतन मिलने लगा। राम मंदिर परिसर में लगभग 800 कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें से करीब 600 कर्मी ठेके पर रखे गए हैं। लगभग 200 कर्मी ट्रस्ट ने सीधे नौकरी पर रखे हैं। इन सभी कर्मियों का पुलिस सत्यापन नहीं कराया गया। अमूमन हर नौकरी के लिए पुलिस सत्यापन अनिवार्य होता है। मंदिर प्रंधन में भर्ती का खेल खूब चला। पहले ट्रस्ट के पदाधिकारियों, उनके रिश्तेदारों व करीबियों ने अपने लोगो की भर्ती कराई। फिर जो लोग भर्ती हुए वह अपने रिश्तेदारों व दोस्तों की भर्ती करवाने में जुट गए। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में कई बड़े खुलासे हुए हैं। एसआईटी ने अपनी विस्तृत जांच में करीब 40 लोगों को दोषी पाया है। इनमें कंट्रोल रूम प्रभारी, वहां तैनात कर्मी और गणना कक्ष के बाहर के सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। पुलिस अब इन सभी की भूमिका की जांच कर रही है। निजी सुरक्षाकर्मियों के साथ पुलिस और पीएसी के कर्मी भी इसमें शामिल हैं। आपराधिक संलिप्तता पाए जाने पर कानूनी शिकंजा कसा जाएगा।

अनुभवात्मक शिक्षा व भारतीय ज्ञान परंपरा पर जोर

सुलतानपुर (वीओएल)। महर्षि विद्या मंदिर में आयोजित सीबीएसई इन-हाउस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन अनुभवात्मक शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा और नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत गुरु पूजा एवं सामूहिक भावातीत ध्यान से हुई। प्रधानाचार्य जे.एन. उपाध्याय ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि एनईपी 2020 स्वायत्तता, सुशासन और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि अनुभवात्मक शिक्षा सीखने की ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें छात्र वास्तविक जीवन के अनुभवों के माध्यम से ज्ञान अर्जित करते हैं। यह चिंतन और व्यावहारिक अनुभव पर आधारित शिक्षण प्रणाली है, जो विद्यार्थियों की समझ को गहराई प्रदान करती है। मुख्य वक्ता डॉ. हरिओम तिवारी ने आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति दया, करुणा, विश्वास और संस्कारों की आधारशिला है। बच्चों को अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने व्यावसायिक शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि कौशल आधारित शिक्षा रोजगार सृजन का मजबूत माध्यम है। इससे बच्चों की छिपी प्रतिभा निखरती है और वे आत्मनिर्भर बनते हैं। वक्ताओं ने कहा कि भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने के लिए शिक्षा में भारतीयता, नैतिक मूल्यों और चेतना के विकास को प्राथमिकता देनी होगी। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भावातीत ध्यान एवं प्राणायाम के साथ हुआ।

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर डलमऊ वीआईपी गंगा घाट में होगा भव्य गंगा आरती आयोजन

रायबरेली। प्रभागीय निदेशक एवं सदस्य संयोजक, जिला गंगा समिति रायबरेली प्रखर मिश्र ने बताया कि भारतीय संस्कृति, सभ्यता और आध्यात्मिक परंपराओं की जीवनदायिनी धारा मां गंगा के प्रति श्रद्धा, आस्था एवं जन-जागरूकता को समर्पित एक भव्य गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन 29 जून सायं 6:30 बजे सोमवार को जनप्रतिनिधिगण की गरिमामयी उपस्थिति में डलमऊ वीआईपी गंगा घाट पर गंगा महा आरती का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि मां गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक विरासत और लोकजीवन की आधारशिला हैं। सदियों से गंगा ने हमारी सभ्यता को पोषित किया है तथा सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त बनाने का कार्य किया है। गंगा के तटों पर विकसित हुई संस्कृति ने विश्व को मानवता, सहअस्तित्व, पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिकता का संदेश दिया है। उन्होंने बताया है कि इस अवसर पर आयोजित होने वाली भव्य गंगा आरती न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होगी, बल्कि गंगा स्वच्छता, निर्मलता एवं अविरलता के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने का भी माध्यम बनेगी।

मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता : राज्यपाल

● गर्भवती महिलाओं के पोषण, बच्चों के पूर्ण टीकाकरण, पल्स पोलियो अभियान व संतुलित आहार को प्राथमिकता दी जाये

अयोध्या। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित मातृशक्ति कॉन्क्लेव अयोध्या-2026ष्में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम में आयोजित माँ-बेटी संवाद के माध्यम से शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। राज्यपाल ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी एवं सीएसआर अनुदानित सामग्रियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 200 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन तथा 10 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक भी पिलाई गई। कार्यक्रम में विद्याशक्ति पहल के अंतर्गत 5 स्वयं सहायता समूहों को पुस्तकें, एक स्वयं सहायता समूह को ऑनामेंटल फिशरीज किट, 5 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन, 7 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र तथा विभिन्न लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र राज्यपाल द्वारा प्रदान किए गए। राज्यपाल ने कहा कि मातृशक्ति कॉन्क्लेव जैसे आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन के प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है तथा भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में रसोई व्यवस्था का शत-प्रतिशत सुदृढ़ होना तथा बच्चों को नियमित रूप से गर्म एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाना अत्यंत सराहनीय है। राज्यपाल ने माताओं से अपील की कि वे अपनी बेटियों को एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं तथा 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच एवं कैंसर स्क्रीनिंग करानी चाहिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पोषण, बच्चों के नियमित टीकाकरण, पल्स पोलियो अभियान, संतुलित आहार तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष बल दिया।

उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देना परिवार की सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों को मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से दूर रखते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं महापुरुषों के आदर्शों से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने किशोरियों को अच्छी शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने तथा गलत संगति से दूर रहने का संदेश दिया। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की नियमित सहभागिता सुनिश्चित करने, प्रतियोगिताओं के आयोजन, कार्यकत्रियों के नियमित प्रशिक्षण एवं योग्यता परीक्षण तथा पर्यवेक्षकों एवं सीडीपीओ द्वारा सतत निगरानी पर भी विशेष बल दिया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा ष्बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओष अभियान, विद्याशक्ति पहल एवं सीएसआर से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित माँ-बेटी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बृजेंद्र सिंह, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र भिटौरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

भाजपाइयों ने पीएम के मन की बात को सुना

लालगंज, रायबरेली। सरेनी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना और उससे प्रेरणा लेकर समाज जीवन में कार्य करने का संकल्प लिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने भारतीय नौसेना के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। स्वदेशी विमानों के निर्माण से रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। भाजपा नेता अनूप पांडे ने कहा कि स्वास्थ्य और कल्याण की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि देशभर में ढाई हजार स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। उन्होंने फुटबॉल और युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियों की भी चर्चा कर उन्हें प्रोत्साहित किया।

देश को पोलियो मुक्त रखने के लिए हर बच्चे को खुराक जरूरी : डॉ. शलभ

जिला संवाददाता

देवरिया । महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज के (एमसीएच विंग) से रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया।सदर विधायक डॉ शलभ मणि ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अनिल कुमार गुप्ता और मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ रजनी पटेल ने साथ मिलकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर इस राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत की।अभियान की शुरूआत करते हुए सदर विधायक डॉ शलभ मणि ने कहा कि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए हर बच्चे को समय पर दवा

● सदर विद्यालय के पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

पिलाना अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम की सराहना करते हुए कहा कि दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में भी हर घर तक पहुंच सुनिश्चित की जाए, ताकि 0 से 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा इस 'दो बूंद जिंदगी की' से वंचित न रहे।सभी अधिकारियों की देखरेख में स्वास्थ्य कर्मियों को अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए गए। सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि अभियान के तहत पांच वर्ष तक के 5.68 लाख बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। मेडिकल कॉलेज सहित सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, बस स्टेशनों, चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ट्रांजिट टीमें भी तैनात की गई हैं। सीएमओ ने अभिभावकों से अपील किया कि अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और नजदीकी बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य दिलवाए।इस अवसर पर इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एसके सिन्हा, डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, डिप्टी, डिप्टी सीएमओ डॉ कार्तिक पाण्डेय, डिप्टी डीआईओ डॉ विपिन रंजन, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि, विश्वनाथ मल्ल, सहयोगी संस्था सीफार, जेएसआई, डब्ल्यूएचओ, यूएनडीपी के जिला प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सीएमओ ने पोलियो बूथ का किया निरीक्षण

देवरिया। सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बरहज में पल्स पोलियों अभियान के तहत लगे बूथ का निरीक्षण किया। बूथ पर दवाओं के रखरखाव और बच्चों को दी गई खुराक की जानकारी लिया।

बच्चो को हर बार दें पोलियो की खुराकः डॉ. चंद्र प्रकाश

कुशीनगर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कुशीनगर द्वारा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया के परिसर में बूथ का शुभारंभ ' दो बूंद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकार' के स्लोगन के साथ सीएमओ डॉ चंद्र प्रकाश और डीआईओ कुशीनगर डॉ मुकेश यादव ने पांच वर्ष तक के बच्चों को ड्रॉप पिलाकर किया।रविवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमओ ने कहा कि पोलियो पर जीत बनाए रखने के लिए बच्चो को हर बार पोलियो की खुराक दें।डॉ आशुतोष पांडेय, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ यूसुफ अंसारी ने सीएमओ का बुके भेंट कर स्वागत किया।बच्चो को पोलियो की खुराक शहरी और ब्लॉक क्षेत्र में पिलाने का प्रथम चरण है।जो सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक चलेगा।डॉ एसके सिंह ने बताया कि भारत पोलियो मुक्त देश है लेकिन कुछ देश अभी पोलियो से जूझ रहे हैं। अपने बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें।

पोलियो की खुराक हर बार दिखाएं और पोलियो पर देश को बढ़त दिलाएं। इस दौरान डॉ स्नेहा, डॉ अनामिका, फार्मासिस्ट संजय राय, बसीर अहमद, विनोद शाह, राकेश पांडेय, प्रकाश कुमार, प्रेम कुमार सहित एएनएम सहित चिकित्सा स्टाफ मौजूद रहा।

श्रीलंका बुद्ध विहार में सात दिवसीय श्रामनेर शिविर 9 जुलाई से

कुशीनगर। बौद्ध स्थली।स्थित श्रीलंका बुद्ध विहार में 9 जुलाई से सात दिवसीय श्रामणेर पब्बज्जा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए श्रीलंका बुद्ध विहार के प्रमुख भंते डॉ. नंद रतन महाथेरो ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले उपासकों को बुद्ध धर्म के अध्ययन, साधना एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण का विशेष अवसर प्राप्त होगा। भंते डॉ. रतन ने कहा कि श्रमनेर प्रवज्जा शिविर का उद्देश्य प्रतिभागियों को बौद्ध धर्म के मूल सिद्धांतों एवं अनुशासित जीवन शैली से परिचित कराना है। उन्होंने बताया कि शिविर में प्रतिभागियों को बुद्ध धर्म, उपासना विधि, श्रामनेर भिक्षुओं की दैनिक दिनचर्या, भगवान बुद्ध के पंचशील एवं अष्टांगिक मार्ग के उपदेशों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हींने कहा कि भगवान बुद्ध के शांति, करुणा और मैत्री के संदेश को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि गृहस्थ जीवन जीने वाले लोग भी बुद्ध के उपदेशों का पालन करें, तो उनके जीवन में सुख, शांति और सद्भाव का विस्तार होगा तथा समाज में नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे शिविर में भाग लेकर प्राप्त ज्ञान और संस्कारों को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज के कल्याण में योगदान दें।

बाइक भिड़ंत में बेलदार की मौत, एक गंभीर

कुशीनगर। कसया थानाक्षेत्र अंतर्गत गोपालगढ़ पकवा इनार बाईपास पर सूखा टोला के समीप बाइक भिंडत में दो घायल हो गए। जिनमें से पीडब्ल्यूडी में बेलदार की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर 22 महंथ अवैद्यनाथ नगर (सुखा टोला) निवासी पीडब्ल्यूडी में बेलदार अमर सिंह पुत्र कालिका उम्र करीब 35 वर्ष शनिवार की शाम को देवरिया मार्ग के बगहा बाबा चौराहे से अपने गांव बाइक से आ रहे थे जैसे ही सूखा टोला के समीप पहुंचे कि विपरीत दिशा से बाइक से आ रहे गांव के ही बंधु का पुत्र प्रियांशु उम्र करीब 19 वर्ष की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों घायल हो गए। घटना को देख मौके पर पहुंचे लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया भिजवाया। जहां उनकी हालत गंभीर देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अमर की अस्पताल जाते रस्ते में मौत हो गई।

अवैध मिट्टी खनन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गयी

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम बरियारपुर में बिना वैध अनुमति के मिट्टी खनन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई राजस्व निरीक्षक, बरियारपुर की आख्या के अनुसार क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान मौजा बरियारपुर (टोला दलपिठनी के पश्चिम), तप्पा-कचुआर स्थित आराजी संख्या-325, रकबा 1.368 हेक्टेयर में अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा था। मौके पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर थाना बरियारपुर परिसर में सुपुर्द कर दिया गया। वाहन चालक से मिट्टी खनन संबंधी वैध परमिट एवं अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु वह कोई वैध प्रपत्र उपलब्ध नहीं करा सका उप जिलाधिकारी सदर ने राजस्व निरीक्षक की आख्या के आधार पर प्रकरण में उत्तर प्रदेश उपखनिज परिहार नियमावली के तहत अधिकतम धनराशि अधिरोपित किए जाने तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई किए जाने की संस्तुति करते हुए प्रकरण को प्रभारी अधिकारी, खनन/अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) को अग्रेषित कर दिया है।

छात्रों के अधिकारों को लेकर कांग्रेस ने आयोजित किया कार्यक्रम

देवरिया । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी, देवरिया द्वारा रविवार को मेहड़ा पुरवा में युवाओं एवं छात्रों के अधिकारों को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाखों करोड़ों छात्रों के टूटे सपनों की कीमत राजस्थान के कोटा में छात्रों की गूंज विषय पर आधारित वीडियो दिखाया गया। वीडियो में बेरोजगारी, पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि आज देश का युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। वर्षों की मेहनत के बाद भी रोजगार नहीं मिल रहा है और बार-बार होने वाले पेपर लीक से छात्रों का विश्वास व्यवस्था से उठता जा रहा है।उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस पार्टी उनके अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी।जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी लगातार छात्रों और युवाओं की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर उठा रहे हैं। शिक्षा और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर सरकार को जवाबदेह बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कांग्रेस पार्टी युवाओं के हक, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भरत मणि त्रिपाठी, अब्दुल जब्बार, जिला कोषाध्यक्ष चंदन वर्मा, जिला महासचिव रत्नेश मल्ल 'पिंटू', कुलदीप सिंह यादव, शिव शंकर सिंह, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष धनंजय यादव, जिला सचिव विनोद दुबे, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुभाष राय सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विधायक ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारम्भ

सोहावल-अयोध्या। सरकार के महत्वाकांक्षी पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोहावल परिसर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ बीकापुर विधायक डाक्टर अमित सिंह चैहान ने किया।सीएचसी प्रभारी आकांक्षा वर्मा की अध्यक्षता मे बच्चों को दो बूंद जिंदगी की ड्राप पिलाते हुए विधायक ने कहा कि नौनिहालों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक को केन्द्र पर पहुंचकर 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो रक्षक की खुराक अवश्य पिलानी चाहिए।

अभियान के दौरान सीएचसी प्रभारी डॉक्टर आकांक्षा वर्मा ने बताया कि निर्धारित तिथियों पर घर-घर जाकर भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान आशा बहू सरिता दुबे , सालिनी सिंह, रेनू आदि स्टाफ कर्मियों ने राम मंदिर का स्मृति चिन्ह देकर विधायक का स्वागत किया।

बरियारपुर में सांसद ने कार्यकर्ताओं संग सुनी 'मन की बात'

देवरिया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का प्रसारण रविवार को बरियारपुर में सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम में सदर सांसद शशांक मणि ने भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना।

इस अवसर पर सांसद शशांक मणि ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों से प्रधानमंत्री का सीधा संवाद है। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले व्यक्तियों, जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, नवाचार और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों को निरंतर प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेकर प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रहित में अपना योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। अंत में सांसद ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

मथुरा। थाना जैंत क्षेत्र में शनिवार को एनएच-19 पर शिवा ढाबा के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सर्वेश (35) पुत्र रामविलास, निवासी ग्राम अतरधनी, थाना बांगरमऊ, जनपद उन्नाव के रूप में हुई है। बताया गया कि सर्वेश अपने मित्र समर सिंह, निवासी जिपनखेड़ा, थाना फतेहपुर चैरासी, जनपद उन्नाव के पास घूमने आया था। शनिवार को आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के किनारे टहलने के दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

संतोष मद्धेशिया वैश्य और अभिषेक गुप्ता सम्मानित

जिला संवाददाता

बरहज,देवरिया। रक्तदान को जनआंदोलन का स्वरूप देने वाले जिले में रक्तदान सेवा के लिए मशहूर समाजसेवी स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी (यूथ ब्रिगेड) के संस्थापक एवं निफा जिलाध्यक्ष सन्तोष मद्धेशिया वैश्य और संस्था के रक्तवीर सदस्य अभिषेक कुमार गुप्ता के लिए 28 जून

वर्ल्ड रिकार्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड एवं नेशनल इम्पैक्ट सोशल अवॉर्ड

का दिन ऐतिहासिक बन गया। दोनों रक्तवीरों को मानवता की सेवा और रक्तदान जागरूकता के क्षेत्र में एक दशक से किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए एक ही दिन दो प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बाबा भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में निफा उ0प्र0 समिति द्वारा आयोजित संवेदना -2 सम्मान समारोह में प्रदेश भर से जुटे रक्तदानियों के बीच जिले के नगर पंचायत भलुअनी निवासी दोनों रक्तवीरों को पिछले दस वर्षों से रक्तदान शिविरों के आयोजन, जागरूकता अभियान और अन्य सामाजिक कार्यों सहित विशेषकर विगत वर्ष 23 मार्च को शहीद दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित रक्तदान शिविर में 59 यूनिट रक्तदान कराने के लिए नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ एक्टिविस्ट्स की ओर से नेशनल इम्पैक्ट सोशल अवार्ड और इंग्लैंड की संस्था द्वारा वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ0 बबिता सिंह चौहान अध्यक्ष राज्य महिला आयोग (उ0प्र0) एवं विशिष्ट अतिथि प्रो0 राजकुमार मित्तल वाइस चांसलर (बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी लखनऊ), मि0 संजय पांजवानी वाइस चेयरमैन वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड, वैश्य नटवर गोयल राज्य मंत्री लघु उद्योग निगम (उ0प्र0 शासन), डॉ0 अश्वनी शेट्टी नेशनल प्रेसिडेंट ठक्क्र्र्रअ व संदीप बंसल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने यह सम्मान प्रदान करते हुए यूथ ब्रिगेड के कार्यों की उन्मुक्त कंठ से सराहना की।

उल्लेखनीय है कि नेशनल इम्पैक्ट सोशल अवॉर्ड भारत एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड अवॉर्ड इंग्लैंड का एक प्रतिष्ठित सम्मान है।

जो सामाजिक कल्याण, सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी), शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बेहतरीन और सकारात्मक बदलाव लाने वाले समाजसेवियों को दिया जाता है और यह सम्मान प्राप्त कर सन्तोष मद्धेशिया एवं अभिषेक गुप्ता ने सिर्फ जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का सम्मान बढ़ाया है।

पहले भी दर्जनों प्रतिष्ठित अवार्डों से सम्मानित हो चुके दोनों रक्तवीरों ने इस सम्मान को संस्था से जुड़े हर एक रक्तवीर सहित जिले के सभी रक्तवीरों एवं सहयोगियों को समर्पित किया है।

ऑनलाइन बुक की गई अर्टिगा कार को लूट ले गये बदमाश

मथुरा। सनसनी खेज लूट की वारदात ने पुलिस को भी हैरत में डाल दिया। शातिर बदमाशों ने अटिंगा कार ऑनलाइन बुक किया और रास्ते में बमदाशों ने चालक को गाड़ी से फेंक दिया। इसके बाद बदमाश कार को लेकर फरार हो गये।

इस दौरान वह चालक का फोन भी ले गये जिससे वह पुलिस को सुचिना न दे सके।इस घटना में चालक गंभीररूप से घायल हो गया। घटना शनिवार की देर रात मांट क्षेत्र में देवराहा बाबा आश्रम के समीप घटी जबकि बमदाशों ने कार को होडल-हसनपुर से ऑनलाइन बुक किया था। कार में बैठे बदमाशों की संख्या तीन बताई जा रही है।

मांट थाना प्रभारी निरीक्षक जसबीर सिंह ने बताया कि घटना के अनावरण, लूटे गए माल की बरामदगी और अज्ञात मुल्जिमों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन विशेष टीमों को अलग-अलग दिशाओं में रवाना किया गया है।

अयोध्या में कैंसर मरीजों के लिए विशेष ओपीडी शुरू

जिला संवाददाता

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में कैंसर मरीजों को उनके घर के नजदीक विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली ने अयोध्या में विशेष कैंसर ओपीडी की शुरूआत की है। यह ओपीडी रविवार को दिव्य हॉस्पिटल, परिक्रमा मार्ग,

● मणिपाल हॉस्पिटल दिल्ली के विशेषज्ञ देंगे परामर्श

सिविल लाइंस, फैजाबाद में आयोजित की गई, जहां सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक मरीजों की जांच कर विशेषज्ञ परामर्श दिया गया। इस विशेष ओपीडी में मणिपाल हॉस्पिटल्स के चेयरमैन, मणिपाल कॉम्प्रिहेंसिव कैंसर सेंटर एवं ऑन्को रोबोटिक सर्जरी के प्रमुख डॉ. सुरेंद्र कुमार डबास तथा एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. हिमांशु शुक्ला ने मरीजों का परीक्षण कर उपचार संबंधी सलाह दी। विशेषज्ञों ने बताया कि उत्तर प्रदेश में देश के सबसे अधिक कैंसर मरीज सामने आते हैं। राज्य में कैंसर के अनुमानित मामलों की हिस्सेदारी 14.4 प्रतिशत से अधिक है, जिसमें मुँह, सिर और गले के कैंसर के मरीजों की संख्या काफी अधिक है। जागरूकता की कमी और समय पर जांच न होने के कारण अधिकांश मरीज गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचते हैं, जिससे उपचार कठिन हो जाता है। डॉ. सुरेंद्र कुमार डबास ने कहा कि यदि कैंसर का समय रहते पता चल जाए तो उपचार के परिणाम काफी बेहतर होते हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक रोबोटिक सर्जरी और मिनिमली इनवेसिव तकनीकों की मदद से जटिल कैंसर का भी अधिक सटीक और प्रभावी उपचार संभव है, जिससे मरीजों की रिकवरी तेज होती है। वहीं, डॉ. हिमांशु शुक्ला ने कहा कि ओरल कैंसर भारत में सबसे आम कैंसरों में से एक है। तंबाकू, धूम्रपान

और मदिरापान इसकी प्रमुख वजह हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि मुँह में लंबे समय तक छाले बने रहें, गांठ महसूस हो, निगलने में परेशानी हो या घाव ठीक न हो रहे हों तो तुरंत विशेषज्ञ से जांच कराएं। दिव्य हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. वी. पी. सिंह ने कहा कि अयोध्या और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को विशेषज्ञ ऑन्कोलॉजी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए यह पहल महत्वपूर्ण है। इससे मरीजों को शुरूआती जांच और विशेषज्ञ राय के लिए बड़े शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल अत्याधुनिक तकनीक, रोबोटिक असिस्टेड सर्जरी और मरीज-केंद्रित उपचार के माध्यम से अयोध्या सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को उन्नत कैंसर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

हाईकोर्ट के आदेश का सम्मान, न्यायपालिका पर भरोसाः प्रधान संघ

जिला संवाददाता

कसया, कुशीनगर। हाईकोर्ट के आदेश के बाद रविवार को अखिल भारतीय प्रधान संगठन, कुशीनगर के जिलाध्यक्ष अकबर अंसारी ने प्रेस वार्ता कर ग्राम पंचायतों की वर्तमान स्थिति, ग्राम प्रधानों के दायित्वों और ग्रामीण विकास कार्यों पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने

● ग्राम पंचायतों का विकास प्रभावित, न्यायपालिका पर भरोसा रखें प्रधानः जिलाध्यक्ष

कहा कि संगठन न्यायालय के निर्णय का पूर्ण सम्मान करता है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की गति प्रभावित हुई है, जिससे जनहित के अनेक कार्य बाधित हो रहे हैं। श्री अंसारी ने कहा कि ग्राम प्रधान ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और ग्राम पंचायतों के माध्यम से ही सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है। वर्तमान स्थिति के कारण पंचायतों में विकास कार्यों, प्रमाण पत्रों के सत्यापन तथा जनता से जुड़े अन्य आवश्यक कार्यों के निष्पादन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों के कार्य प्रभावित होने से गांव की जनता को अनावश्यक असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में आई रुकावट से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति धीमी पड़ गई है, जिससे प्रधान संघ के पदाधिकारियों और ग्राम प्रधानों में रोष व्याप्त है। जिलाध्यक्ष अंसारी ने कहा कि इस समय सभी ग्राम प्रधानों और संगठन के पदाधिकारियों को धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ₹हाईकोर्ट का जो निर्णय आया है, हम उसका सम्मान करते हैं और आगे जो भी उचित निर्णय आएगा, उसे भी स्वीकार करेंगे। हमारा संगठन लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में विश्वास रखता है। जिलाध्यक्ष अंसारी ने आगे कहा कि आगामी 13 जुलाई को न्यायालय के संभावित फैसले के बाद अखिल भारतीय प्रधान संगठन और राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारी एक साथ बैठक कर आगे की रणनीति और आवश्यक कदमों पर विचार करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में ऐसा समाधान निकलेगा, जिससे ग्राम पंचायतों के विकास कार्य पुनः गति पकड़ सकें और ग्रामीण जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर जिला सचिव मोहन लाल गुप्ता जिला उपाध्यक्ष डॉ संजय यादव, ब्लॉक महामंत्री संजीव सिंह, मीडिया प्रभारी अरविंद वर्मा, रजनीश राय ब्लॉक अध्यक्ष तमकुही, केके राय सेवरही, सत्यप्रकाश गुप्ता, धनंजय दीक्षित जिला मीडिया प्रभारी, विजय तिवारी आद्या राय, सुरेंद्र कुशवाहा, सुरेंद्र गुप्ता आदि जिला, ब्लाक संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

यमुना एक्सप्रेसवे पर अब नहीं हो सकेंगे धरने-प्रदर्शन

मथुरा। मथुरा से होकर गुजरने वाले यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 59 से 141 किलोमीटर तक के पूरे हिस्से को नो प्रोटेस्ट जोन घोषित किया गया है। इस निर्णय के बाद इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के राजनीतिक, अराजनीतिक अथवा अन्य धरना-प्रदर्शन आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। यह निर्णय इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा 22 मई 2026 को दिए गए निदेशों के अनुपालन में लिया गया है।

इसका उद्देश्य एक्सप्रेस-वे पर यातायात को सुरक्षित, सुचारु एवं निर्बाध बनाए रखना है, ताकि यात्रियों और वाणिज्यिक वाहनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।यमुना एक्सप्रेस-वे के एजीएम भरत सिंह राठौर ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस-वे देश के प्रमुख एवं व्यस्ततम मार्गों में से एक है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहन दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और आगरा के बीच आवागमन करते हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन से यातायात बाधित होने और यात्रियों की सुरक्षा प्रभावित होने की आशंका रहती है।

रघुभूमि से तपोभूमि तक नदी यात्रा आज से

जिला संवाददाता

अयोध्या। लोक दायित्व संस्था के तत्वावधान में रघुभूमि से तपोभूमि तक तीन दिवसीय नदी यात्रा का शुभारंभ सोमवार, 29 जून से होगा। यह यात्रा भगवान श्रीराम द्वारा महर्षि विश्वामित्र के साथ तय किए गए ऐतिहासिक एवं पावन मार्ग पर आयोजित की जा रही है। यात्रा का समापन 1 जुलाई को बिहार के बक्सर स्थित सिद्धाश्रम में होगा। यात्रा का शुभारंभ अयोध्या धाम के नया घाट पर सरयू स्नान एवं पूजा-अर्चना के बाद किया जाएगा। इसके बाद यात्रा अंबेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ और बलिया होते हुए बक्सर पहुंचेगी। यात्रा के दौरान भगवान श्रीराम

● सरयू-तमसा संरक्षण का दिया जाएगा संदेश

से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया जाएगा तथा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

यात्रा के संयोजक पवन कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सरयू और तमसा नदियों के संरक्षण, स्वच्छता एवं अविरल प्रवाह के प्रति

जनजागरण करना है।

साथ ही भगवान श्रीराम के आगमन स्थलों का संरक्षण, ऐतिहासिक स्थलों, शिलालेखों, लोककथाओं एवं जनश्रुतियों का तथ्य संकलन, सांस्कृतिक चेतना का विस्तार तथा नदी तटों पर वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना भी यात्रा का प्रमुख उद्देश्य है।

उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कृति, नदियों और ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण का जनआंदोलन है। श्रद्धालु, सामाजिक संगठन, युवा एवं आम नागरिक पदयात्रा, सेवा, सहयोग और जनजागरण के माध्यम से इस अभियान से जुड़कर इसे सफल बना सकते हैं। पवन कुमार ने कहा कि सभी लोग सरयू और तमसा को स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाने का संकल्प लें तथा भगवान श्रीराम के पदचिह्नों से जुड़े इस ऐतिहासिक मार्ग के संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

ट्रंप की बेलगाम धमकी

जब पाकिस्तान, ईरान और अमरीका के बीच युद्ध विराम कराने के लिए मध्यस्थता कर रहा था तभी इस बात की आशंका थी कि एक आतंकी देश की मध्यस्थता कितनी कारगर होगी। ऊपर से ट्रंप जैसा अस्थिर व्यक्ति इस युद्ध में प्रमुख पक्षकार है। ऐसे में जिस दिन से स्थायी युद्ध विराम के लिए वार्ता शुरू करने के लिए सहमति पत्र हस्ताक्षरित हुआ है, उसी दिन से ट्रंप और ईरान एक दूसरे को धमकियां दे रहे हैं। सहमति के बिन्दुओं पर आगे-पीछे हो रहे हैं और कभी -कभार एक दूसरे पर मिसाइलें भी दाग देते हैं। ऐसा युद्ध विराम और इस तरह की शांति कितने दिन ठहरेगी कोई नहीं जानता। दोनों देशों ने 14 बिंदुओं वाले सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन संवाद ठहरा है अथवा मध्यस्थों के साथ जारी है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार विनाशक हमले की धमकियां दे रहे हैं। वहां के अधिकतर लोग मानते हैं कि ईरान युद्ध में अमरीका पराजित हुआ है। सहमति-पत्र में लगभग सभी ईरानी शर्तें अमरीका को माननी पड़ी हैं। सीनेट में भी ट्रंप हार गये हैं। क्योंकि अमरीकी संसद ने 'वॉर पॉवर्स' संबंधी प्रस्ताव पारित कर लिया है। अब संसद की पूर्व अनुमति के बिना राष्ट्रपति ट्रंप किसी भी युद्ध में कूद नहीं सकते। बहरहाल ट्रंप की धमकियों पर ईरान भी पलटवार को तैयार है। उनके सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई का एक सीक्रेट पत्र लीक हुआ है, जिसमें साफ आदेश है कि अमरीका के साथ बातचीत तुरंत रोक दें। इसी जंगी माहौल में ईरान ने 'कादिर' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। अमरीका और ईरान युद्ध के मोर्चों पर सैन्य तौर पर तैनात हैं। क्या ऐसे समझौता संभव है? ईरान और इजरायल एक बार फिर एक-दूसरे पर विध्वंसक हमले करने की तैयारी-तैनाती में हैं। राष्ट्रपति ट्रंप लेबनान पर हमले रोकने के लिए इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू पर दबाव नहीं बना सके हैं। इजरायल हवाई बमबारी कर दक्षिण लेबनान में तबाही और विध्वंस को जारी रखे है। लगातार

हत्याएं की जा रही हैं, लोग विस्थापित होने को मजबूर हैं, लेकिन ट्रंप सिर्फ ईरान को धमकाते रहते हैं कि समझौता नहीं हुआ, तो पहले से ज्यादा विध्वंसक हमले झेलने पड़ेंगे। ईरान पहले ही बर्बाद हो चुका है। राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों के कारण ही समझौते का संवाद 24 घंटे भी जारी नहीं रह सका है। ईरानी दल ने अमरीकी दल से न तो हाथ मिलाया, न ही संयुक्त फोटो खिंचवाई, बल्कि वार्ता-सभागार से वॉकआउट कर गया। ईरान ने मध्यस्थों को साफ कर दिया कि वे अमरीका के साथ इस तरह बातचीत नहीं करेंगे। तो क्या समझौता नहीं होगा? महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जिस तरह ट्रंप ईरान को हड़काये रखना चाहते हैं, उसके मद्देनजर अंतिम समझौता कैसे होगा? अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप और उप राष्ट्रपति वेंस ने ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों, यूरेनियम के संवर्धन और अमरीकी सामान खरीदने की बाध्यता पर जो बयान दिए हैं, ईरान ने उनका खंडन किया है। ईरान ने अमरीका और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को साफ कह दिया है कि परमाणु स्थलों का निरीक्षण अंतिम समझौता होने के बाद ही संभव हो सकता है। ईरानी दल ने स्विट्जरलैंड में आईएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी से मुलाकात करने से भी इंकार कर दिया है। अमरीका और ईरान के बीच विरोधाभास हैं कि सवाल स्वाभाविक लगता है कि इस तरह अंतिम समझौता कैसे होगा? समझौता होगा भी अथवा नहीं? 'व्हाइट हाउस' ने एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत ईरानी तेल को पाबंदियों से मुक्त कर दिया है। 1979 के बाद अमरीका ने यह ऐतिहासिक फैसला लिया है। बेशक ईरान वार्ता के 60 दिनों तक ही तेल की आजादी महसूस करेगा, फिर भी उसकी अर्थव्यवस्था के लिए यह अति महत्वपूर्ण निर्णय है। ईरान हमेशा पाबंदी-मुक्त रहे, यह बिंदु भी सहमति-पत्र में है। यदि समझौता हुआ, तो ईरान को हमेशा के लिए पाबंदी-मुक्त करना ही पड़ेगा। बहरहाल ईरान इस दौरान 40-43 अरब डॉलर का तेल बेच सकेगा। इसी के मद्देनजर भारत ने भी ईरान से तेल खरीदा है। युद्ध रुकने से चीजें तेजी से सामान्य हो रही हैं लेकिन ट्रंप की बार-बार धमकियों से माहौल खराब होता रहता है।

विचार

इस सनातन नियम को याद रखो- यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

-सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

-स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

-आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

-महर्षि अरविन्द.

ठिठकता मानसून बढ़ा रहा देश का संकट

मनोज बाजपेयी

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पहले ही अपनी भविष्यवाणी में यह स्पष्ट किया है कि इस साल मानसून पर अलनीनो का प्रभाव बहुत अधिक है और इस कारण वर्षा कम होगी। देश की अर्थव्यवस्था काफी हद तक मानसून पर भी निर्भर है और मध्यपूर्व युद्ध से लगे झटकों से उबरने का प्रयास कर रही अर्थव्यवस्था के सामने कम वर्षा या सूखा पड़ने की आशंका बड़ा संकट बन गयी है। एक तरफ कम वर्षा का अनुमान है, तो दूसरी तरफ मानसून आने में भी काफी देरी हो रही है। मानसून में देरी किसानों का संकट बढ़ा रही है। कम वर्षा और मानसून में आने देरी दरअसल किसानों पर दोहरा संकट होगा। ईंधन के दाम भी बढ़े हुए हैं। ऐसे में किसानों के सामने बड़ी चुनौती है। इस साल अलनीनो का प्रभाव वर्षा की मात्रा पर पड़ने की बात सभी एजेंसियों ने कही है।

अलनीनो के कारण औसत वर्षा 95 फीसद या इससे भी कुछ होने की आशंका है। अगर 95 फीसद वर्षा भी हो जाती है, तो भी किसान कुछ हद तक खरीफ सीजन में कृषि उत्पादन को सामान्य बनाये रखेंगे। लेकिन अगर वर्षा 95 फीसद से भी कम हुई तो उत्पादन में भी दिक्कत आयेगी और किसान की लागत भी बढ़ेगी क्योंकि सिंचाई पर उन्हें अधिक खर्च करना पड़ेगा। फिलहाल उत्तर भारत में मानसून का इंतजार है। यह इंतजार कृषि कार्य के लिए भी है और गर्मी से राहत पाने के लिए भी है। क्योंकि जैसे ही तापमान 40-42 डिग्री से ऊपर निकलता है, तो भीषण गर्मी और बिजली कटौती में जीना मुहाल हो जाता है। अग्निकांड की घटनाएं भी बहुत बढ़ जाती है जिससे बड़ी संख्या में मौतें होती हैं। उत्तर प्रदेश और पूरे उत्तर भारत में पारा लगातार 40 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब में हालत और खराब है। राजस्थान में तो 47 डिग्री के ऊपर तक पहुंच गया है। दिल्ली की स्थिति तो और भी खराब है जहां तापमान 48 डिग्री तक दर्ज किया गया है। जून का महीना लगभग बीत चुका है, लेकिन अभी तक मानसून नहीं आया है। भीषण गर्मी, बिजली कटौती और उमस में उबलते लोगों का एक-एक दिन बीतना कठिन हो जाता है। गर्मी का सितम हर साल बढ़ रहा है। इसके पीछे ग्लोबल वार्मिंग है। ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा होती रहती है लेकिन इससे बचने के लिए कोई ठोस उपाय वैश्विक स्तर पर देखने को नहीं मिलते हैं। ऊपर से ट्रंप जैसे नेताओं के कारण ग्लोबल वार्मिंग का संकट और जटिल हो गया है। ग्लोबल वार्मिंक का प्रभाव मानसून और वर्षा की मात्रा तथा वर्षा के वितरण पर बहुत अधिक पड़ता है। इस साल शुरू से ही दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की शुरूआत कमजोर रही है। जून के पहले पखवारे में बारिश सामान्य से 35-40 प्रतिशत कम रही, जबकि भारतीय मौसम विभाग ने दीर्घकालिक औसत की लगभग 90 प्रतिशत मौसमी बारिश होने का अनुमान लगाया है। चिंता इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन ने प्रशांत महासागर में अल नीनो होने की पुष्टि की है और आने वाले महीनों में इसके तेज होने की आशंका भी जतायी है। किंतु अभी कोई ठोस निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी।

विमर्श

वैसे देश में खेती और कृषि उत्पादन की स्थिति बहुत कुछ जुलाई और अगस्त में होने वाली बारिश पर निर्भर करेगी क्योंकि खरीफ की बोआई के लिए ये महत्वपूर्ण महीने हैं। फिर भी शुरूआती संकेतों पर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी है। पहली चिंता कृषि है। उदाहरण के लिए, कर्नाटक और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में अरहर, मूंग तथा उड़द जैसी दालों की बोआई में आई बाधाओं से पता चलता है कि वर्षा पर निर्भर खेती कितनी नाजुक है।

हालांकि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि और उससे जुड़ी गतिविधियों का योगदान केवल 18 प्रतिशत है, लेकिन देश की आधी श्रमशक्ति इसी में लगी हुई है। कमजोर मॉनसून से अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा प्रभावित होता है। किसान और ग्रामीण क्षेत्र के निवासी जहां सीधे कृषि उत्पादन घटने से प्रभावित होते हैं, तो बाकी देश कृषि जिंसों की महंगाई से त्राहि-त्राहि करने लगता है। देश के बड़े हिस्से में ग्रामीण आय, रोजगार और उपभोग मांग प्रभावित होती है। भारतीय रिजर्व बैंक के नवीनतम मासिक बुलेटिन में भी प्रतिकूल दक्षिण-पश्चिम मॉनसून को वृद्धि और मुद्रास्फीति दोनों के लिए प्रमुख घरेलू जोखिमों में गिनाया गया है। इसके दूरगामी परिणाम मुद्रास्फीति पर पड़ते हैं। खाद्य पदार्थों का नये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में भी लगभग 37 प्रतिशत हिस्सा है। 2023-24 के अल नीनो संकट से पता चला कि कैसे कम बारिश और ज्यादा गर्मी खाद्य पदार्थों की कीमतों को लगातार ऊंचा रख सकते हैं। खुदरा खाद्य मुद्रास्फीति दर हाल के महीनों में बढ़ने लगी है। लंबे समय तक मॉनसून कमजोर रहा या फिर सर्दी कम पड़ी, खरीफ के साथ ही रबी की फसल प्रभावित हुई, तो मुद्रास्फीति का दबाव और बढ़ सकता है। हालांकि अभी घबराने की खास वजह नहीं है। इस सीजन में भारत के पास काफी बफर है। सरकार के पास गेहूं और चावल का पर्याप्त भंडार है और दलहन भंडार भी बढ़ा है। दरअसल लगातार दो वर्षों में भरपूर फसल के बाद दुनिया भर में खाद्य आपूर्ति भी प्रचुर मात्रा में है। इसलिए खतरा स्थानीय स्तर पर परेशानी का ज्यादा है। मॉनसून का मसला भारत की बढ़ती जल समस्या से भी जुड़ा हुआ है। मौसमी वर्षा से जलाशयों, नदियों और भूजल भंडारों को जल मिलता है, जो कृषि और शहरी खपत दोनों को सहारा देते हैं। हाल के वर्षों में कई शहरों को बार-बार पानी की कमी का सामना करना पड़ा है। समस्या अब केवल वर्षा की मात्रा से नहीं बल्कि पानी के भंडारण, पुनर्भरण और प्रबंधन से जुड़ गई है।

जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा और उसके परिणामों के बीच का संबंध बदल रहा है, जिससे स्थिति थोड़ी जटिल हो जाती है। सामान्य बारिश वाले वर्षों में भी, मौसम की अतिकारी घटनाएं, लंबे समय तक सूखा और तेज बारिश के छोटे-छोटे दौर फसलों और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा सकते हैं। विभिन्न क्षेत्रों और समय में वर्षा का वितरण भी कुल मौसमी वर्षा जितना महत्त्वपूर्ण होता जा रहा है। इसलिए नीतिगत तैयारी अत्यंत आवश्यक हो जाती है। हालांकि पर्याप्त खाद्य भंडार सुरक्षा कवच देता है मगर स्थानीय मौसम के पूवार्नुमानों का व्यापक उपयोग, समय पर फसल संबंधी सलाह, सूखे से बेअसर रहने वाली बीज किस्में और कम अवधि में तैयार हो जाने वाली फसलें इस नुकसान को कम करने में मददगार हो सकती हैं। जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और स्थानीय जल निकायों के जीर्णोद्धार में निवेश भी उतना ही महत्वपूर्ण है। देश कमजोर मॉनसून का सामना करने के लिए पहले की तुलना में ज्यादा तैयार है। लेकिन समय के साथ उसकी मजबूती इस बात पर ज्यादा निर्भर करेगी कि जलवायु परिवर्तन को कितने कारगर तरीके से संभाला जाता है।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

> देश कमजोर मॉनसून का सामना करने के लिए पहले की तुलना में ज्यादा तैयार है। लेकिन समय के साथ उसकी मजबूती इस बात पर ज्यादा निर्भर करेगी कि जलवायु परिवर्तन को कितने कारगर तरीके से संभाला जाता है।

सोशल मीडिया

नयी दिल्ली में उत्तर प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. महेन्द्र नाथ पाण्डेय जी के आवास पर पहुंच कर उनसे स्नेहिल भेंट किया और कुशलक्षेम जाना। केशव प्रसाद मौर्य

भाजपा से पल्ला छुड़ाने के लिए भाजपाई जन प्रतिनिधि तरह-तरह के तरीके अपना रहे हैं, वो समझ गये हैं कि भाजपा की डूबती नाव से जितनी जल्दी उतर लो उतना ही अच्छा है। अखिलेश यादव

मैंने आज ही एक खबर पढ़ी कि कनाडा के एक शहर ने पेड़ को जीवित प्राणी का दर्जा दिया है। भारतीय संस्कृति पेड़ों में एक ही चेतना मानती है, जो हममे है वही पेड़ों में है। शिवराज सिंह चौहान.

वासना का चक्रव्यूह

अंतर्दृष्टि

वासना इंसान के लिए ऐसा इन्द्रधनुषी चक्रब्यूह रचती हैं जिससे निकलना आसान नहीं होता है। ये हम अपनी ओर आकर्षित करती हैं, हमारे संकल्पों को कमजोर करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

पुरस्कारों को कौन छोड़ता है

व्यंग्यलोक

आजकल पुरस्कार मूली-गाजर के भाव मिल रहे हैं। देने वाले फेरी लगाकर आवाज लगाते हैं-पुरस्कार ले लो पुरस्कार। हर चीज के खरीददार मिलेंगे। फिर पुरस्कारों को कौन छोड़ता है-जब वे बिना योगदान के मोलभाव के मोल मिलने लगें तो। पुरस्कार साहित्य का है तो और भी सुविधा है। अपना आदमी होना चाहिए। अपना खेमा और अपनी विचारधारा। फिर पुरस्कार चाहे पंद्रह पृष्ठ की बुलेटिन पर देना पड़े, दे दिया जाता है। पुरस्कार के लिए मौलिक साहित्य लेखन भी अब आवश्यक नहीं रह गया। इधर पुस्तक पाठ्यक्रम में छात्रों की दृष्टि से लिखी गयी है। प्रश्न दिये गये हैं। हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखा हुआ है और पुरस्कार दिया जा रहा है। किसी विधा में किसी लेखक को ज्यादा मेहनत-मशक्कत अथवा जमने जमाने की जरूरत नहीं है। आप यदि संस्था प्रधान को जानते हैं तो वह पुरस्कार देने में जरा भी देर नहीं करेगा। लेकिन शर्त इतनी-सी है कि आप उनके चिलमगीरों में हो या नहीं, यह देखना आपके हाथ में है। पुरस्कार के लिए किताब मैंने भी भेजी थी, लेकिन मुझे नहीं मिला। मैंने कारणों का पता लगाया तो मालूम हुआ कि मैं अपने आपको लेखक समझता हूँ। अब बताइये कि मैं लेखक हूँ और अपने आपको लेखक समझता हूँ तो इसमें गलत क्या है? फिर लेखक हूँ तभी तो पुरस्कार माँग रहा हूँ। साहित्य का पुरस्कार लेखक ही तो पा सकता है। लेकिन उनका तर्क है कि जिनको उन्होंने पुरस्कार दिया है-सीधे सादे हैं तथा उनमें लेखकीय अस्मिता तनिक भी नहीं है। मैं सोचता ही रह गया कि हद होती है। एक विधा में काम किया, पहचान बनायी और जब पुरस्कार की बारी आयी तो साफ इंकार कर दिया गया है। जिनको पुरस्कार मिला था, वे फूल कर कुप्पा हो गये थे। मैंने कहा-अमाँ यार, सुना है तुम अपने आपको लेखक ही नहीं समझते, वे महिमामंडित हो चुके थे, सो बोले-अजी लेखक नहीं होते तो पुस्कार कैसे मिलता? आपको पता नहीं है क्या, मुझे अभी साहित्य का पुरस्कार मिला है? अरे हाँ भाई, उसी संदर्भ में तो पूछ रहा था। संस्था प्रधान आपको लेखक नहीं मानते। एक हानिरहित जीव मानकर आपको इस पुरस्कार से नवाजा गया है और फिर आपने तो कमाल ही कर दिया भाई, पाठ्य पुस्तक पर ही पुरस्कार मार लिया, यह सब कैसे हुआ? कुछ तो बताओ। मैंने कहा! वे बोले-शर्मा साहब, हमारे कौन-सी पुरस्कार की खाज थी? वे ही बोले-यार, इस वर्ष पुरस्कार ले लो, तो बताओ क्या मना करता क्या? मुँह में आया बताशा कौन छोड़ता है। इसका मतलब आपने चिलम भी नहीं भरी उनकी। उधर यह भी अफवाह है कि आपने उनकी चमचागिरी की थी। देखिये शर्मा जी, अब थोड़ा बहुत तो करना ही पड़ता है। आप यह चमचा और चिलम का प्रयोग कर रहे हैं, यह निहायत ही गलत है। दरअसल एक साथ उठना-बैठना था।



अशोक गौतम

देश के सुखद भविष्य का कैनवास होते हैं आंकड़े

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस आज

आज का युग सूचना और प्रौद्योगिकी का युग है, हम जिस दुनिया में जी रहे हैं, वहां हर दिन करोड़ों आंकड़े पैदा हो रहे हैं। यही वजह है कि 21वीं सदी को डेटा का युग कहा जाता है। भारत भी इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जहां आंकड़े केवल सूचनाओं का संग्रह नहीं रह गये बल्कि विकास और नीति निर्माण के प्रमुख आधार बन चुके हैं। सांख्यिकी दिवस हमें यह समझने का अवसर देता है कि आखिर आंकड़े इतने महत्वपूर्ण क्यों होते हैं? सांख्यिकीविद प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनायी जाती है। आज सरकारें उद्योग, शिक्षा, संस्थान, स्वास्थ्य सेवाएं और यहां तक कि आम नागरिक भी डेटा आधारित निर्णयों को अधिक विश्वसनीय मानने लगे हैं। इसलिए आंकड़ों की जितनी महत्ता आज है, शायद आज के पहले कभी नहीं थी।

भारत में लंबे समय से आंकड़ों का उपयोग योजनाएं बनाने में किया जाता रहा है। लेकिन डिजिटल क्रांति के बाद इसका महत्व कई गुना ज्यादा बढ़ गया है। पहले किसी योजना की सफलता या असफलता का आंकलन करने में वर्षो लग जाते थे। जबकि अब वास्तविक समय में डेटा उपलब्ध होने लगा है, इसलिए नीतियों को तेजी से सुधारने और आवश्यक बदलाव करना संभव हो गया है। उदाहरण के लिए यदि किसी जिले में टीकाकरण की दर कम पायी जाती है, तो स्वास्थ्य विभाग वहां तुरंत अतिरिक्त संसाधन भेज सकता है। यदि किसी क्षेत्र में फसल उत्पादन घट रहा है, तो कृषि विभाग वहां विशेष योजनाएं लागू कर सकता है। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम और ड्राप आउट दर जैसे आंकड़े ये तय करने में मदद करते हैं कि किस क्षेत्र को अधिक ध्यान देने की जरूरत है। डिजिटल इंडिया अभियान ने आंकड़ों के उपयोग को नई ऊंचाईयों तक पहुंचा दिया है। आज सरकारी सेवाओं का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन हो चुका है। जिस कारण बड़ी मात्रा में डेटा उपलब्ध होता है, जिसका विश्लेषण करने पर सरकार नागरिकों की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझ सकती है और उन्हें लागू करने में भी जरूरी संसाधनों का अच्छी तरह से आंकलन कर सकती है। डाटा के महत्व को डिजिटल भुगतान प्रणाली के जरिये भी समझा जा सकता है। देश में होने वाले करोड़ों ऑनलाइन लेनदेन, आर्थिक गतिविधियों का ही एक व्यापक चित्र प्रस्तुत करते हैं। इससे आर्थिक नीतियां बनाने में सहायता मिलती है। स्वास्थ्य क्षेत्र में डाटा के महत्व का हर पल अंदाजा होता है। कोविड़-19 के दौरान स्वास्थ्य क्षेत्र में डाटा की अहमियत जबर्दस्त रूप में उभरकर सामने आयी, जब पल-पल लाइव आंकड़ा प्रदर्शित होता था कि उस पल देश, उस जगह विशेष और दुनिया में कितने लोग संक्रमित थे और कितने लोग कोविड से हताहत हुए? साथ ही रिकवरी दर, अस्पतालों में बिस्तर, किसी खास दवा की मांग और टीका करण की प्रवृत्ति जैसे संदर्भों को हम सिर्फ आंकड़ों के जरिये ही समझ सकते थे। कृषि क्षेत्र में भी डेटा आज किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। मौसम संबंधी आंकड़े, मिट्टी की गुणवत्ता, जमीन की उपलब्धता और बाजार भाव जैसी जानकारियां किसानों को बेहतर निर्णय लेने में मदद करती हैं। कई डिजिटल प्लेटफार्म किसानों को वास्तविक समय में ऐसी सूचना उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे उनके उत्पादन को बढ़ाने या नुकसान के प्रबंधन करने में सहायता मिल रही है।

शहरी विकास की बातें करें तो स्मार्ट सिटी परियोजना का पूरा ढांचा डेटा पर ही आधारित है। यातायात प्रबंधन, जल आपूर्ति, बिजली खपत, प्रदूषण स्तर और सार्वजनिक परिवहन के जुड़े आंकड़े, शहरों को अधिक व्यवस्थित और रहने योग्य बनाने में योगदान दे रहे हैं। यही कारण है कि व्यापार और उद्योग जगत में डेटा को अकसर नया तेल कहा जाता है। कंपनियां ग्राहकों की पसंद, खरीदारी के पैटर्न और बाजार मांग का विश्लेषण करके अपनी रणनीतियां तैयार करती हैं। ई-कॉमर्स कंपनियां, बैंक, बीमा संस्थान और स्टार्टअप बड़े पैमाने पर डेटा विश्लेषण का उपयोग अपने-अपने फायदे के लिए कर रहे हैं। इससे उनकी कार्यक्षमता बढ़ती है। हालांकि जहां डेटा की इतनी अहमियत है और जिंदगी इतनी आसान है, वहीं आंकड़ों की बढ़ती ताकत के कारण कई तरह की परेशानियां भी उभरकर सामने आयी हैं। डेटा की गुणवत्ता उसकी विश्वसनीयता और गोपनीयता भी आज महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। यदि आंकड़े गलत हों तो उनका विश्लेषण भी गलत हो जाता है। **वीना गौतम.**

आप की बात

सड़कों पर सावधानी

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं।

विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.

परीक्षाओं में निष्पक्षता

हाल के रकारी नौकरियों, इंजीनियरिंग, मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं में पर्चा लीक होने की इतनी घटनायें हुई हैं कि प्रतियोगी परीक्षाओं पर कई बार भरोसा करना कठिन होता है। इतना अधिक पेपर लीक बिना मिली भगत के संभव ही नहीं है। ऐसे में भारत सरकार ने युवाओं के हित में भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी करने पर कठोर सजा और जुर्माने का प्रावधान करने की सराहनीय पहल की है। दरअसल सरकारी नौकरियों में निष्पक्षता के लिए यह जरूरी है कि सभी भर्तियां सांविधानिक संस्था द्वारा कराने और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर कठोर सजा का प्रावधान करने की जरूरत है ताकि भर्तियों में निष्पक्षता और सियासी दखलंदाजी को खत्म किया जा सके। केन्द्र सरकर ने कानून बनाकर इस दिशा में पहल की है लेकिन इस प्रयास को और आगे ले जाने की जरूरत है। फिलहाल भर्ती सहित दूसरी किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी अब बर्दाश्त नहीं होगी। केंद्र सरकार ने इसे सख्ती से कुचलने के लिए कड़ा कानून बनाया है। इसके तहत परीक्षाओं से जुड़ी किसी भी तरह की गड़बड़ी में शामिल होने वालों को अब सख्त सजा मिलेगी, जिसमें 10 वर्ष की सजा और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना भी शामिल है। यदि पेपर लीक व नकल सहित परीक्षा से जुड़ी गड़बड़ी में संस्थान या परीक्षा कराने वाली एजेंसी शामिल पाई जाती है तो उससे उस परीक्षा का पूरा खर्च वसूला जाएगा। साथ ही उसकी संपत्ति भी जब्त की जा सकती है। परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियों व पेपर लीक की घटनाओं को सख्ती से रोकने के लिए 'द पब्लिक एक्जामिनेशंस (प्रिवेंशन आफ अनफेयर मीन्स) बिल, 2024' को संसद ने पास किया है। इस कानून के दायरे में सभी सार्वजनिक प्रतियोगी परीक्षाओं को शामिल किया है। इनमें यूपीएससी, एसएससी, रेलवे व बैंकिंग भर्ती बोर्ड से लेकर जेईई, नीट, सीयूईटी, नेट जैसी सभी परीक्षाएं और एनटीए द्वारा आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं शामिल होंगी। दरअसल प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली एक गंभीर अपराध है इसलिए इसे रोकने के लिए सरकार को व्यापक ढांचा एवं संस्थान विकसित करना चाहिए।

आदर्श कुमार वर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

किसानों पर हमला करने वाले गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

बांदा। जिले के जसपुरा थाना क्षेत्र में रविवार को गेहूं खरीद में घटतौली पर पकड़े जाने के बाद किसानों पर गोली चलाने वाले सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार किसानो पर हमला करने वाले लोग संगठित गिरोह के सदस्य हैं जो बिजनौर जिले के बताए गए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ सिंह ने बताया कि गत 26 जून को पैलानी थाना क्षेत्र के झंझरी पुरवा गांव में गेहूं खरीद करने वाला एक गिरोह पहुंचा और इलेक्ट्रॉनिक तराजू से छेड़छाड़ कर ज्यादा गेहूं की तौल की। जब किसानों ने दूसरे तराजू में गेहूं तौला तब घटतौली साबित हुई। जिसका विरोध ग्रामीणों ने किया तभी जानलेवा हमलाकर किसानों पर गोली चलाते हुए पूरा गिरोह फरार हो गया। उन्होंने बताया कि जिले में घटतौली के मामलों की शिकायत के आधार पर पैलानी और कोतवाली देहात थाने में मुकदमा पंजीकृत किये गये और घटना के खुलासा हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। घटना की विस्तृत छानबीन की गई और जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर जसपुरा पुलिस ने झंझरी पुरवा मार्ग पर एक चार पहिया सवार सात लोगों की घेराबंदी की।

चोरों ने ट्यूबवेल को बनाया निशाना, दो मोटर किया पर

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कपासी के मजरे किला में बीते शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने दो निजी नलकूप को अपना निशाना बनाया और चोरी से दोनों नलकूप के मोटर खोल ले गए। नलकूप मालिकों को सुबह इसकी जानकारी तब हुई। जब वह 24 घंटे बाद आई बिजली को देखकर अपना नलकूप चलाने गए। पीड़ित लोगों में किला गांव निवासी शिव पूजन दूबे व रमा शंकर दूबे द्वारा दी गई संयुक्त तहरीर के सम्बन्ध में थाना प्रभारी रतन शर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

वरिष्ठ अधिवक्ता ओम प्रकाश श्रीवास्तव का निधन

अयोध्या। कमिश्नरी के वरिष्ठ अधिवक्ता अपने सहज और सरल व्यवहार के लिए प्रसिद्ध ओम प्रकाश श्रीवास्तव का 68 वर्ष की आयु में लखनऊ के अस्पताल में निधन, वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे हीमोग्लोबिन कम होने के कारण अस्पताल में भर्ती हुए थे बीती देर रात्रि उनका पार्थिव शरीर खोजपुर स्थित आवास पर पहुंचा, आवास पर शोक प्रकट करने वालों का लगा रहा जमावड़ा उनके पुत्र शिवांश श्रीवास्तव ने अपने पिता को दी मुखाग्नि अंतिम संस्कार जामताड़ा घाट पर किया गया। नमन करने वालों में प्रमुख रूप से बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा ,वरिष्ठ अधिवक्ता कीर्ति प्रकाश मिश्रा, अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष संजीव दुबे ,बबन प्रसाद चैबे, चंद्रभान सिंह, विकास कृष्ण त्रिपाठी ,समर बहादुर सिंह, लाल जी गुप्ता ,विजय बहादुर सिंह ,मनोज गौड़, राजेंद्र तिवारी, शुभम गुप्ता ,सूर्यभान वर्मा, राकेश त्रिवेदी, बृजेश श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा, राकेशवैद, विजय कुमार द्विवेदी, अजय श्रीवास्तव अनुराग श्रीवास्तव, सुरेश सिंह, अमन श्रीवास्तव, रोहित वर्मा, राकेश श्रीवास्तव आदि लोग रहे।

बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर हुआ पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

जिला संवाददाता

बहराइच । महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच के एमसीएच विंग में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ जिला अधिकारी बहराइच के निदेर्शानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके बाद स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में जन्मे नवजात शिशुओं को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की औपचारिक शुरूआत की गई।

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. संजय खत्री ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए चलाया जाने वाला राष्ट्रीय कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाई जानी चाहिए। भारत भले ही पोलियो मुक्त हो चुका है, लेकिन दुनिया के कुछ देशों में अभी भी पोलियो के मामले सामने आते हैं। ऐसे में अभिभावकों को अपने बच्चों को हर बार पोलियो की खुराक अवश्य दिलानी चाहिए, ताकि देश की पोलियो पर मिली जीत बरकरार रहे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के सभी ब्लॉकों एवं शहरी क्षेत्रों में पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। अभियान के पहले दिन बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जबकि अगले चरण में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को भी दवा पिलाएंगी जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच पाए।

अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए सभी ब्लॉकों एवं शहरी क्षेत्रों में सुपरवाइजरों की तैनाती की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाकर पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.के. वर्मा, जिला टीकाकरण नोडल अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. पी.के. वर्मा, डब्ल्यूएचओ से डॉ. निखिल, सहायक आचार्य (स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग) डॉ. शिवांगी, अर्बन कोऑर्डिनेटर श्री अरुण, चिकित्सालय प्रबंधक, नर्सिंग अधीक्षिका, एआरओ श्री मुशर्रफ अहमद, श्री दीपक, टीकाकरण कर्मचारी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

सदर विधायक सहित भाजपाइयों ने सुनी पीएम की मन की बात

बांदा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम 135वें संस्करण को जिले के प्रत्येक बूथ में भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकताओं व जनप्रतिनिधियों ने सुना। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने अपने इंदिरानगर स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुना। कहा कि मोदी जी के विचारों से प्रेरणा मिली। मोदी जी ने मैच द रेन अभियान के माध्यम से जल संचयन को जन आंदोलन बनाने के लिए प्रेरित किया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने खुरहंड स्थित अपने आवास पर मन की बात सुनते हुए मोदी जी के विचारों को महत्वपूर्ण बताया। कहा कि मन की बात प्रधानमंत्री के आत्मीय संवाद का ऐसा सशक्त माध्यम बन चुका है जो समाज के प्रेरणादायी प्रयासों को नई पहचान देता है। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने शहर के बंगालीपुरा स्थित बूथ संख्या-30 में मन की बात सुनी। बताया कि मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत की बढ़ती शक्ति, स्वादेशी रक्षा एवं विमानन क्षेत्र की उपलब्धियों, योग की वैश्विक प्रतिष्ठा, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय ज्ञान परम्परा तथा वोकल फॉर लोकल जैसे विषयों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में जन भागीदारी के महत्त्व को रेखांकित किया हैं।

मन की बात प्रधानमंत्री के आत्मीय संवाद का ऐसा सशक्त माध्यम बन चुका हैं जो नागरिक को राष्ट्रहित में सकारात्मक योगदान के लिए प्रेरित करता हैं। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया गया।

मासिक बैठक में सरकार पर निशाना

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश किस पार्टी ने अपने कार्यालय में एक बैठक कर एक रणनीति बनाई जिसमें विदेशी आकांताओं में भारत को लूटा जिसमें वह चाहे मुस्लिम शासन रहे हो या अंग्रेज त पर 1947 के बाद तो देश को कल अंग्रेजों ने जिसमें सत्ताधारी राजनेता और प्रशासन से जुड़े लोग हैं इस देश के किसानों मजदूरों युवाओं एवं महिलाओं को भ्रमित कर के शोषण कि देश की पहचान राम से है कह कर सत्ता पाने वाले ने राम के ही मंदिर से योजना पद तरीके से चढ़ावा चुरा लिया अपने संगठन उत्तर प्रदेश किस पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष ने होने वाली मासिक बैठक में व्यक्त किया और किसानों को संगठित होकर अपने हितों के लिए लड़ने का आवाहन किया था बैठक में कोराई मार्ग हुए अवैध कब्जे के दोस्तीकरण की मांग तथा चमन बाग से कटवाए गए सैकड़ों वृक्षों की कटान की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग के अतिरिक्त प्रदेश सरकार की गौ भक्त पर भी प्रश्न उठाए गए कि किसानों की फैसले भारी संख्या में आवारा जानवर चल रहे हैं सरकारी तंज उन्हें पड़कर जहां रख रहता है ना तो जानवरों को भरपेट चार मिलता है ना पानी और ना ही उन्हें देखरेख की सुविधा पर प्रदेश की राम भक्त व गांव भक्त सरकार किसने की अनदेखा तो कर रहे है जिन्हें हिंदू कहकर वोट लेती है और गांवों को लावारिस हाल में रखकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं वहीं सुनीता देवी निवासिनी ग्राम तनी की भूमि पर भट्ठा मालिक ने कब्जा कर लिया है प्रशासन सुन नहीं रहा है पीड़िता ने जिलाधिकारी को कई बार शिकायती पत्र दिया। सरिता साहू ने मंडप गेस्ट हाउस के सामने जमीन खरीदी वहां विक्रेता की पत्नी ने सामान भी चुराया और जबरन कब्जा कर लिया इस पर प्रशासन कुछ नहीं कर पाया 2024 से मामला पड़ा है इस बैठक में मुख्य रूप से बुधराज धाकड़ी गुड्डू यादव सभासद रामनरेश सिंह पटेल माधी सिंह पप्पू सुनीता देवी कालीचरण बीके उमराव एडवोकेट सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार भोला सिंह ने किया।

व्यापारी कल्याण दिवस आयोजन में आंशिक संशोधन

बहराइच। उपायुक्त प्रशासन, राज्य कर सी.के. गौतम ने बताया कि महान दानवीर भामाशाह के जन्मोत्सव के अवसर पर 29 जून 2026 को अपरान्ह 04:00 बजे कपूरथला परिसर स्थित अत्थान आडिटोरियम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन प्रस्तावित है। श्री गौतम ने बताया कि इस अवसर पर वर्ष 2025-26 में अधिकतम जीएसटी राजस्व देने वाले 10 करदाताओं को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। श्री गौतम ने बताया कि पूर्व में यह आयोजन अपरान्ह 01:00 बजे होना प्रस्तावित था जो अपरिहार्य कारणों से अब पूर्व निर्धारित तिथि एवं स्थान पर अपरान्ह 04:00 बजे से सम्पन्न होगा।

पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ

महोबा। महानिदेशक परिवार कल्याण के निदेर्शों के अनुपालन में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान का प्रथम चरण दिनांक 28 जून 2026 को आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के कुल 133339 बच्चों को पोलियोरोधी दवा की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अभियान के सफल संचालन हेतु जनपद में 555 बूथ, 277 घर-घर भ्रमण टीमें तथा कुल 1668 बूथ कार्मिकों की तैनाती की गई है तथा इस दौरान लगभग 174978 घरों को माइक्रोप्लान के अनुसार आच्छादित किया जाएगा। जनपद में कुल 372 ग्राम सभा/वार्ड, 442 ग्राम तथा 806 आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के प्रथम दिवस जिला महिला चिकित्सालय में सभासद नगर पालिका परिषद महोबा साधना गुप्ता महोबा द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया गया। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर विनय कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

उन्होंने जनपद के समस्त अभिभावकों से अपील है कि वे अपने से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियोरोधी दवा की दो बूंद अवश्य पिलवाएं।

यदि किसी कारणवश बच्चा बूथ पर नहीं पहुंच पाता है तो घर-घर भ्रमण करने वाली स्वास्थ्य टीम से बच्चे को दवा पिलवाएं। हर बार पोलियो की दवा पिलाना आवश्यक है, चाहे बच्चे को पूर्व में कई बार पोलियो की खुराक पिलाई जा चुकी हो।

इलेक्ट्रॉनिक तराजू से किसानों को लगा रहे थे चपत

फायरिंग करने वाला अंतरजनपदीय गिरोह को पुलिस ने दबोचा

बांदा। किसानों की मेहनत की कमाई पर डाका डालने वाले अंतरजनपदीय घटतौली गिरोह का जसपुरा पुलिस ने पदार्फाश किया है। इलेक्ट्रॉनिक तराजू में हेराफेरी कर गेहूं की खरीद में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी करने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 94 कुंतल गेहूं, 2.57 लाख रुपये नकद, एक बलेनो कार, डीसीएम, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, सात मोबाइल फोन और एक अवैध तमंचा समेत कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस अब गिरोह के पूरे नेटवर्क और अन्य जिलों में फैले कारोबार की जांच कर रही है। मामले की शुरूआत बीती 25 जून को झंझरीपुरवा गांव से हुई, जहां बिजनौर से आए व्यापारी किसानों से गेहूं खरीद रहे थे।

किसानों को जब वजन में गड़बड़ी का संदेह हुआ तो दूसरे कांटे पर तौल कराने पर कई क्विंटल गेहूं अधिक निकला। विरोध करने पर आरोपियों ने अतिरिक्त भुगतान करने के बजाय किसानों पर अवैध तमंचे से फायरिंग कर दी और गेहूं से लदी डीसीएम लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर जसपुरा पुलिस ने झंझरीपुरवा मार्ग पर घेराबंदी कर सातों आरोपियों को दबोच लिया। तलाशी में नकदी, अवैध तमंचा, कारतूस, इलेक्ट्रॉनिक तराजू और घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद हुए।

पूछताछ में आरोपियों ने चैंकाने वाला खुलासा किया कि वे संगठित गिरोह बनाकर बांदा समेत आसपास के जनपदों में घूम-घूमकर किसानों से गेहूं खरीदते हैं। इलेक्ट्रॉनिक तराजू के नीचे पैर या अन्य तरीके से दबाव डालकर वास्तविक वजन कम दिखाया जाता था, जिससे हर खरीद में कई क्विंटल गेहूं की घटतौली कर लाखों रुपये का अवैध लाभ कमाया जाता था। जांच में यह भी सामने आया है कि इसी गिरोह के खिलाफ पैलानी और कोतवाली देहात थानों में भी धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गिरोह ने बांदा के अलावा किन-किन जिलों में किसानों को अपना शिकार बनाया। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोग कौन हैं। आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी पड़ताल की जा रही है।

सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच । मत्स्य विभाग द्वारा सघन मत्स्य पालन के लिए महिला/पुरूष मत्स्य पालकों के लिए एयरेशन सिस्टम की नवीन योजना प्रारम्भ की गई है। योजनान्तर्गत मत्स्य बीज हैचरी संचालित करने वाले हैचरी स्वामी तथा निजी क्षेत्र एवं पट्टे पर आवंटित तालाब पर मत्स्यपालन करने वाली ऐसी महिला/पुरूष मत्स्य पालक जिनके तालाब की पट्टा अवधि कम से कम 5 वर्ष अवशेष हो, आनलाइन आवेदन के लिए अर्ह होंगे। यह जानकारी देते हुए प्र. सहायक निदेशक मत्स्य बाबू राम ने बताया कि योजना के तहत 0.50 हे. के तालाब में 2 हार्सपावर के एक कवाड पैडिल व्हील एरियेटर एवं 1.0 हे. या उससे बड़े तालाब हेतु अधिकतम दो एरियेटर प्रति महिला मत्स्य पालक जिनके तालाब की वर्तमान मत्स्य उत्पादकता क्षमता कम से कम 4-5 टन प्रति हे. हो, की उत्पादकता में वृद्धि हेतु अनुदान दिया जाना है। इच्छुक मत्स्यपालक विभागीय वेबसाइट पर 28 जून 2026 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि योजना हेतु आवेदक को इकाई लागत रू. 0.75 लाख प्रति यूनिट पर सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं हेतु 50 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति की महिलाओं हेतु 60 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। इच्छुक मत्स्यपालक योजना से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए विकास भवन के निकट सरस शोरूम में स्थापित उनके कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

जल निगम की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण

बांदा। गांव की तीस हजार की आबादी बेतहाशा गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस रही है। पांच पहाड़ों के बीच बसा तहसील का गांव पनगरा में पेयजल का संकट है। बीते डेढ़ दशक पूर्व गांव में लगी पांच लाख लीटर क्षमता की पानी टंकी का सही रख रखाव न होने के कारण शोपीस हो गई है। तकरीबन दो वर्ष से गांव में जल आपूर्ति सहित टंकी और पाइप लाइन के रख रखाव की जिम्मेदारी जल निगम देख रहा है। ओवरहेड टैंक में लगी मोटर खराब हो जाने से गांव के विगत कई दिनों से जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। खासकर ऊंचाई के इलाके पानी की समस्या से लगातार बाशिंदे जूझ ही रहे है। थोड़ा बहुत जो भी पाइप लाइन के जरिए आपूर्ति हो रही थी वह भी ओवर हेड सीआर डब्लू की मोटर और फैन खराब हो गए। गांव में जलापूर्ति पूरी तरह बंद है। इधर जल निगम भी लगातार आपूर्ति बहाली पर खास ध्यान नहीं दे रहा। इस बारे में गांव के बाशिंदों ने बताया कि बीते सप्ताह गांव में चैपाल कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक ओममणि वर्मा को पेयजल योजना में जल आपूर्ति न मिलने की बात कही थी। समस्या लगातार बरकरार है। गांव में बंद जल आपूर्ति के बारे में जल निगम के अधिशासी अभियंता विमल वर्मा ने बताया कि संबंधित लोगो को मौखिक रूप से निर्देशित किया गया है। ओवरहेड टैंक की मोटर खराब है। जल्द ठीक कर आपूर्ति बहाल की जायेगी।

मन की बात से मिला राष्ट्र निर्माण का संदेश

फतेहपुर। रविवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण जिले के सभी2364 बूथों पर सुना व देखा गया, जिला अध्यक्ष द्वारा सदर विधानसभा के हंसवा मंडल के अंतर्गत बूथ संख्या 359 में कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ श्रवण किया गया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा देश के विकास जनभागीदारी, नवाचार स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और समाज के विभिन्न प्रेरणादायी विषयों पर अपने विचार साझा किए गए। प्रधानमंत्री के प्रेरक उद्बोधन से उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों में राष्ट्र निर्माण के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। जिला मिडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव

के दिशा-निर्देश पर सभी 23 मंडलों में मंडल प्रभारियों को मंडलों में प्रवास करते हुए बूथ समिति की बैठकों को गतिशील बनाने के दृष्टि से प्रवास पर भेजा गया, जिसमें संगठन की मजबूती, डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही बूथ सशक्तिकरण और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर सभी मंडलों की मानिटरिंग जिला कार्यालय द्वारा की गई जिसमें मनकी बात जिला संयोजक नीरज सिंह व सह संयोजक के रूप में कुलदीप भदौरिया व ओम मिश्रा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे व मनकी बात कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी के साथ वरिष्ठ पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष व बूथ समिति, के साथ ही कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

मेरठ विकास प्राधिकरण की वेबसाइट हुई हैक, पाकिस्तान के समर्थन में संदेश

जिला संवाददाता

मेरठ। मेरठ विकास प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट हैक कर ली गई और अज्ञात हैकर ने वेबसाइट के मुख्यपृष्ठ पर कथित तौर पर पाकिस्तान के समर्थन में आपत्तिजनक संदेश और नारे प्रदर्शित कर दिए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस घटना के बाद प्राधिकरण में हड़कंप मच गया।

- हैकरों ने स्वयं को ओवरथ्रश1337 नामक समूह का सदस्य बताया

अधिकारियों के अनुसार, वेबसाइट खोलने पर सामान्य जानकारी के बजाय काले रंग की स्क्रीन पर आपत्तिजनक संदेश दिखाई दे रहे थे। उन्होंने बताया कि हैकरों ने स्वयं को ओवरथ्रश1337 नामक समूह का सदस्य बताया है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना की जानकारी मिलते ही मेरठ प्राधिकरण की तकनीकी और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) टीम ने वेबसाइट को बहाल करने तथा सर्वर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्वाई शुरू कर दी। फिलहाल वेबसाइट काम नहीं कर रही है और तकनीकी दिक्कतों को दूर किया जा रहा है।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) विनायक गोपाल भोसले ने कहा कि मेरठ विकास प्राधिकरण की वेबसाइट हैक होने का मामला संज्ञान में आया है। वेबसाइट को फिलहाल बंद कर दिया गया है।

इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है और मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा।

अयोध्या को जल्द मिलेगा 48 कमरों वाला आधुनिक यात्री निवास

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक अत्याधुनिक यात्री निवास/मेला भवन का निर्माण तेज गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर स्मार्ट सिटी योजना के तहत वशिष्ठकुंड वार्ड के टेढ़ीबाजार क्षेत्र में वीआईपी रोड पर नजूल की भूमि पर 20.59 करोड़ रुपये की लागत से यह भव्य परिसर विकसित किया जा रहा है। नगर विकास विभाग की इस योजना को कार्यदाई संस्था अयोध्या विकास प्राधिकरण मूर्त रूप दे रहा है।

वर्तमान में परियोजना की भौतिक प्रगति 58 प्रतिशत हो चुकी है। स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो गया है, जबकि ब्रिक वर्क, एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) और प्लास्टर का कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह यात्री निवास 48 कमरों वाला होगा जिसमें स्टैंडर्ड, डीलक्स और एक्जीक्यूटिव स्वीट्स शामिल होंगे। इसके अलावा डॉर्मिटरी, रेस्टोरेंट, कंट्रोल कमांड रूम भी बनाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लैंडस्केपिंग, आकर्षक फसाद और आधुनिक इंटीरियर कार्य भी किए जा रहे हैं। मेला भवन का हिस्सा भी इसी परिसर में विकसित हो रहा है, जो बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। यह परियोजना स्मार्ट सिटी योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां आने वाले लाखों श्रद्धालु और पर्यटक अब आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। कंट्रोल कमांड रूम से पूरे परिसर की निगरानी की जाएगी, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद उपयोगी होगा। रेस्टोरेंट में स्थानीय और शुद्ध सात्विक भोजन की व्यवस्था रहेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप अयोध्या को न केवल आध्यात्मिक, बल्कि आधुनिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। राम मंदिर के दर्शन के बाद श्रद्धालु अब आरामदायक और सुविधाजनक आवास पा सकेंगे। यह यात्री निवास धार्मिक पर्यटन को नया आयाम देगा और अयोध्या को वैश्विक स्तर पर एक बेहतर पर्यटन गंतव्य बनाने में मदद करेगा। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। यह परियोजना पूरी होने के बाद अयोध्या में ठहरने की सुविधाओं की कमी को काफी हद तक दूर कर देगी।

सिपाही की यमुना नदी में डूबने से मौत

बांदा। चिल्ला थाना क्षेत्र मे यमुना नदी पुल के उस पार ललौली थाना क्षेत्र में परचून की दुकान पर 28 वर्षीय सिपाही अनुराग सिंह भदोरिया पुत्र महेंद्र सिंह दुकान पर गाड़ी खड़ी करके वहां से दो किलोमीटर दूर पैदल नदी में जाकर नहाने लगा। पैर फिसल जाने से अचानक वह गहराई में चला गया जिससे डूब गया। वहां पर बारी लगाने वाले लोगों ने देखा तो पुलिस को जानकारी दी। चिल्ला थाने की पुलिस व ललौली थाने की पुलिस थाना प्रभारी आनंद साहू, सीओ सदर सौरभ सिंह, पपरेंदा चैक इंचार्ज अंश त्यागी ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से पांच घंटे आभियान चलाकर नदी के बीचो-बीच गोताखोरों की मदद से शव को ढूंढ निकाला। पुलिस ने बताया कि सिपाही यमुना नदी में नहाने चला गया था। पैर फिसल जाने से डूब गया है। मृतक के पिता महेंद्र सिंह ने बताया कि 24 नवंबर 2024 को कानपुर सरसौल महाराजपुर में शादी हुई थी। उसके एक बेटा है। चिल्ला थाने में दूसरी तैनाती हुई थी। इसके पहले कमासिन थाने में पोस्टिंग थी।

मशाल जुलूस निकाल भरत के हत्यारों को फांसी की मांग

जिला संवाददाता

बांदा। बिहार राज्य के भरत तिवारी का फर्जी एनकाउंटर किए जाने के विरोध में अतर्रा कस्बा में लोगों ने मशाल जुलूस निकाला। मामले की न्यायिक जांच कराकर दोषी लोगों को फांसी दिए जाने की मांग की। राष्ट्रपति व मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार शिवकांत मिश्रा को सौंपा। पीड़ित परिवार को मदद व सुरक्षा की व्यवस्था

- नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

दिए जाने की भी मांग की है। बिहार के भरत तिवारी का फर्जी एनकाउंटर किए जाने का मामला प्रदेश में तूल पकड़ रहा है। अतर्रा कस्बा के गौराबाबाधाम में लोगों ने जमा होकर हाथों में मशाल लेकर भरत तिवारी अमर रहे, भरत तिवारी के हत्यारों को फांसी दो-फांसी दो, जिस हिंदुस्तानी का खून न खौले खून नहीं वह पानी है.....। नारों के साथ लोग अतर्रा कस्बा के गांधी चैक पहुंचे। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति व मुख्य न्यायाधीश को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

घटना को फर्जी तरीके से दिखाकर एनकाउंटर किए जाने के मामले की पूरी जांच कर कर दोषी लोगों को फांसी देने की मांग की। पीड़ित परिवार को सुरक्षा व मदद की भी मांग की। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख रणजीत सिंह, अधिवक्ता सूरज बाजपेई, विवेकबिंदु तिवारी, पं. जेएन कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष राजा कृष्णकांत तिवारी, ध्रुव उपाध्याय ने सुनियोजित हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि जल्द से जल्द पूरे मामले की न्यायिक जांच हो। समापन सुभाष प्रतिमा पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इस दौरान गणेश अग्निहोत्री, महेंद्र चैरिहा, सुरेश व्यास, प्रकाश त्रिवेदी, अंकुर तिवारी, विकास दीक्षित, आदित्यराज पांडेय, अनम तिवारी, हेतराम कबीर, हरिहर मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, राकेश बाजपेयी, कपिल बाजपेई, राजू त्रिवेदी, भरत मिश्रा, अनिल मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

सैमसंग गैलेक्सी ए27 5जी के लॉन्च करने घोषणा

सियोल। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड ने आज गैलेक्सी ए27 5जी को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ऐसा डिवाइस है जो शानदार डिस्प्ले, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और सोच-समझकर जोड़े गए एआई फीचर्स के साथ रोजमर्रा के मोबाइल अनुभव को और बेहतर बनाता है। अपने लोकप्रिय मॉडल गैलेक्सी ए26 5जी की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, गैलेक्सी ए27 5 जी में कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं जो अधिक से अधिक यूजर्स के लिए इसके इस्तेमाल को आसान और बेहतर बनाते हैं।बेहद स्मूथ और शानदार व्यूइंग एक्सपीरियंस के लिए, गैलेक्सी ए27 5जी में 120 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट के साथ 6.7 इंच का सुपर एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। इसमें एक अपग्रेडेड इन्फिनिटी-ओ डिस्प्ले भी पेश किया गया है, 7.8 मिमी की पतली बॉडी के साथ, गैलेक्सी ए27 5जी को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसे पूरे दिन हाथ में पकड़ना बेहद आरामदायक महसूस होता है। इसके जीपीयू परफॉर्मेंस में सुधार से गेमिंग और स्ट्रीमिंग के दौरान बेहद स्मूथ ग्राफिक्स मिलते हैं, जबकि लेटेस्ट हाई-स्पीड मेमोरी तेजी से डेटा ट्रांसफर करने और बैटरी की खपत को कम करने में मदद करती है।

एक महिला ने किया 200 ज़िंदगियों में बदलाव

नई दिल्ली। रीना सिंह की कहानी साहस, नेतृत्व और अवसरों के माध्यम से जीवन बदलने की एक प्रेरणादायक मिसाल है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में जन्मी रीना को बचपन से ही अपने परिवार का पूरा सहयोग मिला। हालांकि, जीवन ने अचानक कठिन मोड़ लिया जब एक दुर्घटना में उनके पति शारीरिक रूप से काम करने में असमर्थ हो गए। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी रीना के कंधों पर आ गई। दो छोटे बच्चों की परवरिश और परिवार की ज़िम्मेदारियों के बीच उन्होंने परिस्थितियों के आगे हार मानने के बजाय अपने सपनों को नई दिशा देने का निर्णय लिया। इसी दौरान उन्हें स्वयं सहायता समूह की अवधारणा के बारे में पता चला। अपने दृढ़ संकल्प और नेतृत्व क्षमता के बल पर उन्होंने 11 महिलाओं को साथ लेकर महादेव स्वयं सहायता समूह की स्थापना की और इसकी अध्यक्ष एवं लेखाकार की जिम्मेदारी संभाली।इस पहल ने न केवल रीना को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि अनेक महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय साक्षरता और आजीविका के नए अवसरों से भी जोड़ा।

नेटफ्लिक्स पर लॉकअप: सच या सजा का हुआ प्रीमियर

नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स की कैप्टिव रियलिटी सीरीज लॉकअपः सच या सजा का प्रीमियर हुआ।इनमेट्स अपनी सैल्स में पहुँचे ही थे कि शो में अब तक के सबसे हैरतअंगेज सीक्रेट का खुलासा हुआ। अपने इंट्रो में आकांक्षा चमोला से, जो श्रेया कालरा और श्रेष्ठ अय्यर की सैलमेट बनी हैं, से अपना ऐसा सीक्रेट बताने को कहा गया, जो कोई नहीं जानता है।इसके बाद उन्होंने ऐसा कन्फेशन किया, जिसने न केवल उनके इनमेट्स को चौंका दिया, बल्कि उसे सुनकर जेलर फराह खान और रितेश देशमुख भी भौंचक्के रह गए। पहले दिन की यह हैरतअंगेज शुरूआत थी। लेकिन ड्रामा तो अभी शुरू ही हुआ है।लॉकअपः सच या सजा में हर इनमेट का कोई न कोई सीक्रेट है। हर सच की अपनी कीमत है और हर खुलासा गेम को बदलने की ताकत रखता है। लॉक अपः सच या सजा नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है।इसके नए एपिसोड हर शनिवार से बुधवार रात 8 बजे उपलब्ध होंगे।

वाणिज्य मंत्रालय विशेष आर्थिक क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर हितधारकों से करेगा 30 जून को बैठक

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के मकसद से 30 जून को हितधारकों की बैठक बुलाई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बैठक में निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं और एसईजेड सुधारों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में एसईजेड से घरेलू शुल्क क्षेत्र (डीटीए) को दी जाने वाली सेवाओं के लिए भारतीय मुद्रा में भुगतान की व्यवस्था, डीटीए के लिए निर्यात से असंबद्ध जॉब वर्क की अनुमति, आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा, मुक्त व्यापार भंडारण क्षेत्रों में सुधार तथा कारोबार सुगमता को और बेहतर बनाने जैसे विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। सरकार ने इन क्षेत्रों की नीति में व्यापक सुधारों के सुझाव देने के लिए 17 सदस्यीय समिति का गठन किया है।

कंपनियों की पूंजी 88678 करोड़ रुपये बढ़ी

नयी दिल्ली। कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह में शेयर बाजार में सीमित बढ़त के बीच देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 88,678.10 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 297.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 42.90 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि दर्ज की गई। वहीं भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय जीवन बीमा निगम

(एलआईसी) और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 29,588.75 करोड़ रुपये बढ़कर 9,95,610.74 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 24,718.30 करोड़ रुपये बढ़कर 12,25,981.44 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 12,043.96 करोड़ रुपये बढ़कर 17,83,926.92 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का11,580.28 करोड़ रुपये बढ़कर 6,10,081.53 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 9,322.93 करोड़ रुपये बढ़कर 9,64,738 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टुब्रो का I,423.88 करोड़ रुपये बढ़कर 5,80,550.83 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 35,615.21 करोड़ रुपये घटकर 11,27,348.09 करोड़ रुपये रह गया। इसी तरह एलआईसी की बाजार हैसियत 21,188.74 करोड़ रुपये घटकर 5,35,537.56 करोड़ रुपये पर आ गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 11,143.71 करोड़ रुपये घटकर 7,58,206.42 रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 5,321.83 करोड़ रुपये घटकर 5,10,624.92 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

जीएसटी के 10 सालः अब सरकार का ध्यान एआई आधारित अनुपालन, तेज रिफंड पर

नयी दिल्ली। देश में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली लागू होने के 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में अब सरकार का ध्यान केवल कर संग्रह बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित अनुपालन, तेज रिफंड, डेटा एकीकरण और कर प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर केंद्रित हो गया है।

इसका उद्देश्य कारोबार क्षेत्रों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अनुपालन लागत कम करना और कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाना है। सरकार जीएसटी, आयकर और सीमा शुल्क के डेटाबेस को आपस में जोड़ रही है ताकि जोखिम का बेहतर आकलन किया जा सके, कर चोरी की पहचान आसान हो और मैन्युअल हस्तक्षेप कम किया जा सके। साथ ही एआई और डेटा विश्लेषण के जरिये अनुपालन प्रक्रिया

को अधिक पारदर्शी और दक्ष बनाया जा रहा है। जीएसटी को देश के सबसे बड़े आर्थिक सुधारों में गिना जाता है। इसने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाया है, करदाताओं का दायरा बढ़ाया है, अनुपालन को मजबूत किया है और सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि की है। एक जुलाई, 2017 को आधी रात में संसद के केंद्रीय कक्ष में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने जीएसटी की शुरुआत की थी। उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे गुड टैक्स बताते हुए कहा था कि इससे व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीएसटी लागू करने से पहले देश में केंद्र और राज्यों के 17 प्रकार के कर तथा 13 तरह के उपकर (सेस) लागू थे। जीएसटी में इन्हें समाहित कर पूरे देश के लिए एक समान अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू की गई, जिससे एक राष्ट्र, एक कर की अवधारणा को बल मिला। इस व्यापक सुधार को लागू करने में तत्कालीन वित्त मंत्री स्व. अरुण जेटली की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने राज्यों और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनाने के लिए लंबी बातचीत की थी। जेटली ने इसे दुनिया की सबसे जटिल अप्रत्यक्ष कर प्रणालियों में से एक के पुनर्गठन की बड़ी उपलब्धि बताया था। जीएसटी लागू होने के समय देश में पंजीकृत करदाताओं की संख्या करीब 66.5 लाख थी, जो वर्ष 2026 तक बढ़कर लगभग 1.6 करोड़ हो गई है।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियां बनीं ऊर्जा सुरक्षा की रीढ़

नयी दिल्ली। भारत ने जब-जब किसी बड़े संकट का सामना किया है हर बार देश की सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे 2015 की विनाशकारी बाढ़ हो, कोविड-19 महामारी हो या फिर वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति का संकट उत्पन्न करने वाला पश्चिम एशिया का हालिया संघर्ष।

विश्लेषकों और उद्योग जगत के अधिकारियों का कहना है कि हर राष्ट्रीय आपातकाल ने इस बात को और मजबूत किया है कि सरकारें देश की ऊर्जा जीवनरेखा को नियंत्रित करने वाली इन कंपनियों पर से अपनी पकड़ ढीली करने में क्यों कतराती रही हैं। दशकों से भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेलविपणन कंपनियों (ओएमसी) की अक्सर कम मुनाफे, ईंधन मूल्य निर्धारण में सरकारी हस्तक्षेप और बड़े परिचालन के लिए आलोचना की जाती रही है। इन्हें दो बार निजीकरण के दायरे में भी लाया गया था। वर्ष 2002 में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को बेचने की योजना ने गति पकड़ी, जिसे उच्चतम न्यायालय के एक फैसले ने रोक दिया। इसके बाद 2020 में फिर से यह प्रक्रिया शुरू की गई।

तेल-तिलहन की कीमतों में मामूली सुधार

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी खाद्य तेल-तिलहनों के दाम में मामूली सुधार रहा। इसके चलते सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए।

बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में बाजार मजबूत हुए हैं पर देश के हाजिर कारोबार में मांग कमजोर रहने से कारोबारी गतिविधियां धीमी हैं। इस कारण विदेशों में जिस तरह दाम बढ़े हैं, उसकी रफ्तार देश के बाजार में धीमी है जिससे तेल-तिलहन कीमतों में मामूली सुधार नजर आया। सूत्रों ने कहा कि देश के बाजारों में ऊंचे दाम की वजह से सरसों की मांग बेहद कमजोर है। कारोबारी सरसों का दाम बढ़ाकर बोल रहे हैं जिससे सरसों तेल-तिलहन में सुधार दिख रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को पिछले कुछ वर्षों बाद पहली बार सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अच्छे दाम मिले हैं। वे ऊंची कीमत का स्वाद चख चुके हैं और प्लांट वालों द्वारा दाम घटा-बढ़ाकर बाजार प्रभावित करने के असर से बेअसर हैं। किसान अच्छे दाम पर ही सोयाबीन बेचने के पक्ष में नजर आते हैं जिससे बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन के दाम में मजबूती दिखी। विदेशों में बाजार मजबूत होने से सोयाबीन तेल कीमतों में भी बीते सप्ताह सुधार आया। लेकिन यह भी हकीकत है कि आयातक अब भी आयात लागत से नीचे दाम पर सोयाबीन, पाम-पामोलीन तेल की बिक्री कर रहे हैं जिससे बैंकों का और विशेषकर विदेशी मुद्रा का नुकसान हो रहा है। इसके अलावा तेल-तिलहन बाजार की कारोबारी धारणा प्रभावित हो रही है। सूत्रों ने कहा कि हकीकत यह है कि मूंगफली तेल का थोक दाम काफी सस्ता है और इसके दाम एमएसपी से नीचे हैं। सूरजमुखी तेल से यह लगभग 10 रुपये किलो सस्ता बैठता है। इस नीचे दाम पर मांग उभरने से बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी मामूली सुधार देखा गया। उन्होंने कहा कि देश में बिनौला की आपूर्ति कुछ हजार गांठ की रह गई है जबकि इस मौसम में इसकी आपूर्ति लाखों गांठ की रहती है।

बीज कंपनियों के पास खरीफ के लिए अतिरिक्त भंडार उपलब्ध

नयी दिल्ली। देश की निजी बीज कंपनियों ने खरीफ फसल सत्र के लिए 20-30 प्रतिशत अतिरिक्त भंडार रखा है, लेकिन इस साल अल-नीनों के कारण मानसून के कमजोर और देरी से आने के खतरे के बीच बारिश की कमी वाले मुख्य इलाकों में समय पर बीज पहुंचाना एक बड़ी चुनौती है। फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) ने यह बात कही।

एफएसआईआई के चेयरमैन अजय राणा ने कहा कि मक्का, धान और मोटे अनाज (मिलेट्स) के रिकॉर्ड बीज उत्पादन से इस वर्ष उद्योग पूरी तरह तैयार है। हाल ही में एक हजार किसानों पर किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि 75 प्रतिशत किसान पहले ही बीज खरीद चुके हैं, जबकि 25 प्रतिशत किसान मानसून का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में बुवाई की अवधि समाप्त होने से पहले अतिरिक्त भंडार वाले क्षेत्रों से प्रभावित जिलों तक बीज पहुंचाना बेहद महत्वपूर्ण होगा।

राणा ने कहा कि हम आम तौर पर 15 से 20 प्रतिशत बफर रखने की योजना बनाते हैं, लेकिन इस वर्ष बेहतर उत्पादन के कारण कई कंपनियों के पास 20 से 30 प्रतिशत तक अतिरिक्त बीज उपलब्ध है। चुनौती बीज की उपलब्धता नहीं, बल्कि सही समय पर सही क्षेत्रों तक उसकी आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भारत के प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया सैन्य घटनाक्रम के साथ-साथ विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। निवेशक औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों, एचएसबीसी के अंतिम विनिर्माण, सेवा और समग्र पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) तथा विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ों पर विशेष नजर रखेंगे। इन आंकड़ों से घरेलू अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में महत्वपूर्ण संकेत मिलेंगे। उन्होंने कहा

कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों की दिशा और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक बने रहेंगे। इसके अलावा, एक जुलाई को जारी होने वाले विभिन्न वाहन कंपनियों के मासिक बिक्री आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। आने वाले सप्ताह में बाजार की चाल काफी हद तक भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर निर्भर करेगी। निवेशक अमेरिका और ईरान के बीच हालिया सैन्य तनाव के बाद पश्चिम एशिया की स्थिति पर करीबी नजर बनाए रखेंगे। यदि दोनों पक्षों के बीच बातचीत दोबारा शुरू होने या तनाव कम होने के संकेत मिलते हैं तो इससे बाजार में जोखिम लेने की धारणा मजबूत हो सकती है। वहीं, यदि तनाव और बढ़ता है तो वैश्विक आर्थिक वृद्धि और ऊर्जा बाजार को लेकर निवेशकों की चिंताएं बढ़ सकती हैं। घरेलू स्तर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी, क्योंकि इसका असर कृषि उत्पादन, ग्रामीण मांग और महंगाई पर पड़ सकता है। इस सप्ताह भारत के विनिर्माण पीएमआई और मई महीने के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों के अलावा अमेरिका के विनिर्माण सूचकांक पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 297.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत मजबूत हुआ, जबकि एनएसई का निफ्टी 42.90 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

मेड इन इंडिया सिर्फ लेबल नहीं, गुणवत्ता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक भी : गोयल

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि मेड इन इंडिया केवल किसी उत्पाद पर अंकित लेबल नहीं, बल्कि यह गुणवत्ता के प्रति भारत की प्रतिष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता केवल कंपनियों के प्रदर्शन का पैमाना नहीं, बल्कि देश के प्रति एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में व्यापार बोर्ड (बीओटी) की बैठक तीन जुलाई को नयी दिल्ली में आयोजित की जाएगी। बैठक में हाल में हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का अधिकतम लाभ उठाने, निर्यात को गति देने और देश के व्यापारिक लक्ष्यों को हासिल करने की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। एक



सरकारी अधिकारी के अनुसार, बैठक में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि, निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी), सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों सहित व्यापार और उद्योग जगत के लोग हिस्सा लेंगे। इसमें निर्यात क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों और सुझावों पर विस्तार से विचार-विमर्श होगा। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब भारत ने वर्ष 2021 के बाद से मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान तथा यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के चार देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को लागू किया है। इसके अलावा ब्रिटेन के साथ हुआ व्यापार समझौता 15 जुलाई से प्रभावी होने जा रहा है। सरकार को उम्मीद है कि 27 देशों वाले यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भी इस वर्ष के अंत तक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हो जाएंगे, जिसे अगले वर्ष लागू किया जा सकता है। यह बैठक इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि सरकार ने वर्ष 2026-27 में देश के कुल माल निर्यात को एक हजार अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

पेज एक का शेष

पीएम मोदी

जिसका हमें मिलकर सामना करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पृथ्वी को अधिक हरित बनाने के लिए हर संभव योगदान देने को तैयार है। उन्होंने कहा, यह हमारी विभिन्न घरेलू नीतियों, मिशन लाइफ पर दिए जा रहे विशेष जोर तथा अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा-रोधी अवसंरचना गठबंधन जैसी वैश्विक पहलों में हमारी सक्रिय भूमिका से स्पष्ट होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सेशेल्स की संसद को संबोधित करते हुए न्यायसंगत जलवायु कार्वाई की आवश्यकता को रेखांकित किया और कहा कि ग्लोबल साउथ , विशेष रूप से द्वीप राष्ट्र, जलवायु परिवर्तन का खामियाजा भुगत रहे हैं। मोदी ने अपने संबोधन में इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पहले से ही समुद्र तट, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र, मौसम के पैटर्न और समुदायों पर दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने यह भी दोहराया कि जिन देशों ने जलवायु परिवर्तन में सबसे कम योगदान दिया है, उनपर इसके परिणामों का सबसे बड़ा बोझ नहीं पड़ना चाहिए। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि जलवायु कार्वाई को निष्पक्षता, जिम्मेदारी और समता पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स एक ऐसी दुनिया का दृष्टिकोण साझा करते हैं, जहां विकास अधिक समावेशी हो।

समुद्र से

सहयोग से वडोदरा स्थित निर्माण केंद्र में तैयार किया जाएगा। मोदी ने कहा कि देश ने जून में कुछ अन्य ऐसी उपलब्धियां हासिल कीं, जो हर नागरिक को गर्व से भर देती हैं। उन्होंने कहा, हाल में मुझे कोलकाता में नौसेना से जुड़े एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिला। वहां आईएनएस दूनागिरि, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। इन पोतों के डिजाइन से लेकर निर्माण तक सब कुछ स्वदेशी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एलआरएलएससीएम का भी जून में सफल परीक्षण किया। उन्होंने कहा, दूसरे शब्दों में कहें तो समुद्र से लेकर आकाश तक हमारा भारत लगातार अधिक सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन रहा है। डीआरडीओ ने 15 जून को ओडिशा के तट के पास एलआरएलएससीएम का सफल उड़ान परीक्षण किया था। यह पूरी तरह स्वदेशी मिसाइल है और इसकी सभी उप-प्रणालियां डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं तथा औद्योगिक साझेदारों ने विकसित की हैं। मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति को देखते हुए कुछ समय तक सोना नहीं खरीदने, विदेश में छुट्टियां मनाने से बचने और साझा वाहन से यात्रा करने की उनकी अपील मानने के लिए कार्यक्रम के दौरान नागरिकों का आभार जताया। उन्होंने कहा, मैं देश के प्रत्येक नागरिक का आभारी हूं।

लखनऊ में

तथा आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला सहित सभी संबंधित व्यक्तियों को अपना पक्ष एवं साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया। आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला आरोपों के समर्थन में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। आरक्षी शुक्ला ने पिछले महीने सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार वीडियो साझा करके कर्मचारियों की तैनाती में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। विभागीय जांच में उसे सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल, अनुशासनहीनता और सेवा नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया गया। पुलिस के अनुसार जांच में यह बात सामने आई कि उसने वरिष्ठ अधिकारियों पर बिना किसी आधार के आरोप लगाए, बिना सबूत के पुलिस विभाग की छवि खराब करने की कोशिश की, पुलिस बल में अनुशासनहीनता को बढ़ावा दिया और अधिकारियों के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। जांच में पाया गया कि सुनील कुमार शुक्ला ने बिना अनुमति सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया नीति-2023, उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली-1956 के नियम 3, 6, 7 और 27, और उत्तर प्रदेश वर्दी विनियम का उल्लंघन किया।

मोहर्रम पर

से अयोध्या विश्वभर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी है। ऐसे में अब समाजवादी पार्टी को भी अयोध्या की याद आने लगी है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने थानों और जेलों में होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम तक बंद करा दिए थे। कांवड़ यात्रा पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था। अब हाथरस में 22 से अधिक मंदिरों का सौंदर्यीकरण कराया गया है, लेकिन यह कार्य समाजवादी सरकार में कभी संभव नहीं था। तब यही पैसा कब्रिस्तानों की बाउंड्रीवाल बनाने में खर्च होता था। हमने वही पैसा मंदिरों की ओर डायवर्ट किया है। कब्रिस्तानों की नहीं, मंदिरों की आवश्यकता है क्योंकि मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं। मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव को सलाह देते हुए कहा कि वे अयोध्या की चिंता छोड़ दें क्योंकि अयोध्या अपनी पहचान के लिए किसी की मोहताज नहीं है। अखिलेश जी, अयोध्या को रामभक्तों ने सजाया और संवारा है। आप उसकी चिंता मत करिए। पश्चाताप कर एक बार रामलला के दर्शन कर लीजिए, शायद सद्बुद्धि आ जाए। सपा वास्तव में धार्मिक आस्था का सम्मान करना चाहती है तो उसे खुलकर मथुरा-वृंदावन और श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्ष में बोलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन चला था, उसी प्रकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए भी अभियान चलाने की बात समाजवादी पार्टी को खुलकर करनी चाहिए। योगी ने कहा कि उनकी सरकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि आने वाले श्रद्धालुओं को सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। लेकिन समाजवादी पार्टी में इतनी हिम्मत नहीं है क्योंकि उसका पूरा एजेंडा केवल तुष्टिकरण की राजनीति तक सीमित है। अखिलेश जी, आपमें हिम्मत नहीं है। आप तो मुल्ला-मौलवियों के सामने घुटने टेकने के अलावा कोई ऐसा एजेंडा नहीं रखते जो प्रदेश के विकास, अयोध्या, मथुरा और काशी के उत्थान तथा उनकी पौराणिक पहचान को मजबूत करने का हो।

फायर एनओसी

कमीशन की बैठक में एक्सप्रेसवे, औद्योगिक अवसंरचना, ग्रामीण आजीविका, ऊर्जा, कृषि, डेटा सेंटर, ईवी चार्जिंग सहित प्रदेश की विभिन्न जनहितकारी परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परियोजना निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक में गत सीएम-समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि फरुखाबार्द लिंक एक्सप्रेसवे के लिए आवश्यक 1339.04 हेक्टेयर भूमि में से 1135.57 हेक्टेयर अर्थात 84.80 प्रतिशत भूमि उपलब्ध कराई जा चुकी है। आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 643.60 हेक्टेयर के सापेक्ष 315.73 हेक्टेयर अर्थात 49.05 प्रतिशत, झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 1539.19 हेक्टेयर के सापेक्ष 654.77 हेक्टेयर तथा जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 895.34 हेक्टेयर के सापेक्ष 266.82 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने फरुखाबार्द लिंक एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्माण कार्यों हेतु निविदा प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

चढ़ावा चोरी

जहां परिजनों से पूछताछ की गई और दस्तावेजों की जांच की गई। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने कुछ आरोपियों की संपत्ति, उनके पिछले रिकॉर्ड और गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए उनके पड़ोसियों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की। अयोध्या की एक अदालत ने दो दिन पहले सभी आठ आरोपियों को 29 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अदालत में सोमवार को पेशी के दौरान पुलिस उनकी रिमांड का अनुरोध कर सकती है। गिरफ्तार आरोपियों अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लव कुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडे, रामशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और रामाशंकर उर्फ टिन्नू यादव की ड्यूटी राम मंदिर में दान के रूप में प्राप्त नकदी और कीमती चीजों की गिनती से संबंधित कार्य में थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, जांचकर्ताओं ने अब तक 79.85 लाख रुपये बरामद किए हैं। मामला भारतीय न्याय संहिता की चोरी, नौकर द्वारा चोरी, आपराधिक न्यासभंग, चोरी का माल रखने और आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित धाराओं के अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। यह प्राथमिकी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) की प्रारंभिक रिपोर्ट की सिफारिश पर दर्ज की गई थी। इस महीने की शुरुआत में चढ़ावे के कथित गबन के आरोप सामने आने के बाद राज्य सरकार ने 13 जून को एसआईटी का गठन किया था।

रुड़की में

वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले उद्यमी के रूप में भी आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड के युवाओं को अपने ही प्रदेश में बेहतर संभावनाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पर्यटन, कृषि, बागवानी, स्थानीय उत्पादों के विपणन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज', 'एक जनपद-दो उत्पाद' तथा होम-स्टे जैसी योजनाएं स्थानीय लोगों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं का विश्वास बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है, जिससे योग्य और मेहनती अभ्यर्थियों को निष्पक्ष अवसर मिल रहे हैं।

सड़क निर्माण

अपलोड कर दिया गया है। आगरा जनपद में सड़क निर्माण, सुदृढ़ीकरण, पुल और हेलीपैड निर्माण के लगभग 2791 करोड़ रुपये कुल 495 कार्यों की योजना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने सभी सांसदों, विधायकों और एमएलसी से कहा कि वे अपनी प्राथमिकताओं को जल्द तय करें। यदि प्रस्तावों में कोई संशोधन या सुझाव है, तो तुरंत बताएं ताकि तत्काल स्वीकृति प्रदान कर धनराशि जारी की जा सके और काम शुरू हो। आगरा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण, नए पुलों के निर्माण और सड़क चौड़ीकरण में पेड़ों की कटाई को लेकर एनजीटी और सुप्रीम कोर्ट से जुड़ी अड़चनों को सीएम ने काफी गंभीरता से लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों को किसी भी कीमत पर रुकने न दिया जाए। इन अड़चनों को दूर करने के लिए वरिष्ठ और अनुभवी अधिवक्ताओं का एक पैनल बनाकर अदालतों में प्रभावी पैरवी की जाए। साथ ही, जहां सड़क निर्माण में पुराने पेड़ आ रहे हैं, उस जमीन को छोड़कर सड़क चौड़ीकरण का नया विकल्प तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण इलाकों की सड़कों से गुजरने वाले भारी ट्रकों और डंपरों पर सख्त रुख अपनाया। ग्रामीण सड़कें भारी वाहनों के आवागमन के लिए नहीं बनाई जाती हैं।

भीषण गर्मी

रेड अलर्ट के दौरान सभी कठिन शारीरिक और बाहरी गतिविधियां स्थगित रखी जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि विद्यालयों को गर्मी से जुड़ी घटनाओं का रिकॉर्ड रखने, नियमित समीक्षा करने, भारत मौसम विज्ञान विभाग के अलर्ट पर लगातार निगरानी बनाए रखने तथा समय-समय पर मॉक ड्रिल आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

आयरलैंड ने पहली बार भारत को 2-0 से हराया

प्रिंस यादव ने टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू मैच में 3 विकेट लिए, टीम इंडिया ने 3 साल बाद सीरीज गंवायी

एजेंसी

बेलफास्ट। आयरलैंड ने दूसरे टी-20 में भारत को 155 रन का टारगेट दिया है। टीम ने हैरी टेक्टर के अर्धशतक (53) की बदौलत 20 ओवर में 154 रन बनाए। जवाब में भारत ने 3 ओवर के बाद 3 विकेट के नुकसान पर 21 रन बनाए हैं। जय मुंदड़ा ने संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा को जीरो और श्रेयस अय्यर को 10 पर आउट किया। आयरलैंड के लिए चौथे विकेट के लिए टेक्टर और बेंजामिन कैलिट्ज ने अर्धशतकीय साझेदारी की। भारत की ओर से टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू कर रहे प्रिंस यादव ने 3 विकेट लिए। बेलफास्ट में खेला जा रहे इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। वैभव सूर्यवंशी को फिर डेब्यू का मौका नहीं मिला, जबकि सूर्याश शेडगे और प्रिंस यादव ने टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया।

राजस्थान के टोंक में जन्मे भारतीय मूल के तेज गेंदबाज जय मुंदड़ा ने भारत के खिलाफ पहले टी-20 में आयरलैंड के लिए डेब्यू किया। 29 साल के मुंदड़ा ने 2021 में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में मास्टर्स की पढ़ाई के लिए आयरलैंड का रुख किया। वहां उन्होंने डबलिन के लेनस्टर क्रिकेट क्लब से खेलना शुरू किया और 2023 में आयरिश सीनियर कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। 155 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। पहले ही ओवर में जय मुंद्रा ने संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा को गोल्डन डक पर आउट कर भारत को दो बड़े झटके दिए। संजू एलबीडब्ल्यू, जबकि अभिषेक शानदार कैच का शिकार बने। पहले ओवर के बाद भारत का स्कोर 2 विकेट पर सिर्फ 1 रन है। पारी के आखिरी ओवर में प्रिंस यादव ने दो विकेट झटके और डेब्यू टी-20 इंटरनेशनल में तीन विकेट पूरे किए। उन्होंने पहले हैरी टेक्टर को 53 रन पर विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराया। आखिरी गेंद पर लियाम मैकार्थी को ईशान के हाथों कैच आउट हो गए। प्रिंस ने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट लिए और आयरलैंड को 20 ओवर में 8 विकेट पर 154 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। हैरी टेक्टर ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके टी-20 इंटरनेशनल करियर का 100वां मैच है, जिसे उन्होंने शानदार पारी से यादगार बना दिया।

भारत को छठी सफलता अर्शदीप सिंह ने दिलाई। उन्होंने 19वें ओवर की तीसरी गेंद पर जॉर्ज डॉकरेल को अक्षर पटेल के हाथों कैच कराया। डॉकरेल ऑफ साइड में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को सीधे स्वीपर कवर पर खड़े अक्षर के हाथों में खेल बैठे। वह 14 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें एक चौका और एक छक्का शामिल था। 17.1 ओवर के बाद बेलफास्ट में बारिश शुरू होने के कारण मैच रोकना पड़ा। अंपायरों ने तुरंत खेल रोक दिया और खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए।

इसके बाद ग्राउंड स्टाफ ने पिच को ढकने के लिए कवर लगा दिए। बारिश रुकने के समय आयरलैंड का स्कोर 5 विकेट पर 127 रन था। हैरी टेक्टर और जॉर्ज डॉकरेल क्रीज पर मौजूद थे। 15वें ओवर में शिवम दुबे ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दो गेंदों पर दो विकेट झटके। ओवर की शुरुआत में बेंजामिन कैलिट्ज ने दो छक्के लगाए, लेकिन चौथी गेंद पर वह 23 गेंदों में 37 रन बनाकर तिलक वर्मा के हाथों कैच आउट हो गए। अगली ही गेंद पर गैरेथ डेलानी बिना खाता खोले बोल्ड हो गए। इस ओवर के बाद आयरलैंड का स्कोर 15 ओवर में 5 विकेट पर 114 रन हो गया। हैरी टेक्टर और बेंजामिन कैलिट्ज ने चौथे विकेट के लिए 35 गेंदों में 50 रन जोड़े। इस साझेदारी में दोनों बल्लेबाजों ने 24-24 रन का योगदान दिया, जबकि 2 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। 11वें ओवर में आयरलैंड ने 22 रन बटोरे। सूर्याश शेडगे के इस ओवर में बेन कैलिट्ज ने एक चौका और एक छक्का जड़ा, जबकि हैरी टेक्टर ने भी आखिरी दो गेंदों पर एक छक्का लगाया। शेडगे ने एक नो-बॉल भी फेंकी, जिससे आयरलैंड को अतिरिक्त रन मिला। 11 ओवर के बाद आयरलैंड का स्कोर 3 विकेट पर 80 रन हो गया। भारत को तीसरी सफलता प्रिंस यादव ने दिलाई। उन्होंने सातवें ओवर की तीसरी गेंद पर लॉर्कन टकर को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराया।

अतिरिक्त उछाल वाली गेंद पर टकर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बाहरी किनारा दे बैठे। वह 18 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए। यह प्रिंस यादव का टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पहला विकेट भी रहा। आयरलैंड ने पावरप्ले के 6 ओवर में 2 विकेट पर 44 रन बनाए। छठे ओवर में प्रिंस यादव ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 6 रन दिए। इस ओवर में लॉर्कन टकर ने एक चौका लगाया, जबकि एक मौके पर प्रिंस यादव के सीधे थ्रो से टकर रनआउट होने से बाल-बाल बच गए। भारत को दूसरी सफलता अर्शदीप सिंह ने दिलाई। उन्होंने तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर रॉस अडेयर को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। अडायर शॉर्ट खेलने की कोशिश में गेंद को सही तरीके से टाइम नहीं कर सके और एक्स्ट्रा कवर पर आसान कैच दे बैठे। वह 7 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें दो छक्के और एक चौका शामिल रहा। भारत को पहली सफलता हर्षित राणा ने दिलाई।

भारत विमेंस टीम वर्ल्डकप से बाहर ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से हराया

लंदन। भारतीय विमेंस टीम टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गई है। लॉर्ड्स में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हरा दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अर्धशतकीय पारी भी टीम को जीत नहीं दिला सकी। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 170 रन बनाए। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़कर तेज शुरुआत दिलाई। शेफाली 34 और स्मृति 38 रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 27 गेंदों में 56 रन की पारी खेली। उन्होंने 6 चौके और 3 छक्के लगाए। हरमनप्रीत ने जेमिमा रोड्रिग्स (34 रन, रिटायर्ड आउट) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी की।

आखिरी ओवर में उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान सोफी मोलिन्यू पर लगातार तीन छक्के जड़कर भारत का स्कोर 170 रन तक पहुंचाया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। रेणुका सिंह ने पहले ही ओवर में जॉर्जिया वॉल को आउट कर दिया। इसके बाद श्री चरणी ने फीबी लिचफील्ड और दीप्ति शर्मा ने बेथ मूनी का विकेट लेकर भारत को मुकाबले में बनाए रखा। विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तेज शुरुआत की है। लॉर्ड्स में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इस मैदान पर भारतीय महिला टीम पहली बार कोई टी-20 मुकाबला खेल रही है। भारत ने 17 ओवर में 2 विकेट पर 127 रन बनाए हैं। कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स क्रीज पर हैं। शेफाली वर्मा को 34 रन पर सोफी मोलिन्यू ने बोल्ड कर दिया। इसी के साथ शेफाली और स्मृति के बीच अर्धशतकीय साझेदारी टूट गई। स्मृति 38 रन बनाकर रनआउट हुईं। भारतीय टीम को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए हर हाल में ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा। इससे पहले दिन के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश को 4 विकेट से हराकर 5 मैचों में 8 अंक हासिल कर लिए। ऑस्ट्रेलिया भी 8 अंकों के साथ लगभग सेमीफाइनल में पहुंच चुका है और उसका नेट रनरेट +4.724 है। भारत के फिलहाल 4 मैचों में 6 अंक और +2.268 का नेट रनरेट है।

ऐसे में सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए टीम इंडिया के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा है। भारत ने 17 ओवर में 2 विकेट पर 127 रन बना लिए हैं। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने डेथ ओवरों में तेजी दिखाते हुए किम गर्थ के ओवर में चौका जड़ा। हालांकि यह शॉट बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर के पास से थर्ड मैन की दिशा में सीमा रेखा तक पहुंचा। इस ओवर से भारत ने 9 रन बटोरे। 17 ओवर के बाद हरमनप्रीत 18 गेंदों में 29 रन और जेमिमा रोड्रिग्स 21 गेंदों में 23 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

संक्षेप

श्रीकांत अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचे

फुल्र्टन (अमेरिका)। भारत के स्टार खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में जापान के युदाई ओकिमोतो को हराकर अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। विश्व में 38वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने विश्व रैंकिंग में 33वें नंबर के ओकिमोतो पर 72 मिनट में 22-20, 15-21, 21-19 से जीत दर्ज कर इस सत्र के अपने पहले फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगा। युवा शटलर रौनक चौहान का शानदार अभियान दूसरे पुरुष एकल सेमीफाइनल में सु ली यांग से 17-21 19-21 से हार के साथ समाप्त हो गया। महिला एकल में छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग 54 मिनट तक चले सेमीफाइनल में डेनमार्क की दूसरी वरीयता प्राप्त लाइन क्रिस्टोफरसन से 21-15, 11-21, 15-21 से हार गईं।

तलवार फ्रांस में शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब

प्लेन्यूफ (फ्रांस)। भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने ब्लॉट प्लेन्यू टूर्नामेंट के तीसरे दौर में इवन पार 70 का कार्ड खेलने के दौरान तीन बर्डी और तीन बोगी लगाईं जिससे वह शीर्ष 10 में जगह बनाने की दौड़ में बने हुए हैं। वह अब 54 होल में पांच अंडर पर हैं। उन्होंने इससे पहले 68 और 67 के कार्ड खेले। इस सत्र में डीपी विश्व पीजीटीआई टूर रैंकिंग में सबसे आगे चल रहे तलवार अब संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर हैं और अभी एक दौर और बाकी है। डीपी विश्व पीजीटीआई टूर में शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ी को अगले सत्र के लिए डीपी विश्व टूर में जगह मिलती है जबकि होटलप्लानर रैंकिंग के शीर्ष 15 खिलाड़ियों को भी मुख्य टूर में जगह मिलती है। इसका मतलब है कि तलवार के पास आगे बढ़ने के दो जरिए हैं।

भारत व श्रीलंका ए मैच ड्रॉ पर छूटा

गॉल (श्रीलंका)। देवदत्त पडिक्कल ने रविवार को भारत ए की दूसरी पारी में संयमित अर्धशतक जड़ा जिसके बाद श्रीलंका ए के खिलाफ पहला टेस्ट मैच खराब मौसम की वजह से चौथे और अंतिम दिन ड्रॉ पर छूटा। भारत ए ने दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए 48 रन से खेलना शुरू किया और पडिक्कल ने 101 गेंद में पांच चौकों की मदद से 67 रन बनाए। आयुष पांडे (38) और हर्ष दुबे (29) ने भी योगदान दिया जिससे भारत ए ने 57 ओवर में आठ विकेट पर 189 रन बनाकर अपनी दूसरी पारी घोषित की और श्रीलंका ए के सामने जीत के लिए 312 रन का लक्ष्य रखा।

नागल ने दो साल बाद जीता अपना पहला चैलेंजर खिताब

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने रोमानिया के टार्गु मुरेस में खेले गए इंडोर ओपन क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में फ्रांस के कालीफायर फेलिक्स बाल्शॉ को 6-3, 7-5 से हराकर दो साल से ज्यादा समय में अपना पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता। शनिवार को मिली इस जीत के साथ ही चैलेंजर स्तर पर नागल का खिताबी सूखा भी खत्म हो गया।

इससे पहले उन्होंने जून 2024 में जर्मनी में हेलब्रॉन चैलेंजर जीता था। यह इस 28 वर्षीय खिलाड़ी का कुल सातवां एटीपी चैलेंजर एकल खिताब था और क्ले कोर्ट पर यह उनकी पांचवीं ट्रॉफी थी जो इस कोर्ट के प्रति उनके लगाव को दर्शाती है।

नागल खराब दौर के बाद अपनी रैंकिंग को फिर से बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं और इस खिताब से उन्हें 75 एटीपी रैंकिंग अंक हासिल किए। उम्मीद है कि नयी रैंकिंग जारी होने पर वह दुनिया में लगभग 219वें नंबर पर पहुंच जाएंगे।

उन्हें अपनी इस कामयाबी के लिए 15,510 यूरो की पुरस्कार राशि भी मिली। भारतीय खिलाड़ी ने बेसलाइन से शानदार खेल दिखाते हुए पहला सेट अपने नाम किया, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा क्योंकि बाल्शॉ मुकाबले में बने हुए थे।

मेस्सी का एक और विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी

अर्लिंगटन। लियोनेल मेस्सी ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया जबकि जियोवानी लो सेल्सो ने मौजूदा विश्व कप में इस स्टार स्ट्राइकर के अलावा गोल करने वाले अर्जेंटीना के पहले खिलाड़ी बने जिससे मौजूदा चैंपियन ने जॉर्डन को

अर्जेंटीना ने क्लीन स्वीप किया

3-1 से हराकर ग्रुप चरण में तीनों मैच जीतकर क्लीन स्वीप किया। विश्व कप में अपने पहले मैच में खेल रहे लो सेल्सो ने 19वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई।

मेस्सी ने स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में दूसरे हाफ में मैदान पर उतरने के बाद एक गोल दागा। इस तरह से मेस्सी लगातार सात विश्व कप मैचों में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने अपना 19वां गोल करके विश्व कप में सर्वाधिक गोल के अपने रिकॉर्ड को भी आगे बढ़ाया। मेस्सी ने 80वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के ठीक बाहर फाउल होने के बाद फ्री किक पर गोल किया। इस टूर्नामेंट में छह गोल के साथ शीर्ष पर चल रहे मेस्सी अर्जेंटीना के उन नौ खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें शुरुआती लाइनअप में नहीं रखा गया था क्योंकि उसकी टीम ग्रुप जे में पहले ही पहला स्थान सुनिश्चित कर चुकी थी। मेस्सी ने अपने 39वें जन्मदिन के तीन दिन बाद 60वें मिनट में मैदान पर प्रवेश किया और फिर गोल करने में ज्यादा देर नहीं लगाई। उन्होंने सोमवार को इसी स्टेडियम में विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ा था।

अफ्रीका की नौ टीमें विश्व कप के नॉकआउट में

एजेंसी

अटलांटा। कांगो की शनिवार रात को उज्बेकिस्तान पर 3-1 की जीत और अल्जीरिया के ऑस्ट्रिया के साथ मैच 3-3 से ड्रॉ खेलने के बाद अफ्रीका महाद्वीप की रिकॉर्ड नौ टीम विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में जगह बनाने में सफल रही।

अब तक 17 दिन तक चले मुकाबलों के बाद मोरक्को, दक्षिण अफ्रीका, सेनेगल, आइवरी कोस्ट, घाना, केप वर्दे, मिस्र, अल्जीरिया और कांगो ने राउंड 32 के लिए क्वालिफाई किया। अफ्रीका के 10 देशों ने ऐतिहासिक रूप से 2026 विश्व कप के क्वालिफाई किया था। मोरक्को चार साल पहले कतर में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाला पहला अफ्रीकी देश था और अब फिर से आगे तक जाने में सक्षम दिखता है क्योंकि उसने ब्राजील को 1-1 से ड्रॉ पर रोका है। वह 2030 में विश्व कप के अगले चरण का सह-मेजबान भी है।

अब तक केवल छह अफ्रीकी देशों ने नॉकआउट चरण के लिए क्वालिफाई किया था। इस साल के टूर्नामेंट ने अफ्रीकी फुटबॉल की गहराई को दिखाया है जिसमें केप वर्दे और कांगो दोनों ने राउंड 32 में पहुंचकर हैरान किया है। कांगो अब अगले मुकाबले में इंग्लैंड से भिड़ेगी जो एक बड़ी चुनौती है। कांगो के लिए फॉरवर्ड फिस्टन मायेले ने 78वें मिनट में गोल किया। उनका गोल प्लेयर ऑफ द मैच योएन विस्सा के दो गोल (68वें मिनट में और 90) ।

लखनऊ के तेजस ने जीता जिंद में टेनिस खिताब

लखनऊ। हरियाणा के जिंद में स्थित श्री राम लॉन टेनिस अकादमी में ऑल इंडिया रैंकिंग चैंपियनशिप सीरीज टूर्नामेंट आयु वर्ग अंडर 14 और 16 का आयोजित किया गया जिसमें लखनऊ के तेजस सिंह ने आयु वर्ग अंडर 14 का खिताब अपने नाम किया और अंडर 16 में उप विजेता रहे। तेजस पहले राउंड में ध्रुव अहिर से 3-6, 6-2, (10-4) से प्री क्वार्टर में पहुंचे, उन्होंने प्री क्वार्टर में अयान सागर लहोती से 3-6, 6-1, 6-4 से परास्त कर सेमीफाइनल में कृष्णा सिंह से 3-6, 6-1, 6-2 से जीत कर फाइनल में पहुंचे फाइनल में फर्गन भाटिया से 6-2, 6-1 से जीत कर अंडर 14 सिंगल्स का खिताब अपने नाम किया। वहीं अंडर 16 में पहले राउंड में वंश सांगवान से 6-2, 6-2 से प्री क्वार्टर में विवेक चिराग शाह से 6-1, 6-0 से क्वार्टरफाइनल में अभी नूर को 6-1, 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में कृष्णा सिंह से पहला सेट 6-2 से जीत दूसरे सेट में अपोनेंट ने किसी कारण से कन्सीड कर दिया।

उज्बेकिस्तान को हराकर कांगो पहली बार पहुंचा नॉकआउट में

अटलांटा। योआने विस्सा के दो गोल और फिस्टन मायेले के एक गोल की मदद से कांगो ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। कांगो ग्रुप के में कोलंबिया और पुर्तगाल के बाद तीसरे स्थान पर रहा। उसने चार अंक हासिल किए जो अगले दौर में जगह बनाने के लिए पर्याप्त थे। कांगो राउंड ऑफ 32 में अटलांटा में बुधवार को इंग्लैंड का सामना करेगा। दूसरी तरफ उज्बेकिस्तान को अपने तीनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। अफ्रीकी देश कांगो 52 साल के अंतराल के बाद विश्व कप में भाग ले रहा है। उसकी तरफ से विस्सा ने 68वें और इंजरी टाइम के पहले मिनट में गोल किए जबकि मायेले ने 78वें मिनट में गोल दागा। उज्बेकिस्तान ने एल्डोर शोमुरोदोव के पहले हाफ के शुरू में किए गए गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली थी। उसने अगले 58 मिनट तक बढ़त कायम रखी जिससे ऐसा लग रहा था कि कांगो की जीत की उम्मीदें खत्म हो जाएंगी। लेकिन अपने पहले मैच में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल को 1-1 से ड्रॉ पर रोककर विश्व कप के सबसे चौंकाने वाले परिणामों में से एक को अंजाम देने वाली कांगो की टीम ने जोरदार वापसी की। शोमुरोदोव के 10वें मिनट में किए गए गोल से पिछड़ने के बाद कांगो ने 68वें मिनट में बराबरी की जब अब्दुकोदिर खुसानोव ने विस्सा को बॉक्स के अंदर गिरा दिया गया।

विश्व चैंपियनशिप का अपने देश में आयोजित होना ऐतिहासिक : सिंधु

एजेंसी

नयी दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने नयी दिल्ली में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप को भारतीय बैडमिंटन के लिए ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि अपने देश में इस खेल के सबसे बड़े खिताब के लिए मुकाबला करने का मौका इस टूर्नामेंट को और भी खास बना देगा।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने आधिकारिक तौर पर विश्व चैंपियनशिप के लिए 50 दिन की उल्टी गिनती शुरू कर दी है जिसका आयोजन 17 से 23 अगस्त तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होगा। यह प्रतियोगिता 17 साल बाद भारत में वापसी करेगी और राष्ट्रीय राजधानी में पहली बार इसका आयोजन होगा। सिंधु 2019 में बासेल में खिताब जीतकर भारत की एकमात्र विश्व चैंपियन बनी थीं। सिंधु ने कहा, विश्व चैंपियनशिप मेरे करियर के सबसे खास टूर्नामेंट में से एक रही है।

मेरे कुछ सबसे यादगार पल, सबसे मुश्किल सबक और सबसे फक्र करने वाली उपलब्धियां इसी मंच पर मिली हैं। उन्होंने कहा, भारत में अपने ही प्रशंसकों के सामने विश्व चैंपियनशिप में खेलने का मौका इसे और भी विशेष बनाता है। ऐसा मौका कम ही मिलता है जब आप घर पर विश्व खिताब के लिए मुकाबला कर सकें।

मैं उस माहौल का अनुभव करने और उन सभी लोगों के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं जिन्होंने इतने वर्षों मेरा समर्थन किया है। तीस साल की सिंधु ने कहा कि इस टूर्नामेंट की मेजबानी देश में खेल के विकास को दर्शाती है। उन्होंने कहा, भारतीय बैडमिंटन के लिए 17 साल बाद विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करना एक ऐतिहासिक पल है और यह दिखाता है कि हमारे देश में यह खेल कितनी दूर आ गया है। यह हम सभी के लिए गर्व का मौका है और मैं ऐसे टूर्नामेंट का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं।

क्रोएशिया नॉकआउट में पहुंचा, घाना भी आगे बढ़ा

फिलाडेल्फिया। लुका मोड्रिक ने कॉर्नर किक को छह गज वाले बॉक्स के शीर्ष तक पहुंचाया और निकोला वलसिच ने कई खिलाड़ियों की मौजूदगी में ऊंची छलांग लगाकर गेंद को हेडर से गोल में पहुंचा दिया जिससे क्रोएशिया ने घाना को 2-1 से हराकर शान के साथ विश्व कप फुटबॉल के अगले दौर में जगह बनाई। इस तरह से 40 वर्षीय मोड्रिक विश्व कप इतिहास में गोल में मदद करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। क्रोएशिया की तरफ से वलसिच (83वें मिनट) के अलावा पीटर सुसिच (31वें) ने भी गोल दागा था। इस जीत से क्रोएशिया ने छह अंक लेकर ग्रुप एल में इंग्लैंड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया जबकि घाना चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा। घाना इस हार के बावजूद तीसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम होने के कारण नॉकआउट राउंड में जगह बनाने में सफल रहा, जहां उसका सामना कोलंबिया से होगा। क्रोएशिया नॉकआउट राउंड में पुर्तगाल से भिड़ेगा।

गोल्फ : विक्रम सिसोदिया ओवरऑल चैंपियन

खेल संवाददाता

लखनऊ। द पाम्स गोल्फ क्लब एंड रिसॉर्ट में रविवार को आयोजित 'द पाम्स गोल्फ टूर्नामेंट 2026 इन मंथली मेडल राउंड' में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 51 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न श्रेणियों में कड़े मुकाबले देखने को मिले।

प्रतियोगिता का ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव

द पाम्स गोल्फ क्लब के मंथली मेडल राउंड में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

विक्रम सिसोदिया ने हासिल किया। वहीं 0-10 हैंडीकैप वर्ग में कर्नल एन. एस. चौहान विजेता और अभय श्रीवास्तव उपविजेता रहे। 11से18 हैंडीकैप वर्ग में अनुभव श्रीवास्तव ने पहला तथा विष्णुकांत पाण्डेय ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

वेटरन्स वर्ग में हर्ष रस्तोगी ने खिताब अपने नाम किया, जबकि ब्रिगेडियर आर. के. श्रीवास्तव उपविजेता रहे। जूनियर/स्पेशल वर्ग में मास्टर शब्द अग्रवाल विजेता और कुमारी आलिया सिसोदिया उपविजेता रहीं। प्रतियोगिता के दौरान विशेष कौशल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। होल नंबर-3 पर 'नियरेस्ट टू द पिन' का पुरस्कार ऋषि दुग्गल ने 12 फीट की दूरी के साथ जीता, जबकि होल नंबर-1 पर 'लॉन्गेस्ट ड्राइव' का पुरस्कार संजय सिंह को मिला। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ रहे।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति मसूदी, मेजर जनरल मुकेश अग्रवाल (सेवानिवृत्त) सहित क्लब के अनेक वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों की खेल भावना की सराहना की।

अंकित यादव व जय ने नेशनल रोइंग में जीता कांस्य

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के अंकित यादव व जय चौधरी की जोड़ी ने अंडर-23 व प्रथम पैरा नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में अंडर-23 पुरुष कॉक्सलेस पेयर्स (बीएम 2-) स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया। उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा ने इस उपलब्धि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पुणे के आर्मी रोइंग नोड में गत 24 जून से 27 जून, 2026 तक आयोजित इस

पुणे के आर्मी रोइंग नोड में आयोजित चैंपियनशिप में कॉक्सलेस पेयर्स में चमके यूपी के लाल

चैंपियनशिप में यूपी की जोड़ी ने देश भर के खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अंकित और जय ने फाइनल मुकाबले में 08:08.5 का समय निकालते हुए, तीसरा स्थान हासिल किया और कांस्य पदक अपने नाम किया। इस चैंपियनशिप में यूपी टीम के कोच एनआईएस प्रशिक्षक अशोक कुमार रहे हैं। प्रदेश की पदक विजेता जोड़ी में अंकित यादव उत्तर प्रदेश के

देवरिया के रहने वाले हैं जबकि जय चौधरी अलीगढ़ के निवासी हैं। दोनों ही प्रतिभावान खिलाड़ी वर्तमान में गोरखपुर स्थित रामगढ़ताल में अपनी तैयारियों को धार दे रहे हैं और कोच अशोक कुमार की निगरानी में कड़ा प्रशिक्षण ले रहे हैं।

इस स्पर्धा में बेहद कड़े मुकाबले के बाद सर्विसेज के सचिन व हर्ष चौधरी की जोड़ी ने 7:52.9 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि मध्य प्रदेश के हर्ष प्रताप सिंह व देवराज रावत ने 08:01.7 के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। यूपी के अंकित व जय की इस सफलता पर उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक डा. दिनेश शर्मा (सांसद), संरक्षक पवन सिंह चौहान

गोरखपुर के रामगढ़ताल में निखर रहा यूपी के रोअर्स का हुनर, नेशनल में लहराया परचम

(एमएलसी), अध्यक्ष रानी पक्षालिका सिंह (एमएलए), चेयरमैन रेणुका मिश्रा (आईपीएस), चयन समिति के चेयरमैन आदित्य मिश्रा (सेवानिवृत्त आईपीएस) ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

भारत में लागू करेंगे एनीमिया मुक्त अभियान

जे.पी. नड्डा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिषद की 16वीं बैठक में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के क्रियान्वन के लिए दिशानिर्देश जारी करेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में एनीमिया (रक्त की कमी) से निपटने के प्रयासों को गति देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा सोमवार को यहां होने वाली केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिषद (सीसीएचएफडब्ल्यू) की 16वीं बैठक में एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) अभियान के क्रियान्वन के लिए दिशानिर्देश जारी करेंगे। मंत्रालय ने एक बयान में बताया इन दिशा-निर्देशों के तहत मौजूदा रणनीति के ढांचे में विस्तार किया जाएगा।

बयान में बताया गया कि इसमें सातवां लाभार्थी समूह, सातवां उपाय और सातवां संस्थागत तंत्र शामिल किया जाएगा। बयान के मुताबिक, जीवन के प्रारंभिक चरण से ही एनीमिया की समस्या के समाधान के महत्व को देखते हुए, जन्म के समय कम भार (एलबीडब्ल्यू) वाले शिशुओं (0-6 महीने) को सातवें लाभार्थी समूह के रूप में शामिल किया जाएगा। बयान में बताया गया कि आयरन युक्त और विविध आहारों के नियमित सेवन को दैनिक आदत के रूप में सही खान-पान के दृष्टिकोण को सातवें उपाय के रूप में शामिल किया जाएगा जबकि डिजिटल ट्रैकिंग द्वारा समर्थित एक मजबूत निगरानी और मूल्यांकन ढांचा सातवें संस्थागत तंत्र के रूप में कार्य करेगा। बयान के मुताबिक, इस अभियान की एक प्रमुख विशेषता टी3 (जांच, उपचार, चर्चा) से टी4 (जांच, उपचार, चर्चा और निगरानी) दृष्टिकोण में परिवर्तन होगा। संशोधित रणनीति में हीमोग्लोबिन की जांच को और गहन बनाने, राष्ट्रीय एनीमिया प्रबंधन प्रोटोकॉल के अनुसार आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया का उपचार करने, लाभार्थियों की व्यवस्थित निगरानी करके उन्हें रेफरल और फॉलो-अप के लिए भेजने और स्वस्थ आहार संबंधी आदतों को प्रोत्साहित करने के लिए लक्षित परामर्श देने पर जोर दिया जाएगा।

बयान में बताया गया कि गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में गंभीर एनीमिया और उपचार के प्रति अनुत्तरदायी मामलों के प्रबंधन के लिए, फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज (एफसीएम) और आयरन सुक्रोज का उपयोग कर आयरन थेरेपी को एक महत्वपूर्ण नैदानिक उपाय के रूप में शामिल किया जाएगा। इन दिशा-निर्देशों के माध्यम से लाभार्थी समूहों में एनीमिया सेवाओं की निगरानी के लिए एक मजबूत डिजिटल प्रणाली स्थापित की जाएगी। गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन की जांच के रिकॉर्ड जननी पोर्टल के माध्यम से एकत्र किए जाएंगे जबकि बच्चों के रिकॉर्ड आरबीएसके और यू-विन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। सीसीएचएफडब्ल्यू की 16वीं बैठक के दौरान क्रियान्वन दिशा-निर्देशों का विमोचन पोषण और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराएगा तथा एक स्वस्थ एवं एनीमिया मुक्त भारत की दिशा में प्रगति को और तेज करेगा।

रणनीतिक प्रौद्योगिकी में भारत-अमेरिका सहयोग को आगे बढ़ाने में निजी क्षेत्र की भूमिका अहम : नायडू

एजेंसी

वाशिंगटन। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के. नागराज नायडू ने कहा कि रणनीतिक प्रौद्योगिकियों में भारत और अमेरिका में बढ़ते सहयोग के बीच कृत्रिम मेधा (एआई), सेमीकंडक्टर, क्वांटम प्रौद्योगिकी और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को वास्तविक परिणामों में बदलने में निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सिक्योरिंग द फाउंडेशंस ऑफ एआई टुगेदरः यूएस-इंडिया कोऑपरेशन फ्रॉम मिनरल्स टू माइक्रोचिप्स विषय पर आयोजित एक गोलमेज बैठक में नायडू ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हाल की पहलें रणनीतिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहयोग की मजबूत नींव रख रही हैं। नायडू ने कहा, भारत और अमेरिका ने 21वीं सदी के अनुरूप एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी विकसित की है। एआई, क्वांटम प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, उन्नत ऊर्जा और विश्वसनीय आपूर्ति शृंखलाओं से जुड़ी पहलों के माध्यम से हम अब सिद्धांतों से आगे बढ़कर परियोजनाओं के क्रियान्वयन की दिशा में बढ़ रहे हैं। निजी क्षेत्र इन रूपरेखाओं को वास्तविक दुनिया के परिणामों में बदलने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस बैठक का आयोजन सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच ने भारतीय दूतावास और सिल्वरैडो पॉलिसी एक्सीलेटर के सहयोग से किया था। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर केंद्र के रूप में भारत के तेजी से उभरने की रूपरेखा प्रस्तुत की। कृष्णन ने कहा, भारत वैश्विक प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखला में खुद को एक विश्वसनीय और महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थापित कर रहा है। हमारा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से विस्तार कर रहा है।

संक्षेप

जापान तट पर 6.1 तीव्रता का भूकंप

तोक्यो। जापान के उत्तर-पूर्वी हिस्से में रविवार तड़के 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने यह जानकारी दी।

भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है और जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है लेकिन तूफानी मौसम के दौरान लगातार आ रहे भूकंपों ने भूस्खलन की आशंका बढ़ा दी है। इवाते प्रांत के तट के पास रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 25 मिनट पर भूकंप आया। इसका केंद्र करीब 40 किलोमीटर (25 मील) की गहराई में था। भूकंप के झटके आओमोरी प्रांत और आसपास के अन्य क्षेत्रों में भी महसूस किए गए। जापान में भूकंप और सुनामी का खतरा बना रहता है।

जापान में हाल में कई भूकंप आए हैं जिनमें बृहस्पतिवार को आया 7.2 तीव्रता का भूकंप भी शामिल है। यह भूकंप उसी इलाके के पास आया था जहां रविवार को भूकंप महसूस किया गया। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि अभी और भूकंप आ सकते हैं। माउंट फूजी के पास और तोक्यो के पश्चिम में स्थित यामानाशी प्रांत तथा आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को 5.6 तीव्रता का भूकंप आया था।

भारत ने पाकिस्तान के आरोपों को किया खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने रविवार को कराची में एक सैन्य अड्डे पर हुए हमले में नयी दिल्ली का हाथ होने के पाकिस्तान के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि पड़ोसी देश को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए तथा अपनी धरती पर आतंकी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्वाई करनी चाहिए। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने शनिवार रात कराची में सिंध रेंजर्स मुख्यालय पर आतंकी हमले को विफल करते हुए छह आतंकवादियों को मार गिराया और एक घायल हमलावर को जीवित पकड़ लिया। इस हमले में अर्द्धसैनिक बल के चार जवानों की भी मौत हो गई। पाकिस्तान सरकार के कुछ मंत्रियों ने हमले में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने कराची में हालिया घटना के संबंध में भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाने वाली पाकिस्तानी रिपोर्ट देखी हैं। प्रवक्ता ने कहा, हम इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं।

वेनेजुएला में राहत सामग्री समय पर पहुंचना चुनौती

एजेंसी

फ्लोरिडा।(द कन्वरसेशन) वेनेजुएला में 24 जून, 2026 को आए दो शक्तिशाली भूकंपों ने पहले से ही गंभीर मानवीय संकट का सामना कर रहे इस देश में लोगों का जीवन और भी मुश्किल बना दिया है।

इस आपदा से पहले ही लाखों वेनेजुएलावासी पर्याप्त भोजन, दवाइयों, ईंधन और जीवनयापन के लिए जरूरी बुनियादी सेवाएं जुटाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। अब वहां पहले से कहीं अधिक लोगों को तत्काल आश्रय, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छ पेयजल, भोजन और अन्य सहायता की जरूरत है। मैं मानवीय सहायता के क्षेत्र का शोधकर्ता हूं और लातिन अमेरिका में मानवीय राहत कार्यों के प्रबंधन का 10 वर्ष से अधिक का अनुभव रखता हूं। इन दिनों मैं आपदा क्षेत्र में राहत एवं बचाव अभियानों पर एक पाठ्यक्रम पढ़ा रहा हूं। इस पाठ्यक्रम के स्नातकोत्तर छात्र पहले से ही यह समझ रहे थे कि लातिन अमेरिका में भूकंप और अन्य आपदाओं के बाद पुनर्वास की सफलता मजबूत स्थानीय साझेदारों, भरोसेमंद आपूर्ति व्यवस्था और सबसे अधिक प्रभावित लोगों तक समय पर सहायता पहुंचने पर निर्भर करती है।

अब इन भूकंपों के बाद उन्हें यह भी देखने को मिलेगा कि इस तरह की त्रासदी वास्तविक समय में किस तरह सामने आती है। क्या विदेशों में रह रहे वेनेजुएलावासी अपने परिजनों से संपर्क कर पा रहे हैं? अब भी 50,000 से अधिक लोग लापता हैं। ऐसे में शुरुआती जानकारी में मरने वालों और घायलों का जो आंकड़ा दिया गया है, वह बढ़ सकता है।

सम्राट चौधरी रबर स्टांप मुख्यमंत्री हैं : तेजस्वी

एजेंसी

पटना। बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार बढ़ने के आरोपों को लेकर राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा हमला करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को सम्राट चौधरी को रबर-स्टांप मुख्यमंत्री बताया और कहा कि उनमें काबिलियत की कमी है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर सवाल उठाए और कहा कि सरकारी खजाना खाली होने के कारण वेतन और पेंशन में देरी हुई है। यादव ने कहा, राज्य एक नाजुक वित्तीय स्थिति से गुजर रहा है। निधि की कमी के कारण वेतन भुगतान में देरी हुई है और सरकारी योजनाओं व विकास परियोजनाओं पर बुरा असर पड़ा है। राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध का बोलबाला है। कुछ चुनिंदा नौकरशाह सरकार चला रहे हैं। सम्राट चौधरी एक रबर-स्टांप मुख्यमंत्री हैं। सम्राट चौधरी अंगूठा छाप हैं और उनमें काबिलियत की कमी है। वह अपने शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों पर काम कर रहे हैं। रबर-स्टांप मुख्यमंत्री का आशय नाममात्र के मुख्यमंत्री से है जो खुद निर्णय नहीं लेता हो।

उन्होंने दावा किया कि राज्य में पूरी तरह से अराजकता फैली हुई है और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बिहार सरकार को राशि नहीं दे रही है। हाल ही में राज्य सरकार ने पेंशन का भुगतान करने और कुछ योजनाओं के लिए आकस्मिक निधि से 3,660 करोड़ रुपये निकाले। यादव ने कहा कि राज्य सरकार कल्याणकारी उपायों के लिए नियमित बजट प्रावधान करने के बजाय आपातकालीन फंड पर निर्भर है। राज्य के कथित टेंडर घोटाले पर यादव ने कहा, राज्य में करोड़ों रुपये के टेंडर घोटाले ने राजग नेताओं, खासकर भाजपा नेताओं की पोल खोल दी है। इससे पता चलता है कि राज्य में भ्रष्टाचार किस हद तक फैला हुआ है। राज्य सरकार इस घोटाले में शामिल कुछ बड़े लोगों को बचा रही है, यही वजह है कि हाल ही में आरोपपत्र दाखिल करने वाली विशेष सतर्कता इकाई (एसवीयू) ने इस मामले में कुछ अधिकारियों समेत केवल सात लोगों के नाम शामिल किए हैं। यादव ने आरोप लगाया कि इस घोटाले में सिर्फ अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग, के अधिकारियों को निशाना बनाया जा रहा है।

वीबी जी राम जी पर कांग्रेस चिंतित

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर लाए जा रहे विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)

केंद्र ने जबरन पारित किया बिल : जयराम रमेश

अधिनियम (वीबी जी-राम जी अधिनियम) को लेकर कई राज्यों ने चिंताएं जताई हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि नया कानून केवल केंद्रीकरण और राज्यों पर बढ़ते वित्तीय बोझ की गारंटी देगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि हमेशा की तरह प्रतिशोधी और तुच्छ राजनीति से प्रेरित मोदी सरकार ने ग्रामीण विकास संबंधी संसदीय स्थायी समिति, राज्य सरकारों और अन्य संबंधित पक्षों से गहन

परामर्श किए बिना ही मनरेगा को समाप्त करने का विधेयक संसद से जबरन पारित करा दिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अब यह सामने आ रहा है कि मनरेगा के बदले लायी गयी और एक जुलाई से शुरू होने वाली वीबी जी राम जी योजना को लेकर कई राज्यों ने गंभीर चिंताएं जतायी हैं। रमेश ने कहा कि मध्यप्रदेश, बिहार और उत्तराखंड जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित प्रदेशों ने राज्यों पर डाले जाने वाले भारी अतिरिक्त वित्तीय बोझ का विरोध किया है।

उन्होंने कहा कि चार अन्य राज्य सरकारों ने खेती के व्यस्त मौसम के दौरान इस योजना में प्रस्तावित ब्लैकआउट अवधि (जिस दौरान योजना के तहत काम उपलब्ध नहीं होगा) का विरोध किया है। कम से कम पांच राज्यों ने ग्रामीण श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाने की मांग की है। रमेश ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का अपना गृह राज्य मध्य प्रदेश भी मोदी सरकार की इस नयी महत्वाकांक्षी योजना को लेकर चिंता जता रहा है। उन्होंने कहा, मनरेगा ने संविधान से प्राप्त काम के अधिकार की गारंटी दी थी। जबकि वीबी जी-राम जी केवल केंद्रीकरण और राज्यों पर बढ़ते वित्तीय दबाव की गारंटी देगा।

मिठाई विक्रेता को गोली मारने वाले को उम्रकैद

नयी दिल्ली। दिल्ली में कतार में लगे दूसरे लोगों से पहले जलेबी नहीं देने से नाराज होकर मिठाई विक्रेता को गोली मारने के जुर्म में अदालत ने एक व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह घटना 12 वर्ष पहले की है। बंगला साहिब गुरुद्वारे के पास एक मिठाई की दुकान पर, 18 फरवरी 2014 को जब विक्रेता ने क्रम तोड़ने से मना किया, तो आरोपी ने उसे थप्पड़ मारा, अपनी पिस्तौल निकाली और बेहद नजदीक से उसके सिर में गोली मार दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरेन्द्र राणा, नीरज को सजा सुनाने के मामले में दलील सुन रहे थे।

इंटरटेनमेंट...

मिर्जापुर : कालीन भैया, गुड्डू पंडित और बबलू की वापसी

मुंबई। मिर्जापुर सीरीज के 3 कामयाब सीजन के बाद मिर्जापुरः द मूवी का टीजर आज जारी हो चुका है। ये फिल्म 4 सितंबर को थिएटर में कई भाषाओं में रिलीज होने वाली है। एक्सेल मूवीज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किए गए 2 मिनट 22 सेकेंड के टीजर में गुड्डू पंडित (अली

मिर्जापुर : द मूवी का टीजर रिलीज

फजल), कालीन भैया (पंकज त्रिपाठी) और मुन्ना भैया (दिव्येंदु शर्मा) के दमदार डायलॉग दिखाए गए हैं। हालांकि दिव्येंदु शर्मा का रोल फिल्म में कम होने वाला है। टीजर में कुछ गिने चुने नए किरदारों के अलावा, बैकड्रॉप, थीम और सब कुछ पुरानी सीरीज की तरह ही नजर आ रहा है। रवि किशन के किरदार से फिल्म में नयापन आने की उम्मीद है, लेकिन अगर लगभग सभी किरदार पुराने हैं, तो कहानी पर ही दर्शकों की पूरी नजरें टिकी होंगी। फिलहाल टीजर को देखकर कहानी का अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। टीजर की एक खास बात ये भी है कि इसमें मिर्जापुर सीरीज से स्वीटी के किरदार को भी दोबारा जोड़ा गया है,

जिन्हें पहले ही सीजन में मरता हुआ दिखाया गया था। मिर्जापुरः द मूवी 4 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी। फिल्म को अमेजन टॠट स्टूडियोज और रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म को गुरमीत सिंह ने डायरेक्ट किया है और कहानी पुनीत कृष्णा ने लिखी है। कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी को-प्रोड्यूसर हैं। फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु शर्मा के अलावा श्वेता त्रिपाठी, जितेंद्र कुमार, रवि किशन, अभिषेक बनर्जी, रसिका दुग्गल, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता गौर, सुशांत सिंह, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, कुलभूषण खरबंदा, सोनल चौहान, प्रमोद पाठक और अनंग्शा बिस्वास भी नजर आएंगे। 'मिर्जापुर' भारत की सबसे लोकप्रिय क्राइम-एक्शन वेब सीरीज में से एक है। यह सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इसकी कहानी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और मिर्जापुर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। 'मिर्जापुर' का पहला सीजन 16 नवंबर 2018 को रिलीज हुआ था, जिसमें कुल 9 एपिसोड थे। इसके बाद दूसरा सीजन 23 अक्टूबर 2020 को आया, जिसमें 10 एपिसोड शामिल थे। वहीं, तीसरा सीजन 5 जुलाई 2024 को रिलीज किया गया। इस सीजन में भी कुल 10 एपिसोड थे।

सलमान खान निभा सकते हैं कर्ण का किरदार

मुंबई। सलमान खान अब एक बड़े बजट की पीरियड फिल्म में नजर आ सकते हैं। सलमान खान फिल्म में महाभारत के प्रमुख पात्र कर्ण का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म का डायरेक्शन नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा करेंगे, जबकि इसे फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने फिल्म की स्क्रिप्ट सुनी और तुरंत इसके लिए हामी भर दी। इस रोल के लिए सलमान खान अपने लुक में बड़ा बदलाव करेंगे। फिल्म को राकेश ओमप्रकाश मेहरा, एक्सेल एंटरटेनमेंट और सलमान खान का अहम प्रोजेक्ट बताया जा रहा है। हालांकि, फिल्म को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

पहली बार ऑस्कर में भी कास्टिंग के लिए अवॉर्ड

मुंबई। 'मेड इन इंडियाः ए टाइटन स्टोरी' के लिए नसीर के चयन से यह साबित हुआ कि सटीक कास्टिंग कहानी को नई ऊंचाई दे सकती है। किसी फिल्म या वेब सीरीज की सफलता इस बात पर भी निर्भर करती है कि किस किरदार के लिए किस कलाकार को चुना गया। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय सिनेमा में कास्टिंग की सोच पूरी तरह बदल गई है। एक दौर ऐसा भी था, जब कलाकार एक ही तरह के किरदारों में सिमट जाते थे। कभी जगदीश राज खुराना ने 144 फिल्मों में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। लेकिन अब हर किरदार के लिए सबसे उपयुक्त चेहरा तलाशा जाता है।

महीनों की रिसर्च और हजारों ऑडिशन; ऐसे चुने जाते हैं फिल्मों के यादगार किरदार

ए टाइटन स्टोरी' में नसीरुद्दीन शाह का जेआरडी टाटा बनना हो, 'छावा' में अक्षय खन्ना का औरंगजेब, 'स्कैम 1992' में प्रतीक गांधी का हर्षद मेहता या 'सैम बहादुर' में विक्की कौशल इन किरदारों ने साबित किया कि सटीक कास्टिंग कहानी को नई ऊंचाई दे सकती है। आइए, इन्हीं फिल्मों के कास्टिंग डायरेक्टर्स से जानते हैं।

एडवेंचर थ्रिलर फिल्म 'नागबंधम- द सीक्रेट ट्रेजर'

मुंबई। फिल्म 'नागबंधम द सीक्रेट ट्रेजर' अपने माइथो कंटेंट को लेकर चर्चा में हैं। इसमें भगवान शिव को खास तरीके से प्रेजेंट किया गया है। यह 3 जुलाई को रिलीज होगी। 'नागबंधम द सीक्रेट ट्रेजर' एक भव्य एडवेंचर थ्रिलर फिल्म है,

अभिषेक ने फिल्म में सिर्फ खजाने की खोज नहीं, मंदिरों-रहस्यों से भरी दुनिया भी दिखेगी

जो सदियों से छिपे एक रहस्य के इर्द-गिर्द घूमती है।

फिल्म में एक ऐसी जर्नी दिखाई गई है, जिसमें पौराणिक कथाएं, पवित्र मंदिर, भूले-बिसरे योद्धा, ब्रह्मकमल और एक खजाना शामिल है, जो मानवता की किस्मत बदल सकता है। यह फिल्म 5 भाषाओं

तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में बनी है। अभिषेक ने बताया, 'फिल्म की शूटिंग कई जगहों पर की गई, जिनमें हैदराबाद, विशेष रूप से तैयार किए गए स्टूडियो सेट, जंगल, पानी वाले लोकेशन और बड़े आउटडोर क्षेत्र शामिल हैं, जिन्हें कहानी की जरूरत के हिसाब से अलग-अलग दुनिया और समय को

एडवांस बुकिंग में ?1.34 करोड़ की कमाई, नए गाने 'ओ मेरे बलम' में जमकर नाची स्टारकास्ट

दशार्ने के लिए तैयार किया गया। सभी शेड्यूल, एक्शन सीक्वेंस, गानों और अन्य कामों को मिलाकर इस फिल्म को पूरा करने में एक साल से अधिक का समय लगा। 'नागबंधम का मूल आइडिया भारत के प्राचीन इतिहास और रहस्यमयी खजानों के प्रति मेरी गहरी रुचि से आया।

Viraj

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K